www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ जबलपुर शुक्रवार 12 दिसम्बर 2025 ■ वर्ष 31 अंक 171 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00



7

प्रथाओं की ओढ़े चुनरी...



## रत्नकुमारी देवी की जयंती आज

(विशेष आलेख पेज 6 पर)

# सिंगरौली में 3 लाख से ज्यादा पेड़ काटे गए : विक्रांत भूरिया

## बोले- 33 हजार का आंकड़ा गलत, प्रभावित परिवारों से मिले कांग्रेसी

सिंगरौली (स्वतंत्र मत)

सिंगरौली में बड़े स्तर पर हो रही पेड़ कटाई को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया ने दावा किया है कि जिले में पेड़ों की कटाई का आंकड़ा प्रशासन द्वारा बताए गए 33 हजार से कहीं ज्यादा है। उनका कहना है कि वास्तव में तीन लाख से अधिक पेड़ काटे गए हैं और प्रशासन सही आंकड़े छिपा रहा है। भूरिया ने एक वीडियो जारी कर बताया कि जमीन पर निरीक्षण के दौरान कई ऐसे पेड़ मिले जिन पर नंबरिंग ही नहीं की गई थी, जबकि उन्हें भी काटा जा चुका था। उन्होंने कहा कि यदि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होती, तो हर पेड़ को नंबर देने के बाद ही काटने की अनुमति दी जाती। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन असली स्थिति सामने नहीं आने देना चाहता। कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया ने कहा कि सिंगरौली की जनता के साथ गंभीर अन्याय हो रहा है। भूरिया ने दावा किया कि जमीन अधिग्रहण में भी बड़ा भेदभाव हो रहा है–कहीं पर एक एकड़ जमीन का मुआवजा सिर्फ 4 लाख रुपये दिया जा रहा है, जबकि दूसरी जगह उसी जमीन का मुआवजा 16 लाख रुपए तक दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि मुआवजा वितरण में भारी अनियमितता है। उन्होंने सिंगरौली में बढ़ते प्रदूषण पर भी चिंता जताते हुए कहा कि यहां का प्रदूषण स्तर दिल्ली के बाद देश में दूसरा सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण बढ़ता है तो देशभर में चर्चा होती है, जबकि सिंगरौली के लोग पूरे 12 महीने खतरनाक प्रदूषण स्तर के बीच जीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि



आने वाले विधानसभा सत्र में सिंगरौली की समस्या को फिर से मजबूती से उठाया जाएगा। इसके अलावा, इस मुद्दे की जानकारी राहुल गांधी को भी दी जाएगी और राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन को आगे बढ़ाने की रणनीति पर विचार किया जाएगा। गुरुवार को विधायक विक्रांत भूरिया, पूर्व राज्यसभा सांसद मीनाक्षी नटराजन सहित अन्य कांग्रेसी नेता बंधा कोल माइंस के प्रभावित परिवारों से मिले। यह परियोजना एक्सेल माइनिंग कॉरपोरेशन द्वारा चलाई जा रही है, जिसमें बंधा, पचोर, देवरी, तेंदुआ और बड़ी झरिया गांव शामिल हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि ग्रामीणों की शिकायतें, दस्तावेज और पेड़ कटाई से जुड़े वीडियो प्रमाण केंद्र की कमेटी के सामने रखे जाएंगे। इसके बाद पार्टी आगे की रणनीति और आंदोलन की दिशा तय करेगी।

### आदिवासियों की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस



कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि सिंगरौली जिले से जुड़ी समस्याओं और आदिवासी समुदाय के मुद्दों को संसद में मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह जनता की लड़ाई है और कांग्रेस पूरी तरह उनके साथ खड़ी है। नटराजन ने स्पष्ट किया कि जब तक प्रभावित लोगों को न्याय नहीं मिलता, तब तक कांग्रेस आदिवासियों की जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ती रहेगी। यह मुद्दा राज्यसभा के साथ-साथ लोकसभा में भी उठाया जाएगा।



## खाई में ट्रक गिरने से 21 मजदूरों की मौत

### जिंदा बचा मजदूर 2 दिनों तक पैदल चलकर जब आर्मी कैंप पहुंचा तब हादसे की जानकारी मिली

ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के अनजॉ जिले के हयुलियांग इलाके में एक ट्रक 1000 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर और क्लीनर समेत 21 की मौत हो गई। बचाव दल को 18 शव मिल चुके हैं। यह हादसा 8 दिसंबर का है। जानकारी गुरुवार को सामने आई। दरअसल, हादसे में एक व्यक्ति जीवित बचा था, जो दो दिन तक पैदल चलकर किसी तरह आर्मी कैंप पहुंचा। इसके बाद आज सुबह आर्मी के बचाव दल की टीमें मौके पर पहुंचीं। टीम को घटनास्थल पर पहुंचने में 10 से ज्यादा घंटे लगे। हादसे में घायल व्यक्ति खाई से मुश्किल से बाहर निकला और हयुलियांग-चगलगाम रोड पर पहुंचा। दो दिन तक पैदल चलकर दिसंबर की रात चिपरा जीआरईएफ कैंप तक पहुंचा। यहां उसने जवानों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हादसे वाली जगह चगलगाम से लगभग 12 किलोमीटर आगे पहाड़ी और घने जंगल वाला इलाका है। यहां बहुत ही कम आवाजाही होती है। जानकारी के मुताबिक, इनमें से 19 मजदूर असम के तिनसुकिया जिले के गिलापुकरी टी एस्टेट के रहने वाले थे। फिलहाल घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बताया जा रहा कि ये सभी मजदूर सड़क निर्माण कार्य के लिए जा रहे थे, तभी हैलोंग-चकलागम सड़क पर मेटेलियांग के पास ट्रक अनियंत्रित होकर पहाड़ से नीचे गिर गया। हादसे के समय ट्रक में 22 मजदूर सवार थे।

## मुआवजे में ट्रैवल वाउचर भी देगा इंडिगो

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो फ्लाइट कैंसिल से प्रभावित यात्रियों को रिफंड के अलावा मुआवजे में ट्रैवल वाउचर भी देगी। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि 3-5 दिसंबर के बीच फ्लाइट कैंसिल से ज्यादा परेशान हुए पैसेंजर्स को 10000 रुपये का ट्रैवल वाउचर मिलेगा। ट्रैवल वाउचर अगले 12 महीने तक किसी भी इंडिगो फ्लाइट की बुकिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा।

## उपयंत्री रिश्वत लेते पकड़ा गया

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** लोकायुक्त टीम ने रामगोपाल यादव, उपयंत्री, जनपद पंचायत लटेरी, जिला विदिशा को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी ने रिश्वत की रकम अपने गंजबासौदा स्थित घर पर मंगाई थी। यह रकम उसने सीसी सड़क निर्माण के मूल्यांकन के लिए मांगी थी। ट्रैप की कार्रवाई कन्हैया लाल शर्मा, निलंबित पंचायत सचिव ग्राम पंचायत धीरगढ़ और लाखन सिंह लोधी, निवासी धीरगढ़, तहसील लटेरी, जिला विदिशा की शिकायत पर की गई।

## भगवा फहराने पर हत्या करने वाले को फांसी

**बहराइच।** यूपी के बहराइच में सालभर पहले हुई हिंसा में रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या करने वाले सरफराज को फांसी की सजा दी गई है। हत्या में साथ देने पर सरफराज के पिता अब्दुल हमीद, दो भाई- फहीम और तालिब समेत 9 को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इससे पहले कड़ी सुरक्षा में सभी दोषियों को जेल से कोर्ट लाया गया। अदालत ने बारी-बारी से सभी आरोपियों के खिलाफ सजा सुनाई। इस दौरान कोर्ट में गहमागहमी रही।

## गोवा अग्निकांड: लूथरा ब्रदर्स थाईलैंड में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गोवा के बिर्च नाइट क्लब में अग्निकांड के पांचवें दिन, गुरुवार को क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड में हिरासत में ले लिया गया। थाइलैंड पुलिस ने दोनों भाइयों की तस्वीरें भी जारी की हैं, जिनमें उनके हाथों में हथकड़ी लगी है। वे अपने पासपोर्ट पकड़े हुए हैं। इधर, दिल्ली के रोहिणी कोर्ट ने गुरुवार को लूथरा ब्रदर्स की ट्रांजिट अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। सूत्रों के अनुसार, भारतीय अधिकारियों की एक टीम थाईलैंड के लिए रवाना हो चुकी है और 24 घंटे के भीतर लूथरा ब्रदर्स को वापस लेकर आएगी।

# नक्सली दीपक और रोहित ने किया सरेंडर

### लाल आतंक के दंश से मुक्त हुआ बालाघाट

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

बालाघाट में अंतिम हाईकोर नक्सली दीपक ने 11 दिसम्बर को बिरसा क्षेत्र के कोरका में अपने साथी रोहित के साथ आत्मसर्पण कर दिया, इसके साथ ही बालाघाट जिला अधिकारिक तौर पर नक्सल मुक्त हो गया है। एएसपी आदर्शकांत शुक्ला ने बताया कि दीपक पर 29 लाख रूपए और रोहित पर 14 लाख रूपए का इनाम घोषित थे। दोनो ने बिरसा थाना अंतर्गत मझुरदा पंचायत के कोरका सीआरपीएफ कैंप में सरेंडर किया है। ज्ञात हो कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देशवासियों को यह भरोसा दिलाया है कि 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद पूरी



तरह खत्म हो जाएगा। अभी तो डेड लाइन करीब आने में 4 माह शेष बचे हैं, लेकिन अभी से ही नक्सलियों में सरेंडर करने की होड़ मच गई है। माओवादियों की केंद्रीय कमेटी और जोनल कमेटी के सदस्यों के अलावा सीनियर नक्सली, सुरक्षा बलों के समक्ष हथियार डाल रहे हैं। दीपक मोहनपुर पंचायत के गांव पालागोंदी का रहने वाला है। जो सन 1995 के करीब नक्सली संगठन से जुड़ा और मलाजखंड दलम में सक्रिय था और वह डिविजनल कमेटी मेंबर था। जिस पर तीनों राज्य में 29 लाख का ईनाम घोषित था। दीपक ने एक स्टेनगन भी जमा करवाई हैं।

### बालाघाट से थे 3 नक्सली...

बालाघाट जिले के रहने वाले तीन लोग नक्सली दलम में शामिल थे। जिसमें संपत ने अनंत के साथ महाराष्ट्र में सरेंडर किया, संगीता ने छत्तीसगढ़ में सरेंडर किया था और अब दीपक ने बालाघाट के गांव कोरका में ग्रामीण के सहयोग से साथी के साथ सीआरपीएफ को अपने हथियार डाल दिए है। संगीता राशिमेटा की रहने वाली है और संपत भी राशिमेटा के रहने वाले हैं। संगीता नक्सलियों की डॉक्टर थी।

## दिल्ली से बाहर हो संसद का सत्र

### बीजेडी सांसद ने प्रदूषण पर जताई चिंता



**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल के राज्यसभा सांसद मानस रंजन मंगराज ने गुरुवार को सदन में दिल्ली के दम घोंटने वाले प्रदूषण पर तीखा हमला किया और मांग की कि सरकार संसद का शीतकालीन सत्र और आने वाला बजट सत्र दिल्ली के बाहर किसी और जगह पर तब तक आयोजित करे जब तक राजधानी में हवा की क्वालिटी सामान्य नहीं हो जाती। जीरो आवर में यह गंभीर मुद्दा उठाते हुए, ओडिशा के सांसद मंगराज ने दिल्ली के सालाना प्रदूषण संकट को इंसानों की बनाई हुई समस्या बताया। उन्होंने कहा, मैं ओडिशा से आता हूं, एक ऐसा राज्य जो साइक्लोन, बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं से बेमिसाल अनुशासन और तेज़ी से निपटता है। मुझे पता है कि असली संकट कैसा दिखता है। लेकिन जो बात मुझे सच में परेशान करती है, वह है दिल्ली की ज़हरीली हवा। सांसद ने तंज करते हुए कहा कि ओडिशा कुदरती आफतों से निपटने में जो तेजी और अनुशासन दिखाता है, वही दिल्ली के एयर पॉल्यूशन से निपटने में भी दिखाना चाहिए। मानस मंगराज ने साफ शब्दों में अपील की, जब तक एयर क्वालिटी पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाती, पार्लियामेंट सेशन दिल्ली के बाहर कहीं होने चाहिए। उनका यह प्रस्ताव सदन में मौजूद कई सांसदों का ध्यान खींचने में कामयाब रहा।

# इससे तो जमीन में नाक रगड़ना बेहतर

### ममता बनर्जी ने नहीं भरा एसआईआर फॉर्म



**कोलकाता।** बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर बंगाल की राजनीति अपने चरम पर है। इसी बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को बड़ा बयान देते हुए खुलासा किया कि उन्होंने अब तक एसआईआर फॉर्म नहीं भरा है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी नागरिकता साबित करने की जरूरत नहीं है और ऐसा करना अपमानजनक है। ममता बनर्जी ने कहा, मैंने अभी तक फॉर्म फिलअप नहीं किया है। क्यों करूं? मैं तीन बार की केंद्रीय मंत्री रही हूं, सात बार सांसद रही हूं और आपके आशीर्वाद से तीन बार मुख्यमंत्री बनी हूं। अब मुझे प्रमाणित करना होगा कि मैं नागरिक हूं या नहीं। इससे तो जमीन पर नाक रगड़ना बेहतर है। इससे पहले नादिया जिले के कृष्णनगर में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने तीखे शब्दों में आरोप लगाया कि भाजपा और केंद्र सरकार बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी करने की कोशिश कर रही है।

# 'ई-सिगरेट' पर सुलगी संसद!

## अनुराग ठाकुर बोले- टीएमसी सांसद सदन में ई-सिगरेट पी रहे

नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र के नौवें दिन लोकसभा सदन में ई-सिगरेट पीने का विवाद चर्चा में रहा। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने स्पीकर ओम बिरला को शिकायत करते हुए कहा- टीएमसी सांसद सदन में ई-सिगरेट पी रहे हैं। इस पर स्पीकर ने कहा कि एक्शन लिया जाएगा। इसके बाद संसद परिसर में मीडिया से बातचीत में टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा- केंद्रीय मंत्री की बात छोड़िए, हम सदन परिसर में ई-सिगरेट पी सकते हैं। बिल्डिंग के अंदर सिगरेट नहीं पी सकते, लेकिन बाहर पी सकते हैं। इधर विपक्ष के सवाल पर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी पेंट की जेब हाथ डाले हुए ही जबाव दे रहे थे। इस पर स्पीकर बिरला ने उन्हें टोका और कहा कि माननीय सांसद जेब से हाथ निकालकर जबाव दें। इस पर हरदीप सिंह पुरी ने तत्काल हाथ बाहर निकाले।




### रमेश ने रक्षा मंत्री को किताब दी

इधर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सुबह लोकसभा पहुंचे। जैसे ही वे कार उतरे तो कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने उनसे मुलाकात की। रमेश ने सरदार पटेल की इनसाइड स्टोरी: मणिबेन पटेल की डायरी नाम की किताब सौंपी। कहा- ये गुजराती में है, इसे पढ़िएगा। राजनाथ ने मुस्कुराते हुए कहा, अंग्रेजी में दीजिए। मैं गुजराती नहीं जानता हूं। इतना कहकर राजनाथ सिंह आगे बढ़ गए।

### राहुल का शाह को डिबेट का चैलेंज

इससे पहले गुरुवार को चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गृहमंत्री अमित शाह को डिबेट के लिए चैलेंज कर दिया था। दरअसल इससे पहले शाह ने कहा था कि चुनाव सुधार पर चर्चा से बीजेपी के लोग भागते नहीं है। लोकसभा में दोनों के बीच इस पर तीखी बहस भी हुई। शाह ने राहुल गांधी के लोकसभा में पूछे 3 सवालों का जवाब भी दिया। इस दौरान सदन में 7 से ज्यादा बार हंगामा हुआ। आखिर में कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट कर दिया था।

# 6 राज्यों में एसआईआर की तारीख बढ़ी

## पश्चिम बंगाल के लिए कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने देश के 6 राज्यों में एसआईआर की समय सीमा बढ़ा दी है। लेकिन पश्चिम बंगाल में कोई बदलाव नहीं किया गया है। चुनाव आयोग ने विशेष सघन पुनरीक्षण के जरिए मतदाता सूची को शुद्धतम बनाने के लिए 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। आयोग ने कहा है कि मसौदा सूची जारी होने से पहले प्रत्येक बूथों पर पाए गए मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित व डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची राजनीतिक दलों से जुड़े बूथ लेवल एजेंटों के साथ साझा करें। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि बिहार में जिस तरह से ऐसे मतदाताओं की सूची को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर अपलोड़ की गई थी, उसी तरह से सभी राज्य इसे उपलब्ध कराएं। इससे मतदाताओं की सूची में सुधार करने में मदद मिलेगी और मतदान




| राज्य | एन्यूमरेशन फॉर्म भरने की आखिरी तारीख | ड्राफ्ट रोल पब्लिश होने की तारीख |
|---|---|---|
| तमिलनाडु | 14/12/2025 | 19/12/2025 |
| गुजरात | 14/12/2025 | 19/12/2025 |
| मध्य प्रदेश | 18/12/2025 | 23/12/2025 |
| छत्तीसगढ़ | 18/12/2025 | 23/12/2025 |
| अंडमान निकोबार | 18/12/2025 | 23/12/2025 |
| उत्तर प्रदेश | 26/12/2025 | 31/12/2025 |

प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। इससे पहले चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश की ओर एसआईआर के दौरान गणना फार्म जमा करने की अवधि को बढ़ाने की मांग पर गंभीरता दिखाई और संकेत दिया कि इसे एक हफ्ते के लिए बढ़ाया जा सकता है। आयोग गुरुवार को एसआईआर की अवधि बढ़ा दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संशोधित तिथियों के अनुसार, 26 दिसम्बर 2025 तक गणना अवधि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन अब 31 दिसंबर 2025 को होगा. दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 31 दिसंबर 2025 से 30 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। 31 दिसंबर 2025 से 21 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 28 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

### कहां-कितनी बढ़ी डेट

तमिलनाडु और गुजरात में एसआईआर फॉर्म जमा कराने की समय सीमा 14 दिसंबर 2025 थी, जिसे आयोग ने बढ़कर इन दोनों राज्यों में अब 19 दिसंबर 2025 तक कर दिया है। इसका मतलब है कि इन राज्यों के हितधारकों को आवश्यक डॉक्यूमेंट तैयार करने और जमा कराने के लिए पांच दिन का अतिरिक्त समय मिल गया है। आयोग ने मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं अंडमान और निकोबार के लिए अंतिम तिथि 18 दिसंबर 2025 से बढ़ाकर 23 दिसंबर 2025 कर दी है। वहीं, उत्तर प्रदेश में एसआईआर की अंतिम तिथि 26 से बढ़कर 31 दिसंबर 2025 कर दी गई है।

### एक बूथ पर सिर्फ 1200 मतदाता

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के सीईओ को निर्देश दिया है कि वह हाई राइज भवनों व सोसाइटियों में रहने वाले मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए नए मतदान केंद्र को सृजित करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि किसी भी मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता न होने पाए। आयोग ने पश्चिम बंगाल के सीईओ से 31 दिसंबर तक ऐसे मतदान केंद्रों की सूची मुहैया कराने को कहा है।

# नगर परिषद् का नाम और अतिक्रमणकारी की राजनीति

## क्या संवैधानिक सत्ता द्वारा निजी लाभ लेना यही है इनकी नीति

जयसिंहनगर (स्वतंत्रमत)

संवैधानिक सत्ता का उपयोग जहाँ एक ओर जाति-भेद रहित सर्वजन हित की राजनीति के लिए होना चाहिए, वहीं नगर परिषद जयसिंहनगर के वर्तमान अध्यक्ष सुपुत्र द्वारा इस परिभाषा को नगरीय धरा पर परिवर्तित कर स्व-हित में लागू करने का विषय इन दिनों चर्चा दृष्टि केंद्र बनकर नागरिकों के हृदय में मौन आक्रोश का रूप धारण करता हुआ देखा जा सकता है। अतिक्रमणकारी द्वारा शासकीय संसाधनों का अतिक्रमण राजनीति प्रयोग से किए जाने का यह खेल कोई हवा में उड़ता तीर नहीं अपितु नगर की धरा पर प्रामाणिक स्वरूप लेता हुआ गम्भीर प्रकरण बन प्रशासनिक अमले को चुनौती देने वाला विषय हो गया है।






**जनप्रतिनिधि ने दो संक्षिप्त बिंदुओं में प्रमाणित भ्रष्टाचार पर कार्यवाही की उठाई आवाज** -एक ओर जहाँ नगर परिषद जयसिंहनगर में प्रेजेंट प्रेसिडेंट से लोग आस लगाए बैठे हों और उन्हें केवल निराश किया जा रहा हो ऐसी स्थिति में समाजसेवी जनप्रतिनिधि ने लोगों की आवाज बनकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी(सीएमओ) को दो सूत्रीय पत्र सौंपकर स्व-हित में परिषद् संसाधन प्रयोग करने पर कार्यवाही किये जाने की मांग रखी है, जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष के परिजनों द्वारा नगरीय संसाधनों का निजी उपयोगिता हेतु उपयोग किया जाना एवं सांकेतिक तौर पर राजनैतिक शक्ति का दुरूपयोग किए जाने के आरोप पत्र में मेंशन किया गया है।

सिंहासन का मोह अध्यक्ष व सुपुत्र के लिए दो कुर्सी, संवैधानिक मर्यादा का हनन

ज्ञातव्य हो कि वर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष के करीबी सगे परिजन ने वार्ड क्रमांक 04 रीवा रोड पर मकान बनाया हुआ है व उसी के ऊपर निर्माणाधीन द्वितीय मंजिला मकान भी है जिसमें नगर परिषद के ही टैंकर से सिंचाई कर खुलेआम संवैधानिक अधिकारों का हनन किए व कराए जाने का प्रकरण प्रामाणिक तौर पर विवादित विषय हो गया है, बता दें कि उक्त निर्मित मकान की भूमि ही विवादित है व कूटरचित दस्तावेजों द्वारा रूपयों के दम पर काबिज किए जाने का भी आरोप इन पर आसपास के लोगों के मध्य जनचर्चित हुए जाने की भी बात सामने आई है, प्राप्त सूत्रों के अनुसार जिसमें उक्त भूमि को आदिवासी की भूमि बताई जा रही है व कोई वारिस ना होने के कारण वर्तमान अध्यक्ष परिजन ने छलपूर्वक अपना भू-स्वामित्व कर कब्जा कर पूँजीपति होने का लाभ उठाते हुए मकान निर्मित कर लिया व अब द्वितीय मंजिला निर्माणाधीन मकान के लिए अध्यक्ष होने का लाभ उठाकर नगरीय संसाधन का प्रयोग किया जा रहा है, जो कि निश्चित ही गम्भीर प्रकरण होकर जाँच का विषय है। इसी के साथ ही जहाँ संविधान की मर्यादा अनुसार प्रशासनिक या संवैधानिक कार्यालयों में मुख्य कुर्सी पर जहाँ चयनित पदाधिकारी का ही विराजित होना एक विशिष्ट मुद्दा है वहीं नगर परिषद जयसिंहनगर में अध्यक्ष के बगल से ही अध्यक्ष सुपुत्र के लिए कुर्सी का होना, निश्चित ही पद की दुरूपयोगिता कर रौब दिखाने का मुख्य बिंदु बना हुआ है लेकिन नगर परिषद अधिकारी का इस विषय पर कोई संज्ञान ना लिया जाना इस पूरे प्रकरण में स्वयं इन्हें ही संदिग्ध भूमिका में ला खड़ा करने वाला मामला है।

## रनगांव में माइनर की खराब निकासी से किसान की फसल नष्ट, कलेक्टर से क्षतिपूर्ति की मांग



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** बिलगड़ाङ्कबिलगांव मध्यम परियोजना के तहत ग्राम रनगांव में निर्मित माइनर की पानी निकासी व्यवस्था बाधित होने से स्थानीय किसान राम सिंह मार्को की धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। किसान ने इस संबंध में कलेक्टर डिंडौरी को आवेदन प्रस्तुत कर क्षतिपूर्ति एवं माइनर में पाइप लाइन लगाने की मांग की है। आवेदक राम सिंह मार्को, निवासी रनगांव (पटवारी हल्का क्रमांक 43, तहसील शहपुरा) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, खसरा नंबर 445 रकबा 0.3400 हे. भूमि उसके और परिजनों-पुरुषोत्तम, एतो बाई, रिंकू सिंह और गीता-के नाम दर्ज है। इसी भूमि से होकर माइनर निर्मित किया गया है, जिसके कारण शेष भूमि पर ही किसान खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। किसान के खेत में स्थित कूप से पूरे मोहल्ले को पेयजल भी उपलब्ध होता है। किसान ने बताया कि उसने किसान क्रेडिट कार्ड से 20 हजार रुपए ऋण लेकर बीज खरीदा तथा खाद उधार लेकर धान का रोपण कराया था। लेकिन लगातार बारिश और माइनर में पानी निकासी न होने से खेत में भारी मात्रा में मलवा भर गया, जिससे धान का रोपण पूरी तरह नष्ट हो गया। किसान के अनुसार 16 जुलाई 2025 को हुई तेज वर्षा में माइनर का हिस्सा टूट गया, जिससे मिट्टी बहने लगी, उसके भाई के घर में पानी घुस गया तथा कूप में भी मलवा जमा होने से पेयजल स्रोत दूषित हो गया। इससे पूरे मोहल्ले में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। आवेदक ने कलेक्टर से मांग की है कि उसे हुई लगभग एक लाख रुपये की क्षति की भरपाई की जाए और भविष्य में ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए माइनर में तत्काल पानी निकासी हेतु पाइप डालने की कार्रवाई की जाए।

## गंभीर वित्तीय अनियमितताओं में फंसे ब्लॉक प्रबंधक टी.के. दास, संविदा सेवा से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत अजीविका दीदी कैफे संचालन में वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आजीविका मिशन विकासखंड डिंडौरी के ब्लॉक प्रबंधक श्री टी.के. दास की संविदा सेवा को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। यह कार्रवाई जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायत एवं विस्तृत जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। जन सुनवाई दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को कलेक्टर कार्यालय में प्राप्त शिकायत में बताया गया कि शाहपुर स्थित बहुरानी स्वयं सहायता समूह को कैफे संचालन हेतु 15 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। किंतु समूह की केशबुक



जांच में 53,49,752 रुपये के व्यय का खुलासा हुआ, जो स्वीकृत राशि से कई गुना अधिक है और वित्तीय प्रावधानों के विरुद्ध है। अतिरिक्त राशि ग्राम संगठन से ऋण रूप में लेकर खर्च की गई, जिसकी सूचना एवं नियंत्रण नोडल अधिकारी श्री दास की जिम्मेदारी के अंतर्गत आता था। जिला पंचायत द्वारा 31 अक्टूबर, 10 नवंबर एवं 27 नवंबर 2025 को दास को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब तलब किया गया। समुचित अवसर दिए जाने के बावजूद उनके उत्तर असंतोषजनक पाए गए। इसके पश्चात तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया गया, जिसमें दास न तो पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत कर सके और न ही जांच में सहयोग किया। जांच अवधि में उनके व्यवहार एवं दस्तावेजों की प्रशासनिक रिकॉर्ड में यह भी दर्ज है कि श्री दास को पूर्व में भी 5 बार कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन उनके द्वारा न तो संतोषजनक उत्तर दिए गए और न ही कार्यप्रणाली में सुधार किया गया। जांच दल की रिपोर्ट में उनके विरुद्ध घोर लापरवाही, उदासीनता, स्वेच्छाचारिता तथा संविदा शर्तों का उल्लंघन सिद्ध हुआ। इन तथ्यों के आधार पर जिला प्रशासन ने मध्यप्रदेश शासन की संविदा सेवा मार्गदर्शिकाङ्क2023 तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की संविदा नीतिङ्क2020 के प्रावधानों के अंतर्गत श्री त्रिभुवेन्द्र कुमार दास, विकासखंड समन्वयक, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन डिंडौरी की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है।

## हाई स्कूल कोल्हुवा में मानवाधिकार दिवस मनाया

रसमोहनी (स्वतंत्रमत)

राष्टीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो ब्लाक बुढार में ब्लॉक अध्यक्ष सी एल गुप्ता के अध्यक्षता में मध्यप्रदेश राज्य उपाध्यक्ष कमलेश मिश्रा के गरिमामयी उपस्थित में हाई स्कूल कोल्हूवा मे 10दिसंबर को अंतर्राष्टीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया ,इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि राज्य उपाध्यक्ष कमलेश मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया मिश्रा द्वारा सन 1993में अंतर्राष्टीय मानवाधिकार स्थापना होने के कारण पर विस्तृत रूप से चर्चा किए साथ ही शाला में उपस्थित बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे



में बताते हुए कहा गया कि तुम पढ़ो और पढ कर बढ़ो सब क्योंकि बिन पढ़े अब गुजारा नहीं है इसके साथ ही मानवाधिकार के बारे में बताते हुए सदा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हुए अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए अपने उद्बोधन में मिश्रा द्वारा कहा गया कि अन्याय सहकर बैठे रहना यह बड़ा दुष्कर्म है, न्यायार्थ हित में बंधु को भी दंड देना धर्म है। साथ ही अपने वक्तव्य में कहा गया कि मानव अधिकार हर इंसान का जन्म से मिला सम्मान है। ना कोई छोटा बड़ा ना कोई ऊंच नीच सभी एक समान है। अधिकारों की रक्षा ही समाज की सबसे बड़ी पहचान है। इन्हें निभाना ही हमारा कर्तव्य और सच्चा सम्मान है। इस तरह से मानवाधिकार के बारे में मिश्रा द्वारा विस्तृत चर्चा की गई ,साथ ही शाला के सुचारू रूप से व्यवस्था को देखते हुए अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए वहा के प्राचार्य वा समस्त स्टॉफ को साधुवाद दिए। मिश्रा द्वारा शाला तक पहुंच मार्ग नहीं होने पर बच्चों को वा वहां के स्टॉफ को शाला तक पहुंचने में होने वाली परेशानी पर चिंता व्यक्त किए । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम का आभार हाई स्कूल प्राचार्य प्रजापति जी द्वारा किया गया कार्यक्रम में शाला के सम्मानित शिक्षक गण दीपेश बरगाही, आशुतोष त्रिपाठी, शिखा तिवारी, अनिल दत्त चक्रवर्ती एवं शाला के अधिकांश छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता का दिया संदेश

### तकनीक, न्याय और मानव गरिमा पर विशेषज्ञों ने रखा दृष्टिकोण

शहडोल (स्वतंत्रमत)

पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन विधि एवं सामाजिक न्याय विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेंद्र परस्ते उपस्थित रहे। कार्यक्रम में परिसर प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) गीता सराफ, राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. चेतना सिंह, तथा विभिन्न विभागों के प्राध्यापकगण एवं



बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ शामिल हुए। कुलगुरु प्रो. राम शंकर ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में मानवाधिकारों की उत्पत्ति से लेकर आज की तकनीकी दुनिया में उनकी स्थिति तक का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि आधुनिक तकनीक, विशेषकर और एल्गोरिद्म, किस प्रकार व्यक्ति की निजता एवं आत्मनिर्णय के अधिकार को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अधिकारों के साथ अपने दायित्वों के प्रति भी सजग और जागरूक रहें। मुख्य वक्ता देवेंद्र परस्ते ने अपने अनुभवों और विभिन्न दृष्टांतों के माध्यम से मानवाधिकारों के महत्व को स्पष्ट किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित वर्ष 2025 की थीम च्मानवाधिकार हमारी रोजमर्रा की अनिवार्यताएँज्ञ की जानकारी देते हुए बताया कि समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह शोषित-वंचित वर्ग को न्याय दिलाने में सहयोग करे और विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से न्याय की पहुँच सभी तक सुनिश्चित करे। परिसर प्रभारी प्रो (डॉ.) गीता सराफ ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय संविधान ने मानवाधिकारों को सर्वोच्च स्थान देकर भारत की समृद्ध एवं संवेदनशील परंपरा को संरक्षित किया है। एल.एल.एम. के विजिटिंग फैकल्टी अम्बिकेश नामदेव ने कहा कि मानवाधिकार तभी सुरक्षित हैं जब समाज जागरूक, न्यायपालिका सतर्क और नागरिक संवेदनशील रहें। उन्होंने न्याय, समानता और मानव गरिमा के सम्मान को सशक्त भारत की नींव बताया। कार्यक्रम में प्रो. मनीषा तिवारी, प्रो. नीलिमा खरे, प्रो. गंगाधर ढोके, डॉ. रजनी गौतम, डॉ. प्रज्ञा यादव, डॉ. बृजेन्द्र पांडेय, डॉ. पूर्णिमा शर्मा, डॉ. संजलि गुप्ता, प्रिंसी सिन्हा, डॉ. चंद्रकांत त्रिपाठी, डॉ. नितिन गर्ग सहित अनेक प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## जल संचय अभियान के तहत बोरी बंधान कर दिया जल संरक्षण का संदेश

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित जल संचय अभियान के अंतर्गत आज विकासखंड शहपुरा, जिला डिंडौरी के सेक्टर क्रमांक-5, ग्राम पंचायत राखी माल में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा बादीचूआ नाला में 35 बोरियों का बोरी बंधान किया गया। इस सामूहिक जल संरक्षण कार्य में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जल बचाने का मजबूत संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान एवं



विकासखंड समन्वयक डॉ. निलेश्वरी वैश्य की उपस्थिति रही। प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सुरेश सिंह, सचिव कमलेश धुर्वे, परामर्शदाता कमल साहू, एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्लयू के छात्र-छात्राओं सहित ग्राम की मातृशक्तियाँ एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने श्रमदान कर नाले में बोरी बंधान का कार्य पूर्ण किया। इस पहल से क्षेत्र के भूजल स्तर में वृद्धि, रबी फसलों की सिंचाई में सहूलियत तथा जंगल में रहने वाले पशु-पक्षियों के लिए जल उपलब्धता बढ़ने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने इसे प्रकृति संरक्षण के लिए अत्यंत उपयोगी कदम बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण की शपथ ली और जल बचाने के लिए सामूहिक प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया।

## एसडीएम बजाग ने पीएम केएसवाय परियोजना का निरीक्षण कर किसानों से की खेत तालाब के लाभों पर चर्चा



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन ने आज पीएम केएसवाय 2.0 के अंतर्गत परियोजना क्रमांक-03, जनपद पंचायत बजाग के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों का दौरा कर खेत तालाब संरचनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर खेत तालाब के महत्व और इसके उपयोग से होने वाले लाभों पर विस्तृत चर्चा की। निरीक्षण के दौरान देवांगन ने कहा कि खेत तालाब किसानों के लिए समृद्धि का आधार हैं, क्योंकि इससे वर्षा जल का संरक्षण होता है और फसल सिंचाई में स्थायी सुविधा मिलती है। उन्होंने किसानों को तालाब में संग्रहित जल का वैज्ञानिक तरीके से उपयोग करने, माइक्रो सिंचाई तकनीकों को अपनाने तथा फसल विविधीकरण पर भी सुझाव दिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने निम्न हितग्राहियों के खेत तालाबों का निरीक्षण किया- गीता बाई पति भरत सिंह, ग्राम गिरवरपुर गुलाब सिंह पिता मान सिंह, ग्राम बसनिया जानकी बाई पति कुंदे सिंह, ग्राम बोंदर तिहर सिंह पिता कुंवर सिंह, ग्राम शिवरी एसडीएम ने कहा कि खेत तालाब जैसी संरचनाएँ प्राकृतिक जल संरक्षण को बढ़ावा देती हैं और किसानों को वर्षभर सिंचाई के साधन उपलब्ध कराती हैं। उन्होंने किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने तथा समय-समय पर कृषि विभाग द्वारा दी जा रही तकनीकी सलाह का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

## शिविर का किया गया आयोजनः 101 नेत्र पीड़ितों का कुशल नेत्र विशेषज्ञों ने लैंस प्रत्यारोपण विधि से किया ऑपरेशन

बुढार (स्वतंत्रमत)

अग्रवाल सेवा समिति बुढार एवं राष्टीय दृष्टि नियंत्रण भारत शाखा बुढार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर में 101 नेत्र पीड़ितों के मोतियाबिंद ऑपरेशन प्रत्यारोपण विधि से जिले के कुशल नेत्र विशेषज्ञों ने कर पीड़ितों को नव ज्योति प्रदान की। अग्रवाल सेवा समिति ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 145 नेत्र पीड़ितों की जांच कुशल नेत्र विशेषज्ञों ने की जिसमें ऑपरेशन योग्य 117 लोग पाये गये और 10 दिसंबर को जिले के जाने-माने नेत्र विशेषज्ञ डॉ बी.एस. वारिया तथा डॉ आरती ताम्रकार ने 101 लोगों का नेत्र ऑपरेशन जिला स्वास्थ्य केंद्र में किया इसके उपरांत गुरुवार को नेत्र शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। विशाल नेत्र शिविर का समापन समारोह नगर परिषद अध्यक्ष



शालिनी सरावगी के मुख्यातिथ में तथा शिविर अध्यक्ष राजेश चमड़िया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने वाले नेत्र पीड़ितों को अग्रवाल समाज बुढार द्वारा भोजन एवं ठहरने की समुचित व्यवस्था निःशुल्क करायी गई वहीं ऑपरेशन कराने वालों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक दवाइयां व चश्मा प्रदान किया गया और समापन अवसर पर अग्रवाल समाज बुढार द्वारा 101 ऑपरेशन कराने वालों को उपहार स्वरूप कम्बल प्रदान किया गया। नेत्र शिविर समापन समारोह को संबोधित करते हुये मुख्यातिथ नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी सरावगी ने कहा कि अग्रवाल सेवा समिति ने नेत्र पीड़ितों की मदद में अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर पीड़ित मानवता की सेवा में हाथ बढ़ाया है जो अतिप्रशंसनीय है। शिविर समापन समारोह के अध्यक्ष एवं युवा समाजसेवी राजेश चमड़िया ने कहा कि पीड़ितों को चिकित्सीय सुविधा अर्जित कराये जानें अग्रवाल सेवा समिति बुढार एक लंबे समय से शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से करता आ रहा है और समाज के सभी सम्माननीय जन बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाते आ रहे है। समाजसेवी राजेश चमड़िया ने कहा कि पीड़ित की सेवा ही, सच्ची सेवा है इसी पुनीत भावना से विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिससे नेत्र पीड़ितों को चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर नवज्योति अर्जित करायी जिससे उनके चेहरों में मुस्कान आ सकी। शिविर के आयोजन एवं समापन अवसर पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शैली जैन, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रोशन तोंदी, महिला अध्यक्ष ललिता सिंघानिया, सीमां तोंदी, कन्ता सराफ, समाज सेवी सुरेंद्र गर्ग, मनीष चमड़िया ओम सिंघानिया, दीपक सरावगी, सुरेंद्र बगड़िया, विकास सिंघानिया, नरेश खेमका, विकास अग्रवाल, नरेंद्र सरावगी, आरती सिंघानिया, रुचि खेमका, आनंद खेड़िया तथा नेत्र विशेषज्ञ आर.के. त्रिवेदी एवं स्वास्थ्य अमले की उपस्थिति उल्लेखनी रही और शिविर में अपनी भरपूर सहभागिता निभाई।

# लालच की बीमारी फंसे जनपद कर्मचारी

## जनपद पंचायत में लाखों का वेतन घोटाला उजागर, जल्द हो सकती है एफआईआर




जबलपुर (स्वतंत्रमत)

जनपद पंचायत जबलपुर स्थापना शाखा में पदस्थ एक महिला लिपिक ने कुछ अन्य कर्मचारियों को मिलाकर लाखों के वेतन फर्जीवाड़े को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि जनपद पंचायत में पदस्थ महिला लिपिक ने सन् 2006 से शासन के आदेशों को दरकिनार कर नियम विरुद्ध तरीके से अपना और कुछ अन्य कर्मचारियों का समयमान वेतनमान बढ़ा लिया और उसका लाभ लेती रही। अब मामला उजागर होने के बाद विभाग में हड़कंप की स्थिति निर्मित है। अधिकारियों के संज्ञान में मामला आने के बाद महिला लिपिक साधना अवस्थी सहित अन्य पर 50 लाख रूपये से अधिक की रिकवरी के आदेश भी जारी किए गए हैं। वहीं जानकारी यह भी है कि वेतन घोटाले की जानकारी भोपाल तक जाने के बाद अब घोटाला करने वालों पर एफआईआर भी दर्ज की जा सकती है।

### क्या है मामला

जानकारी अनुसार जनपद पंचायत जबलपुर में पदस्थ स्थापना शाखा की लिपिक साधना अवस्थी ने अपने साथ ही मनोरमा श्रीवास्तव, राजकुमार, ऑपरेटर मनीराम एवं अन्य का समयमान वेतनमान की फाइल बनाकर प्रोसेस कर दी। जबकि शासन के नियमानुसार जनपद पंचायत कर्मियों को समयमान वेतनमान का लाभ नहीं दिया जाता। इसके बावजूद फर्जी तरीके से साधना अवस्थी ने अपने दबदबे और अधिकारियों से पहचान के चलते इतने बड़े वेतन घोटाले को अंजाम दे दिया। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि मामला उजागर होने के बाद इसकी बारीकी से जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी। जानकारी अनुसार अब साधना अवस्थी से 16 लाख राजकुमार से 15 लाख और मनोरमा श्रीवास्तव से 8 लाख रुपये की रिकवरी के आदेश जारी किए गए हैं। बताया जा रहा है कि जांच के बाद इस वेतन घोटाले में शामिल और अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

### मामला दबाने बनाया जा रहा राजनीतिक दबाव

वहीं सूत्रों की माने तो लाखों रूपये का वेतन घोटाला उजागर होने के बाद जहां विभाग एवं आला अधिकारियों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। वहीं अब कार्यवाही से बचने के लिए वेतन घोटाले को आंजम देने वाले कर्मचारी राजनीतिक संबंधों का फायदा उठाकर अधिकारियों पर दबाव बनाने का भी प्रयास कर रहे हैं। चर्चा यह भी है कि वेतन घोटाला कर शासन को लाखों का चूना लगाने वाले अब कार्यवाही रोकने के लिए एक मंत्री की शरण ले रहे हैं, जिससे अधिकारियों पर दबाव बनाया जा सके।

**अब तक क्यों नहीं हुई एफआईआर–** हैरानी की बात यह है कि इतना बड़ा वेतन घोटाला उजागर होने के बाद भी दोषियों पर सिर्फ रिकवरी की कार्यवाही की बात अधिकारी कर रहे हैं। जबकि नियमानुसार शासन के साथ धोखाधड़ी करने वाले इन दोषियों पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। सूत्रों की माने तो विभाग द्वारा मामले की शिकायत उच्च स्तर में भी करने की तैयारी की जा रही है। अब देखना यह है कि राजनीतिक दबाव के चलते क्या लाखों का वेतन घोटाला करने वालों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी या मामले को रिकवरी तक ही सीमित रखकर रफादफा कर दिया जाएगा।

### इन्होंने कहा

जनपद पंचायत में पदस्थ लिपिक साधना अवस्थी समेत अन्य कर्मचारियों द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से वेतनमान समयमान का लाभ लेने का मामला सामने आया है। दोषियों के विरुद्ध रिकवरी के आदेश जारी कर मामले की बारीकी से जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**अभिषेक गहलोत**
**सीईओ, जिला पंचायत जबलपुर**

# पार्श्वनाथ, महावीर भगवान एवं 24 तीर्थंकरों का हुआ महामस्तकाभिषेक


मूलनायक श्री आदिनाथ भगवान

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** दयोदय तीर्थ (गौशाला) में प्रतिष्ठित जिनबिम्बों का महामस्वामिक पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव सानंद सम्पन्न होने के पश्चात आचार्य श्री समयसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में दयोदय तीर्थ (गौशाला) मे नवनिर्मित जिनालय में प्रतिष्ठित मूलनायक भगवान आदिनाथ एवं उनके दायें और बांये ओर स्थापित पार्श्वनाथ एवं महावीर भगवान एवं 24 तीर्थकरों का महामस्तकाभिषेक प्रतिष्ठाचार्य लल्लन भैया ने मंत्रोच्चार के द्वारा अभिषेक कराया। भगवान का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य अनिल बड़कुल (पुरवा) को प्राप्त हुआ इसके साथ ही जैन श्रावकों ने भी अभिषेक किया। दोपहर में 3.30 बजे मंदिर में कलशारोहण दिनेश चौधरी, कमलेश जैन (कक्का) एवं राहुल जैन ने सपरिवार किया। आचार्यश्री समय सागर महाराज ने प्रतिभास्थली की छात्राओं एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधत करते हुए कहा आत्मा का जो विकास और उन्नति होती है वह संस्कार के माध्यम से ही होती है। भौतिक क्षेत्र में संसार आगे बढ़ता चला जा रहा है किन्तु यह ज्ञान सम्यक् ज्ञान की कोटि में नहीं आता है।

# प्रो. डॉ गोविंद पाण्डे को उपाधि



**जबलपुर।** प्रख्यात पशुचिकित्सा वैज्ञानिक, शिक्षाविद, साहित्यकार, अधिवक्ता, समाजसेवी, अनेक पुस्तकों के लेखक प्रोफे. डॉ. गोविन्द पाण्डेय को पशुचिकित्सा एवं पशुपालन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय योगदान के लिए अमेरिका की वाशिंगटन युनिवर्सिटी द्वारा ऑनरेरी डॉक्टरेट इन वेटेरिनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी की उपाधि से विभूषित किया गया है। शिक्षा साहित्य व पशुचिकित्सा में लगभग 20 शैक्षणिक योग्यताधारी प्रोफे. पाण्डेय की 20 पुस्तकें एवं 250 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं तथा वे 60 से अधिक राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से अलंकृत हो चुके हैं। उन्हें ऑनरेरी डॉक्टरेट की उपलब्धि के लिए शिक्षाविदों, पशुचिकित्सकों, साहित्यकारों व शुभचिंतकों ने बधाई दी।

# सारंगी की तूफानी पारी में उड़ गए सर्विस चैलेंजर



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जीसीएफ कर्मचारी संगठन के मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने बताया कि मजदूर संघ हथौड़ा कार्य समिति के तत्वाधान में चल रहे जीसीएफ प्रीमियर लीग इंटरसेक्शन क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरूवार को मुकाबला एल 70 रॉयल्स बनाम सर्विस चैलेंजर के बीच खेला गया। सर्विस चैलेंजर के कप्तान जितेंद्र मैहर ने टॉस जीता और पहले क्षेत्र रक्षण का फैसला किया। एल 70 रॉयल्स के ओपनर सुब्रत सारंगी और सचिन पटेल ने अपने प्रदर्शन से पूरे दर्शक दीर्घा में रोमांच पैदा कर दिया। दिन सुब्रत सारंगी का था जिन्होंने इस मैदान में नए–नए रिकॉर्ड बनाते हुए मात्र 34 बॉल पर 109 रन बना डालें, जो इस मैदान का प्रथम रिकॉर्ड है। पूरा एल 70 टीम निर्धारित 10 ओवर में चार विकेट होकर 172 रन बना दिया सुब्रत सारंगी ने मैदान के चारों तरफ चौको–छक्कों की बरसात कर दिया। उनके निजी स्कोर 109 रण में 11 गगन चुंबी छक्के एवं 9 चौके शामिल थे लक्ष्य का पीछा करने उतरी सर्विस चैलेंजर ने 10 ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 85 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच सुब्रत सारंगी को एसोसिएशन के गोपाल आनंद एवं सोनू पापाचंद द्वारा दिया गया। साथ ही सुब्रत सारंगी के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए नगद राशि देने वालों का ताता लगा रहा। जिसमें कार्य समिति सचिव अमित चंदेल, कार्य समिति सदस्य राहुल गुप्ता, संजय पासवान, वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी शंकर भैया सहित अनेक लोग मौजदू थे। मैच का संचालन यूनियन के अर्पित दुबे, मिथुन, अनिल उद्ये, भिमराज मीणा, विजय चौहान, मुकेश साहू, अमरदेव, रविकांत आदि ने किया।

# सचिव ऊर्जा, सीएमडी मैनेजमेंट से मिले फेडरेशन के पदाधिकारी



जबलपुर (स्वतंत्रमत)

मप्र विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के पदाधिकारियों ने फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी पाठक के साथ सचिव ऊर्जा, मध्यप्रदेश शासन एवं अध्यक्ष सह प्रबंध निर्देशक एम पी पावर मैनेजमेंट कंपनी से सौजन्य भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पावर मैनेजमेंट कंपनी के सीजीएम मानव संसाधन एवं प्रशासन राजीव गुप्ता भी उपस्थित थे। सचिव ऊर्जा एवं सीएमडी पावर मैनेजमेंट कंपनी विशेष गढ़पाले आईएएस ने कहा कि शासन,ऊर्जा विभाग और बिजली कंपनियां अपने कर्मचारियों के हित संवर्धन, बेहतरी व सुरक्षा के प्रति संवेदनशील है। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी पाठक ने फेडरेशन के इतिहास और सकारात्मक सोच के साथ बिजली कर्मियों के हित में फेडरेशन द्वारा किए गए प्रयासों और कार्यों की जानकारी सचिव ऊर्जा,सीएमडी विशेष गढ़पाले जी को दी। इस अवसर पर फेडरेशन के दिनेश दुबे, अनूप वर्मा,विमल महापात्र, मोहन श्रीवास,निर्मल शुक्ला,उमाशंकर दुबे, मोहित पटेल, योगेश पटेल सहित फेडरेशन के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# हितकारिणी महिला महाविद्यालय में मनाया गया ओशो का जन्मोत्सव





जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हितकारिणी महिला महाविद्यालय में ओशो (आचार्य रजनीश) का जन्मदिवस महाविद्यालय के प्राचार्य डा नीलेश पांडे की अध्यक्षता में मनाया गया। सभी प्राध्यापक द्वारा आचार्य रजनीश के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आचार्य रजनीश के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया । इसमें प्रमुख रूप से प्रो आरती , प्रो फरहान और खान, प्रो सुनीता श्रीवास्तव, डॉ सुनीता बजाज, प्रो पूर्णिमा तिवारी ने ओशो के द्वारा प्रशस्त किए गए मार्ग की विस्तृत व्याख्या की विशेषकर स्वयं दृष्टा बने अर्थात स्वयं को स्वयं जानने की कला से अवगत कराया । प्राचार्य डॉ नीलेश पांडे ने बताया कि ओशो की शिक्षा दीक्षा जबलपुर में ही हुई वो हितकारिणी महिला महाविद्यालय सिटी कालेज के छात्र रहे हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम का संयोजन कर रहे दिनेश सिंह ठाकुर ने ओशो द्वारा बताए गए मार्ग के अनुसार सभी को स्वयं दृष्टा बनकर स्वयं को जानने हेतु ध्यान भी कराया गया । इस अवसर पर वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो आशीष मालपानी विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ चित्रा मिश्रा, कला संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ सुनीता बजाज, प्रो पूजा मिश्रा, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर , डॉ अंशुल मिश्रा, प्रो अंजली ठाकुर, प्रो छाया दुबे, प्रो प्रीति दिवान एवं सभी प्राध्यापक गण उपस्थित रहे । साथ ही सभी विभाग की छात्राएं भी उपस्थित रही।

# देश के विभिन्न राज्यों के विषय विशेषज्ञ देंगे व्याख्यान



**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, क्रीड़ा भारती एवं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी विषय खेल सृष्टि में भारतीय दृष्टि का आयोजन 13/12/2025 को प्रातः 10:00 बजे से महाविद्यालय के प्रेक्षागृह (हॉल) में किया जा रहा है। जिसके सफल आयोजन के लिए आज एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। संगोष्ठी समन्व्यक प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि यह राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी जबलपुर संभाग की ऐतिहासिक संगोष्ठी होगी। जो खेल जगत के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों शोध पत्र आये है जो शोध नर्मदा पत्रिका में प्रकाशित होगें। संगोष्ठी संयोजक डॉ. ज्योति जुनगरे ने बताया कि संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों से विषय विशेषज्ञ उपस्थित हो रहे है। जो प्रतिभागियों को खेल सृष्टि में भारतीय दृष्टि के बारे में विस्तुत रुप से जानकारी प्रदान करेगें। अभी तक कुल 315 पंजीयन संगोष्ठी में सहभागिता के लिए हो चुके है साथ ही महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, पंजाब, गुजरात, गुवाहाटी एवं मध्यप्रदेश से लगभग 174 शोध पत्र प्राप्त हुये है। बैठक में डॉ. भीष्म सिंह राजपूत, डॉ. विशाल बन्ने, डॉ. विवेक चौबे, आनंद डीके, डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. शालिनी यादव, डॉ. सचिन कोष्ठा, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया, डॉ. धीरेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. सुशील ठाकरे, डॉ. सौरभ राय उपस्थित रहें।

# फर्जी नंबर प्लेट लगाकर ट्रक चालक ने 580 बोरे गेहू का किया हेरफेर

## ट्रांसपोर्टर ने पनागर थाने में दर्ज करायी शिकायत



जबलपुर (स्वतंत्रमत)

एक ट्रांसपोर्टर को ट्रक चालक पर आंख मूंदकर भरोसा करना महंगा पड़ा। ट्रांसपोर्टर ने बिना जांचे परखे चौबे उमरिया जयंती वेयर हाउस से सांई इंड्रस्ट्रीज का 34.940 क्विंटल (580 बोरे) चालक अनस खान के ट्रक में लोड कर दिया। जिसने फर्जी नंबर प्लेट लगाकर गेहू लोड कराया और उसके बाद गेहूं का हेरफेर कर दिया, इतना ही नहीं आरोपी ने अपना मोबाईल भी बंद कर लिया। ट्रांसपोर्टर रकीब खान की शिकायत पर पनागर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि सिवनी कोतवाली गुरुनानक वार्ड निवासी 45 वर्षीय रकीब खान ने सिवनी में न्यू एकता ट्रांसपोर्ट है। जिसने एक दिसंबर 2025 को ट्रक क्रमांक एमएच 43 सीएम 2786 के चालक अनस खान से मोबाइल नम्बर के माध्यम से सम्पर्क किया गया था। जिसमें गेंहू हैदराबाद ले जाने की बात हुयी थी। बात होने के बाद पनागर क्षेत्र के अन्तर्गत चौबे उमरिया जयंती वेयर हाउस से सांई इंड्रस्ट्रीज का 34.940 क्विंटल (580 बोरे) गेहूं विजय फ्लोर मील हैदराबाद के लिये लोड हुआ था। इसके बाद पीड़ित रकीब खान ने दूसरे दिन ड्रायवर अनस खान से मोबाइल के माध्यम से सम्पर्क किया, जो बंद आ रहा था, उसे शक होने पर गाड़ी की सीसीटीव्ही फुटेज के अधार पर ज्ञात हुआ कि उक्त ट्रक का चालक अनस प्रतापगढ़ का रहने वाला है। जो ट्रक क्रमांक यूपी 70 एल टी 6708 में फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर उसके ग्राहक के माल की हेरफेर कर धोखाधड़ी की है। पुलिस ने लिखित शिकायत पर जांच दौरान रकीब खान एवं अन्य साक्षियों के कथन लेख किये गये। जांच पर पाया गया कि ट्रक क्रमांक यूपी 70 एल टी 6708 के ट्रक चालक अनस खान निवासी प्रतापगढ़ द्वारा ट्रक की असली नम्बर प्लेट के स्थान पर ट्रक में एम एच 43 सीएम 2786 नम्बर प्लेट लगाकर ट्रांसपोर्टर रकीब खान से सम्पर्क कर जयंती वेयर हाउस चौबे उमरिया से साई इंड्स्ट्रस्टीज कम्पनी का 34.940 क्विंटल (580 बोरे) गेहू विजय फ्लोर मिल हैदराबाद ले जाने हेतु ट्रक में लोड कर गेंहू ले गया, लेकिन उक्त स्थान पर गेहूं पहुंचाया नहीं। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में डिजिटल वायलेंस पर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन

## समस्त स्टाफ, छात्राओं को बताए डिजिटल अपराधों से सुरक्षा के तरीके



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विगत दिवस ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनोकोलॉजिकल सोसाइटी के सहयोग से डिजिटल वायलेंस पर एक महत्वपूर्ण अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मदन महल थाना प्रभारी, डॉ. मंजू शर्मा चतुर्वेदी, जबलपुर ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनोकोलॉजिकल सोसाइटी की अध्यक्ष, डॉ. राखी बाजपाई, सेक्रेटरी, डॉ. कोमल जैन, इंचार्ज, संतोष कुमार मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे । कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय प्राचार्य, डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी द्वारा समस्त वक्ताओं का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। अवेयरनेस प्रोग्राम के दौरान मदन महल थाना प्रभारी, डॉ. मंजू शर्मा चतुर्वेदी ने छात्राओं एवं महाविद्यालयीन स्टाफ को डिजिटल अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी, वित्तीय फ्रॉड, स्कैम, ब्लैकमेलिंग तथा हेल्पलाइन 1930 एवं 181 के उपयोग पर विस्तृत जानकारी प्रदान की । उन्होंने बताया कि आज के समय में डिजिटल सतर्कता और जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है, जिससे व्यक्ति स्वयं को ऑनलाइन खतरों से सुरक्षित रख सके । इसके पश्चात् ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनोकोलॉजिकल सोसाइटी की अध्यक्ष, डॉ. राखी बाजपाई ने डिजिटल वायलेंस विषय पर व्यापक व्याख्यान प्रस्तुत किया । उन्होंने यूएन 2024 रिपोर्ट के आधार पर डिजिटल चुनौतियों, जेंडर आधारित डिजिटल हिंसा, घरेलू डिजिटल हिंसा, सेलिब्रिटी ट्रोलिंग, डिजिटल दुरुपयोग के प्रभाव, महिलाओं पर इसके गहरे मानसिक–सामाजिक प्रभाव और रोकथाम के लिए व्यक्तिगत, सोशल मीडिया, भावनात्मक व कानूनी सुरक्षा संबंधी उपायों पर विस्तार से चर्चा की । साथ ही उन्होंने संचार साथी ऐप जो की भारत सरकार द्वारा दूरसंचार धोखाधड़ी और साइबर अपराध से बचाने के लिए बनाया गया। एक मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल है, जो नागरिकों को नकली सिम कार्ड का पता लगाने, खोए हुए फोन को ब्लॉक करने और अपने नाम पर सक्रिय कनेक्शनों की जांच करने में मदद करता है उसकी जानकारी दी ।

### छात्राओं ने दूर की अपनी जिज्ञासाएं

आयोजन में विभिन्न हेल्पलाइन एवं शिकायत हेतु वेबसाइट की जानकारी भी दी । सेक्रेटरी डॉ. कोमल जैन द्वारा भी विषय पर महत्वपूर्ण टिप्पणियां साझा की गईं। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी ने सभी आमंत्रित वक्ताओं का विशेष आभार व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में जागरूकता ही सुरक्षा का सबसे मजबूत माध्यम है । उन्होंने वक्ताओं द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को अत्यंत प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्य शालाएं छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, डिजिटल सुरक्षा और कानूनी समझ को समृद्ध करती हैं । उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय भविष्य में भी ऐसे उपयोगी और जागरूकता बढ़ाने वाले कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, जिससे छात्राएं समाज में सुरक्षित, सशक्त और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बन सकें । कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक प्राध्यापक, डॉ. निधि माथुर द्वारा किया गया । कार्यशाला में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अनेक प्रश्न पूछकर अपनी बं दूर कीं । कार्यक्रम के दौरान 70 छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि शुक्ला, जया सामदेकर, लाइब्रेरियन ज्योति शर्मा एवं कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे, सुधा चौधरी एवं विजय दहायत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बिरसा तहसील का बाबू तीन हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ लोकायुक्त ने पकड़ा



बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

जिले के बिरसा तहसील कार्यालय में पदस्थ बाबू को लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ा है। रिश्वत के लिए बाबू चाय की टपरी पर बुलवाया और फिर चाय पीते हुए 3 हजार रूपये की रिश्वत ली तभी लोकायुक्त टीम ने दबोच लिया।

जानकारी अनुसार, जिले के तहसील कार्यालय बिरसा में पदस्थ बाबू राजकुमार रामटेके को लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने 3 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ा है। रिश्वतखोर बाबू राजकुमार रामटेके के खिलाफ संतोष ढेकवार नाम के युवक ने लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर में रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में फरियादी संतोष ढेकवार ने बताया था कि उसके खिलाफ जेल में बंद एक आरोपी ने फर्जी तरीके से जमीन बेचने का एक झूठा केस दर्ज कराया था। इसी केस के संबंध में जब वो बाबू राजकुमार रामटेके से मिला तो उन्होंने 5 हजार रुपये की रिश्वत मांगते हुए कहा कि पैसे दोगे तो केस खत्म करा दूंगा।

फरियादी संतोष ने खुद के बाबू राजकुमार रामटेके से खुद के निर्दोष होने की बात कहते हुए किसी तरह से सौदा 3 हजार रुपये में तय किया। लोकायुक्त की टीम ने शिकायत की जांच की और शिकायत सही पाए जाने पर 11 दिसंबर दिन गुरुवार को रिश्वत के तीन हजार रुपये देने के लिए फरियादी संतोष ढेकवार को रिश्वतखोर बाबू राजकुमार रामटेके के पास भेजा। बाबू ने रिश्वत की रकम देने के लिए तहसील कार्यालय के बाहर चाय की टपरी पर बुलाया और वहां पर जैसे ही रिश्वत की रकम ली तो लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगेहाथों धरदबोचा।

## द्वारका सोमनाथ के लिए स्पेशल ट्रेन 21 जनवरी को रवाना होगी....आवेदन 7 जनवरी तक आमंत्रित

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** प्रभारी एसडीएम कमलेश नीरज ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 21 जनवरी को व्दारका सोमनाथ यात्रा हेतु स्पेशल ट्रेन रवाना होगी। जिसके लिए 179 सीट आवंटित की गई है।यात्रा हेतु आवेदन 7 जनवरी तक किए जा सकते है। उन्होने बताया कि ऐसे आवेदक जिनकी उम्र 60 वर्ष या अधिक है इस योजना के पात्र है, जबकि महिलाओं के मामले मे आयु सीमा में दो वर्ष की छूट है एवं 65 वर्ष आयु से अधिक आयु के व्यक्तियों को साथ में एक सहायक ले जाने की पात्रता है, ऐसे आवेदन पत्र में सहायक का नाम आवेदक के आवेदन पत्र मे ही सहायक का उल्लेख कराया जाये व आवेदक के नाम के सामने एक्सल शीट पर सहायक का नाम अंकित करे, प्राप्त आवेदन पत्रो का ऑफलाईन एण्ट्री निर्धारित प्रारूप मे कराते हुए प्राप्त आवेदन पत्रो की हार्ड/सॉफ्ट कॉपी सत्यापन करते हुए द्वारका-सोमनाथ के लिए 7 जनवरी तक इस कार्यालय को अनिवार्यत: उपलब्ध करावे।

# अवैध रूप से सागौन लट्ठे का परिवहन करते हुए उड़नदस्ता दल द्वारा पिकअप वाहन की गई जब्त



बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

मुख्य वन संरक्षक बालाघाट श्री गौरव चौधरी के निर्देशन में उड़नदस्ता दल प्रभारी श्री अजय चौरे के मार्गदर्शन में उड़नदस्ता दल बालाघाट द्वारा ग्राम जागपुर में सागौन लट्ठे का अवैध परिवहन करते हुए 01 पिकअप वाहन को जब्त किया गया है।

इस वाहन में 01 लाख रुपए मूल्य के सागौन लट्ठे को परिवहन किया जा रहा था। जिस पर पिकअप वाहन नम्बर एमपी-09-जीएफ-3067 को सागौन लट्ठे सहित जब्त कर लिया गया है। 09 दिसम्बर को उड़नदस्ता दल वन वृत्त बालाघाट को मुखबीर द्वारा बालाघाट (सा.) परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धापेवाड़ा से जागपुर अवैध रूप से सागौन लट्ठे पिकअप वाहन से परिवहन किये जाने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उड़नदस्ता दल द्वारा दिनांक 10 दिसम्बर 2025 की मध्यरात्रि में लगभग 4:30 बजे घेरा बंदी कर समनापुर से धापेवाड़ा मार्ग पर पिकअप वाहन का पीछा किया गया, जिसे ग्राम जागपुर में जाकर पकड़ा गया।

मौके से आरोपी वाहन चालक वाहन छोड़कर भाग गया। वाहन में अवैध रूप से 03 सागौन लट्ठे भरे हुये थे। पकडे गये आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहा मौके पर पंचनामा एवं जप्ती की कार्यवाही की गई, जिसकी सूचना परिक्षेत्र अधिकारी बालाघाट (सा.) को दी गई एवं प्रकरण अग्रिम कार्यवाही हेतु बीटगार्ड आगरवाड़ा के सुपुर्द में दिया गया।

इस प्रकरण में आरोपी श्रीकांत वल्द सुकलाल दमाहे के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण मध्यप्रदेश वनोपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम 1969 की धारा के अन्तर्गत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर न्यायालयीन कार्यवाही की जा रही है।

# खनिज विभाग की टीम ने की धपेरा में छापामार कार्यवाही



### रेत का खनन एवं परिवहन रोकने धपेरा में जेसीबी मशीन से कराया गया गड्ढा

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

उपसंचालक खनिज सुश्री फरहत जहॉ ने बताया कि ग्राम धपेरा तहसील लालबर्रा बैनगगा नदी की खनिज रेत अवैध खनन की लगातार शिकायत प्राप्त होने पर दिनांक 6 दिसम्बर को नदी जाने वाले मार्ग पर गड्ढा कराया गया था।

आज 10 दिसम्बर को पुन: नदी जाने वाली रास्ते में जेसीबी मशीन से गड्ढा कराया गया है, जिससे वाहन ट्रेक्टर ट्रॉली से रेत के अवैध खनन परिवहन पर अंकुश लगाया जा सके।कलेक्टर मृणाल मीना द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में खनिज अमले द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम हेतु दिनांक 01 से 10 दिसम्बर तक अवैध उत्खनन के 10 प्रकरण, अवैध भंडारण के 03 प्रकरण तथा अवैध परिवहन के 03 प्रकरण इस प्रकार कुल 16 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये जिनमें संलिप्त 07 वाहन ट्रेक्टर तथा 01 वाहन जे.सी.बी. जप्त किया गया है।

उक्त प्रकरणों में म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## आत्मा योजनान्तर्गत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार से सम्मानित होंगे जिले के किसान

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजनान्तर्गत जिले के सर्वोच्च उत्पादकता हासिल करने वाले कृषकों को जिला स्तर पर व ब्लॉक स्तर पर सर्वोत्तम कृषकों को सम्मानित किया जाना प्रस्तावित है। यह सम्मान 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसानों को दिया जाना है। परियोजना संचालक आत्मा संग्राम सिंह मरावी ने बताया कि जिले के तीनों विकासखण्डों से एक-एक किसान को सर्वोच्च उत्पादकता पुरस्कार दिया जाएगा जिले के समस्त उत्साही व प्रगतिशील कृषकों (जिसमें कृषि, मत्स्य, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी) से अपेक्षा है, कि वे अपने क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत कृषि विस्तार अधिकारी या सीधे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर आवेदन प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकतें है।

# स्कूल वाहन की चपेट में आने से 5 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत






बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

वारासिवनी थाना अंतर्गत धानीटोला की एक निजी स्कूल में केजी वन की पढ़ाई कर रहा 5 वर्षीय मासूम बालक की स्कूली वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक बालक का नाम भूपेंद्र पिता प्रकाश बरले उम्र 5 वर्ष ग्राम अतरी निवासी हैं। जो अपने मामा के गांव धानीटोला में रहकर प्राइवेट कान्वेंट स्कूल में पढ़ाई कर रहा था।

जानकारी अनुसार, छात्र भूपेन्द्र बरले करीब साढे तीन बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद स्कूल से घर लौट रहा था तभी उसी स्कूल से बालकों को घर छोड़ने जा रही स्कूली वाहन के चालक ने लापरवाही वाहन चलाकर मासूम बालक वाहन की चपेट में आ गया। जिससे वाहन के पहिए की चपेट में बालक आ गया, तभी देख स्कूल स्टाफ और ग्रामीण दौड़े और तत्काल बालक को वारासिवनी अस्पताल में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। बालक भूपेन्द्र के माता-पिता नागपुर मे मजदूरी का कार्य करते है, वही मृतक भूपेन्द्र अपने मामा - मामी के पास रहकर पढ़ाई कर रहा था और ग्राम पंचायत धानीटोला में स्थित प्राईड कान्वेंट स्कूल में केजी वन में पढाई करता था, फिलहाल पुलिस ने मौके पर पहूचकर वाहन को जब्त कर लिया है, वही मृग कायम कर पुलिस विवेचना कर रही है।



## आराध्या ग्रुप उमरिया द्वारा जरूरत मंद जेल बंदियों को प्रदान किये गये गर्म कपड़े

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जेल अधीक्षक डी0 के0 सारस ने बताया कि ठण्ड के मौसम में बचाव के लिए आराध्या ग्रुप उमरिया संस्था के गणमान्य नागरिक भरत कोटवानी एवं राहुल सचदेव द्वारा ऐसे गरीब बंदी जिनके पास इनर, टोपा, मोजे नही थे उनके कोई परिजन मुलाकात में नहीं आते उन्हें यह सामग्री प्रदान किया गया। शासकीय अधिवक्ता गजराज सिंह वैश्य द्वारा इन बंदियों के आपराधिक प्रकरणों में पैरवी के लिये अधिवक्ता विधिक सहायता से नियुक्त कराने एवं जिन बंदियों के पूर्व से निजी अधिवक्ता नियुक्त है इस संबंध में विधिक सहायता के प्रावधान की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक डी0 के0 सारस एवं जेलर, उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को, लीगल डिफेंस काउंसिल, शासकीय अधिवक्ता गजराज सिंह वैश्य, ड्यूटीरत अधिकारी एवं कर्मचारी, प्रहरी, रमन विश्वकर्मा द्वारा बंदियों को जेल में अनुशासन में रहने एवं ठण्ड से बचने के लिये दिये गये कपडे पहनने के लिये शुभकामनाएं दी गई। उमरिया जिले के भीषण ठण्ड से बचाव के उपाय के अंतर्गत प्रयास कर नेकी की दीवार के माध्यम से यह किया गया ।

# भाजपा सरकार जनजाति समाज के उत्थान के लिए लगातार कर रही कार्य : पंकज टेकाम

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

गुरुवार 11 दिसंबर को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह टेकाम की अध्यक्षता में एसआईआर को लेकर एक बैठक भाजपा कार्यालय भरौली में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम ने कहा कि इस समय एसआईआर सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। हमारे पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से लेकर निचले तबके के जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनजाति समाज के लिए सरकार लगातार विकास और उत्थान के कार्य कर रही है और



हमारे महापुरुषों की चिंता की है। कांग्रेस ने कभी भी जनजाति समाज की चिंता नही की और न ही हमारे महापुरुषों का कभी मान सम्मान किया है।

भाजपा सरकार के द्वारा जनजाति समाज के स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए जोर दिया जा रहा है। इसलिए हम सभी जनजाति भाइयो को सतर्क रहने की बहुत जरूरत है और देखना है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने सिर्फ जन जातियों का वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया है। लेकिन भाजपा ने तो जनजाति समाज का उत्थान और विकास किया है। हमारे महापुरुषों और पूर्वजो का मान बढ़ाया है आने वाले समय मे इस बात का ध्यान रखना है। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि हमारे उमरिया जिला एसआईआर में 100 प्रतिशत रहा है। हमारी भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बीएलओ के साथ मिलकर लोगों को फॉर्म भराने में अच्छा कार्य किया है। लेकिन अब एक बार फिर कार्यकर्ताओं को सतर्क रहने की जरूरत है जब सूची का प्रकाशन हो उसे देखकर यह पता लगाए कि किनका नाम सूची में नहीं है।

हमारे जिले के आदिवासी भाई दो-चार महीने के लिए बाहर कमाने खाने चले जाते हैं ऐसे में यह बेहद जरूरी हो जाता है कि उनका नाम मतदाता पुनरीक्षण सूची से कटने न पाए।



## फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 2026 अंतर्गत आशा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** फाइलेरिया उन्मूलन के संबंध में आशा कार्यकर्ताओं के लिए दिन गुरुवार 11 दिसंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तीन दिवसीय प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई है। यह प्रशिक्षण जिला उमरिया के ब्लॉक पाली और उमरिया शहरी में आयोजित की गई है। यह प्रशिक्षण आगामी 10 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 के मध्य संचालित होने वाले सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में सी.बी.एम.ओ. पाली डॉ. पी.एल. सागर, जिला व्ही.बी.डी. सलाहकार रवि कुमार साहू, एवं पी.सी.आई. संस्था से प्रशिक्षक के रूप में जिला समन्वयक गौरव मिश्रा, एम.टी.एस. जितेन्द्र बीझी उपस्थित रहें। प्रशिक्षण में फाईलेरिया उन्मूलन की रणनीतियों सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम की कार्ययोजना तथा रिफ्यूजल एवं फील्ड क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य सामुदाय स्तर पर फाईलेरिया उन्मूलन गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाना है।

# जिले से राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस सह सद्भावना शिविर हेतु हर्षोल्लास के साथ दल गुना के लिए हुआ रवाना

### सभापति, अध्यक्ष, सचिव ने दी शुभकामनाएं

उमरिया (स्वतंत्रमत)

भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी शाखा उमरिया, जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले के चयनित जूनियर रेडक्रॉस दल को गुरुवार 11 दिसंबर को गरिमामय माहौल में राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस सह सदभावना शिविर में सहभागिता हेतु रवाना किया गया। यह शिविर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, मध्यप्रदेश राज्य शाखा द्वारा जूनियर रेडक्रॉस के वार्षिक कैलेंडर वर्ष 2025-26 के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। शिविर का आयोजन 'क्रांतिवीर तात्या टोपे



विश्वविद्यालय, गुना (लाड़ली लक्ष्मी पथ, जगनपुरचक) में 12 से 16 दिसम्बर 2025 तक निर्धारित है। उमरिया जिले से चयनित दल में 06 बालक, 06 बालिकाएँ, 01 पुरुष काउंसलर एवं 01 महिला काउंसलर सहित कुल 15 प्रतिभागियों को शामिल किया गया है। चयन प्रक्रिया में यह विशेष ध्यान रखा गया कि सभी विद्यार्थी पूर्णत: स्वस्थ हों, जूनियर रेडक्रॉस की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते हों तथा सेवा, सहयोग एवं मानवता के कार्यों में स्वाभाविक रुचि रखते हों। दल के सदस्यों को शिविर में भागीदारी हेतु आवश्यक प्रपत्र, गणवेश एवं अन्य सामग्री के साथ निर्देशित किया गया।

प्रत्येक प्रतिभागी के मातादृपिताध्अभिभावकों से लिखित सहमति प्राप्त कर औपचारिकताएँ पूर्ण की गईं।

शिविर में प्रतिभागियों के लिए प्राथमिक उपचार, सेवा कार्य, आपदा प्रबंधन, मानवीय मूल्य, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम स्पिरिट एवं सामाजिक सद्भाव जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे।

साथ ही विभिन्न समूहगत गतिविधियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, खेलकूद तथा सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा। शिविर अवधि में प्रतिभागियों के लिए आवास, भोजन एवं आवश्यक व्यवस्थाएँ जिला शिक्षा अधिकारी गुना, म.प्र. रेडक्रॉस राज्य शाखा भोपाल एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी गुना द्वारा सुनिश्चित की गई हैं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 13 दिसंबर को

### उड़नदस्ता दल गठित

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 13 दिसंबर को पूर्वान्ह 11.30 बजे से से अपरान्ह 1.30 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में संपन्न होगी ।निर्धारित परीक्षा केंद्रों में परीक्षा संचालन व्यवस्था के औचक निरीक्षण किए जाने हेतु निरीक्षण दलों (उड़नदस्ता) का गठन किया गया है।उन्होने बताया कि परीक्षा केंद्र शासकीय उत्कृष्ट उमावि उमरिया, कन्या उमावि, बालक कॉलरी,अशासकीय सेन्ट्रल एकेडमी बडेरी उमरिया तथा अशासकीय आरसी स्कूल उमरिया के लिए जिला शिक्षा अधिकारी,नायब तहसीलदार, शासकीय उत्कृष्ट उमावि मानपुर,अशासकीय सरस्वती हासे स्कूल मानपुर, प्रभारी सहायक अधीक्षक मानपुर, शासकीय उमावि ताला तथा शा0मा0शा0 ताला के लिए नायब तहसीलदार मानपुर एवं शासकीय उत्कृष्ट उमावि पाली,कन्या उमावि पाली तथा अशासकीय सरस्वती हासे स्कूल पाली के लिए तहसीलदार पाली उड़नदस्ता दल में शामिल है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद उमरिया जिला-उमरिया (म.प्र.)

क्रमांक/4390/वि.शा./न.पा./2025 | उमरिया, दिनांक 5/12/2025

### प्रथम GEM बिड आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा पंजीकृत फर्म/संस्था/ठेकेदारों सूचित किया जाता है कि सूची में वर्णित कार्यों के लिए GEM बिड आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | GEM बिड क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत (GST सहित & EMD) | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | GEM/2025/B/6961963 | Flexi-Neon LED AC Strips IP65, Adapter | 486750.00 & 4867.00 | 19/12/2025 |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेबसाईड (GEM portal) में नि:शुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATE" में देखी जा सकती है।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल वेबसाईट में किया जावेगा, सामाचार पत्र में नहीं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद उमरिया**
**जिला-उमरिया (म.प्र.)**

## कौशल समिति की बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक स्थानीय गोलमेज कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित विभिन्न कौशल उन्नयन एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा युवाओं को स्थानीय उद्योगों एवं रोजगार बाजार की मांग के अनुरूप जॉब-ओरिएंटेड ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाए।

## 190 बोरियों का बोरी बंधान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं ग्रामीणजनों के सहयोग से देवरी नाले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बोरी बंधान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान में समाज कार्य के विद्यार्थी प्रस्फुटन समिति के सदस्य नवांकुर संस्था के पदाधिकारी तथा स्थानीय ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से श्रमदान किया।

## आयुर्वेद चिकित्सा शिविर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** राष्ट्रीय आयुष मिशन योजनान्तर्गत लोक स्वास्थ्य सेवा प्रदाय संबंधित क्रियाकलाप के तहत संचालनालय आयुष भोपाल के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय के तत्वाधान में राजेंद्र प्रसाद वार्ड में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 126 रोगियों क्रमशः 93 महिला एवं 33 पुरुषों ने लाभ प्राप्त किया। शिविर में आए हुए सभी रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा जाँच व परामर्श एवं औषधि वितरण किया गया।

## पखवाड़ा का हुआ समापन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मिशन शक्ति हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के तहत महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम में एकीकृत शासकीय उच्च.माध्य.विद्या. देवहारा बम्हनी तहसील घुघरी एवं एकीकृत शासकीय उच्च.माध्य.वि. सलवाह विकासखंड घुघरी में मानवाधिकार दिवस मनाते हुये लिंग आधारित हिंसा उन्मूलन पखवाड़ा का समापन और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। साथ ही प्रशासक द्वारा लोगों को आवश्यक हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाईन नं. 1098, सायबर हेल्पलाईन नंबर 1930 एवं इयल 100 के उपयोग के बारे में लोगों को बताया।

## नवोदय चयन परीक्षा पर चर्चा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** 13 दिसम्बर को आयोजित की जाने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए समस्त केन्द्राध्यक्ष एवं प्रेक्षकों की अति आवश्यक बैठक जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी में आयोजित की गई। आयोजित बैठक में नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके राय, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से बोर्ड परीक्षा प्रभारी महेन्द्र श्रीवास, विकासखण्ड स्तरीय मनोविज्ञान विशेषज्ञ सत्यजीत पटैल, पूर्व प्राचार्य सुशील कुमार पटैल, विद्यालय से सांईदास सक्सेना, मनीष पारस, जेएस सूर्यवंशी आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सामान्य सभा की बैठक आज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला पंचायत मंडला की सामान्य सभा की बैठक 11 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत मंडला के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। यह बैठक अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर 12 दिसंबर को आयोजित की जायेगी। बैठक में सभी संबंधितों की उपस्थिति अनिवार्य है।

# गौवंशों की मौत से आक्रोश : धरने पर बैठे बाबा अगर नहीं सुधरी व्यवस्था तो करेंगे उग्र आंदोलन

मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)






जिले के तहसील निवास अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत आमगांव के पोषक ग्राम बिझौली में बनी गौशाला में अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है अभाव में गौवंशों की लगातार हो रही मौत का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस गंभीर स्थिति को लेकर संत अनिल बाबा ने मंगलवार से गौशाला के पास धरना शुरू कर दिया और भूख हड़ताल पर बैठ गए है हड़ताल तब समाप्त होगी जब उनकी मांगे पूरी होगी वही गौशाला में फिर तीन गौवंश मृत हालत में मिले जिसके बाद ग्रामीणों का आक्रोश फिर भड़क उठा पूरे मामले पर अगर ग्रामीणों और धरने पर बैठे बाबा अनिल पटेल की माने सभी का यह कहना है कि गौ शाला गौवंश की मौत कोई पहला मामला नहीं है इसके पहले भी इससे अधिक मौतें हुई है गौशाला पंचायत भरोसे संचालित हो रही है ग्रामीणों का यह भी कहना है की कई महीने बीत जाते हैं और प्रशासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी यहां देखने नही पहुंचता और इसका कारण है कि अधिकारियों की निगरानी न होने के कारण गौ शाला व्यवस्थाओं से घिरी पड़ी हुई है बाबा के धरने में बैठने के दूसरे दिन मामले की जानकारी मिलते ही प्रशासन का अमला धरना स्थल पर पहुंचा मौके पर निवास एसडीएम सीएल वर्मा, निवास जनपद पंचायत सीईओ श्रद्धा चौबे सोनी, निवास एसडीओपी पीएस वालरे, जिला पशु चिकित्सा डिप्टी डायरेक्टर यूएस तिवारी और उनकी टीम सहित सरपंच और सचिव मौजूद रहे अधिकारियों ने सबसे पहले गौशाला का निरीक्षण किया। एसडीएम श्री वर्मा ने गौशाला की अव्यवस्थाओं पर गहरी नाराजगी जाहिर की और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए धरना स्थल पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने गौ शाला का निरीक्षण करने के बाद धरने पर बैठे संत अनिल बाबा से चर्चा की और उन्हें आश्वासनों के साथ समझाईश देकर धरना समाप्त करने को कहा लेकिन मौके पर पहुंचे सभी प्रशासनिक अधिकारियों का बाबा का धरना समाप्त करने का हर प्रयास असफल रहा संत अनिल बाबा अपनी मांग पर पूरी जिद के साथ अड़े और उन्होंने धरना समाप्त करने से इनकार कर दिया लगातार हो रही। विश्व हिंदू परिषद जिला गौरक्षक प्रमुख रेनू कछवाहा अपनी टीम के साथ धरना स्थल पहुंचे और बाबा का समर्थन किया रेनू कछवाहा ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर गौशाला की समस्या का शीघ्र समाधान नहीं होता है तो विहिप बजरंग दल द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा संत अनिल बाबा के समर्थन में श्री कछवाहा ने कहा कि जिले में गौशाला बनाई गई है और सभी जगह गौवंशों की मौत हो रही है और प्रशासन देखने को तैयार नहीं है सभी गौशालों की हम बात करें तो प्रशासन जाकर देखे उन सभी जगह की हालत इस तरह अवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है और प्रशासन इसका जिम्मेदार है वो इसलिए की अगर समय-समय पर जिम्मेदार अधिकारी इनका निरीक्षण करते अधिकारियों की निगरानी रहती तो अवस्थाओं का अंबार नही रहता अभी प्रदेश की जितनी भी गौशालाएं शासकीय तौर पर संचालित हैं इसका संचालन गौ संवर्धन बोर्ड कर रहा है जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री स्वयं है और गौमाता को हर महीने 40 दिन प्रति गाय के हिसाब से हर महीने गायों की संख्या के आधार पर उनका पैसा दिया जा रहा है इसके बाद भी गौमाता की दुर्दशा होना यह बिल्कुल सही नहीं है जिम्मेदार लोगों के ऊपर कारवाई की जानी चाहिए और जो पैसा गौ संवर्धन के द्वारा गौशाला में दिया जा रहा है उसकी जांच कराई जानी चाहिए और यह पैसा हर माह कितना कहां पर खर्च हो रहा है उसकी भी जानकारी ली जानी चाहिए।

## एलएलबी के छात्रों ने समझी कानूनी प्रक्रिया



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मां रेवती कॉलेज ऑफ एजुकेशन मण्डला के प्रबंधक संचालन डॉ. अभिषेक चौबे के निर्देशानुसार विधि के छात्र छात्राओं को 10 दिसम्बर अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सिटी कोतवाली मण्डला का भ्रमण कराया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में यह शिविर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल जोशी के निर्देशन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपन धारगा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर मानव अधिकार विषय पर विधिक जागरुकता शिविर न्यायालय परिसर में मानव अधिकारों के संरक्षण की प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष न्यायाधीश आरके रावतकर, प्रथम के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश रमेश रंजन चौबे, प्रथम जिला न्यायाधीश सुबोध कुमार विश्वकर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश तेजप्रताप सिंह, तृतीय जिला न्यायाधीश हेमराज सनोडिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी दीपिका ठाकुर, उपभोक्ता फोरम के सदस्य डॉ. प्रसन्न दुबे एवं मां रेवती महाविद्यालय के प्राचार्या एवं प्रोफेसर उपस्थित रहे जहां पर छात्र छात्राओं को मानव अधिकार के बारे में बताया गया वहीं उन्हें कानूनी जानकारी भी दी गई। वहीं विद्यार्थियों को सिटी कोतवाली मण्डला में भ्रमण के दौरान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अधीन कार्यवाहियों के विषय में पुलिस द्वारा विशेष जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर लॉ के विद्यार्थियों ने कानूनी जानकारी समझी और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन स्टाफ एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

मण्डला(स्वतंत्रमत)



अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा मानवाधिकार दिवस अवसर पर महात्मा गांधी वार्ड की अयोध्या बस्ती में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में मानव अधिकारों के प्रति समझ बढ़ाना नशा मुक्ति का संदेश देना नर्मदा संरक्षण और स्वच्छता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, वार्डवासी, समाजसेवी, संगठन के सदस्य और क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सोनी ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मानव अधिकार केवल हमारे व्यक्तिगत अधिकारों की बात नहीं करते बल्कि यह समानता सुरक्षा सम्मान और अवसरों के न्यायसंगत वितरण का सामूहिक दायित्व भी हैं उन्होंने नर्मदा घाटों की बदहाल स्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि घाटों का संरक्षण न केवल पर्यावरणीय आवश्यकता है बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की रक्षा से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने जनसहयोग से घाटों के सुधार और स्वच्छता अभियान को लगातार गति देने अपील की इस अवसर पर आनंद सोनी ने मानवाधिकारों की मूल अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित पंडित नीलू महाराज ने सभी नागरिकों को सामूहिक शपथ दिलाई नर्मदा नदी की स्वच्छता बनाए रखने नशा से दूर रहने और घाटों पर साफ-सफाई बनाए रखने की दिशा में सक्रिय योगदान देने की। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार हनुमान तिवारी किशोर रजक राजेश क्षत्री राजा शुक्ला राजेश यादव, राजेश दीक्षित राजेंद्र सोनी हेमंत श्रीवास सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पैरा मेडिकल कॉलेज, महाराजपुर के छात्रों ने मानवाधिकार पर भाषण और कविताएं प्रस्तुत कीं जिन्हें उपस्थित जनों से सराहना मिली मानवाधिकार टीम द्वारा सभी सहभागी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए साथ ही मानवाधिकार के क्षेत्र में विशेष योगदान देने पर प्राचार्य समीर साहू एवं महाविद्यालय के शिक्षकों को सॉल से सम्मानित किया गया।

## एकलव्य में जागरुकता कार्यक्रम



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में एकलव्य विद्यालय सेमरखापा में यातायात जागरूकता एवं साइबर अवेयरनेस विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यातायात थाना के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियम हेलमेट एवं सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग ओवरस्पीडिंग के खतरे ट्रैफिक संकेतों का महत्व आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई साथ ही साइबर जागरूकता सत्र में छात्रों को ऑनलाइन धोखाधड़ी सोशल मीडिया सुरक्षा मजबूत पासवर्ड बनाने, अज्ञात लिंक कॉल से सावधान रहने तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए महत्वपूर्ण प्रश्न भी पूछे।

## चार सूत्रीय मांगों पर सौंपा ज्ञापन

मण्डला(स्वतंत्रमत)




मप्र बुलंद आवाज नारी शक्ति आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संगठन ने अपनी वर्षों से लंबित चार सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर गुरुवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा संगठन की महिलाओं ने बताया कि वे वर्षों से आईसीडीएस विभाग में अपनी सेवाएं दे रही हैं लेकिन अब तक उनकी प्रमुख मांगों पर सरकारों द्वारा गंभीरता से विचार नहीं किया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पोषण स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी सेवाओं को पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती हैं ऐसे में उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए ज्ञापन में मांग है कि नियमितिकरण हो सेवा अवधि के अनुसार ग्रेज्यूटी का लाभ प्रदान किया जाए अन्य विभागों के दायित्व सौंपे जाने की अवधि में आंगनबाड़ी के मूल कार्यों से मुक्ति दी जाए पीएमएमवीवाई योजना की प्रोत्साहन राशि प्रारंभ से अब तक प्राप्त नहीं हुई है अतः बकाया राशि शीघ्र प्रदान की जाए।

## न्यायालय में विधिक जागरुकता शिविर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एडीआर सेंटर जिला न्यायालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल जोशी के निर्देशन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपन धारगा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर मानव अधिकार विषय पर विधिक जागरुकता शिविर न्यायालय परिसर में मानव अधिकारों के संरक्षण की प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष न्यायाधीश आरके रावतकर, प्रथम के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश रमेश रंजन चौबे, प्रथम जिला न्यायाधीश सुबोध कुमार विश्वकर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश तेजप्रताप सिंह, तृतीय जिला न्यायाधीश हेमराज सनोडिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी दीपिका ठाकुर, उपभोक्ता फोरम के सदस्य डॉ. प्रसन्न दुबे अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन मण्डला के संरक्षक नीलू महाराज एवं अन्य सदस्यगण एवं मानव अधिकार पर जिला स्तर पर कार्य रही महिलाएं, अधिवक्तागण, मां रेवती लॉ कॉलेज के शिक्षक व विद्यार्थीगण, पैरालीगल वॉलेन्टियर्स, आमजन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगणों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# सड़कों पर मवेशियों का जमघट, जनजीवन अस्त-व्यस्त

### नगर में आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या से लोग परेशान





नैनपुर (स्वतंत्र मत)

नगर की प्रमुख सड़कों पर इन दिनों आवारा मवेशियों का जमघट आम हो चला है, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों एवं बाजार आने वाले ग्राहकों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। जगह-जगह बैठे, दौड़ते और अचानक सड़क पर आ जाने वाले ये मवेशी दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ा रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में मवेशियों की बढ़ती उपस्थिति से ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। नगरपालिका समय-समय पर इन मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस भेजने की कार्रवाई करती भी है, परंतु कुछ ही दिनों बाद यही मवेशी फिर से सड़कों पर लौट आते हैं। लोगों का कहना है कि समस्या के स्थायी समाधान के बिना यह परेशानी खत्म नहीं होगी।

### मवेशी मालिकों पर कार्रवाई की मांग तेज

शहर की मुख्य सड़कों और चौराहों पर जानबूझकर छोड़े गए पशुओं की भीड़ सबसे बड़ी समस्या बन गई है। व्यस्त यातायात के दौरान भी मवेशी सड़क पर डटे रहते हैं और कई बार तेज गति से दौड़ लगाते हैं, जिससे दुर्घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। कई घटनाओं में लोगों को गंभीर चोटें भी आ चुकी हैं। नगर में घूम रहे अधिकांश मवेशियों के कानों में टैग लगे हुए हैं, जिन पर पशुओं का आधार नम्बर अंकित है। इससे उनके वास्तविक मालिकों की पहचान आसानी से की जा सकती है। नागरिकों का कहना है कि टैग के आधार पर पशु पालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, तभी यह समस्या नियंत्रित होगी।

### *हांका दल की कार्रवाई, 30-40 मवेशी कांजी हाउस में बंद*

बढ़ती शिकायतों को देखते हुए एसडीएम नैनपुर ने हाल ही में नगरपालिका को आवारा मवेशियों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद सीएमओ द्वारा गठित हांका दल ने नगर के मुख्य मार्गों, बस स्टैंड, सब्जी मंडी तथा वार्डों की सड़कों पर अभियान चलाते हुए लगभग 30 से 40 आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में बंद किया।

### निवारी सरपंच ने भी जनसुनवाई में यह मुद्दा

पहले उठाते हुए बताया था कि नज़दीकी ग्रामों में घुसकर ये मवेशी खेती को नुक़सान पहुँचा रहे हैं। ग्राम में इनके प्रवेश पर रोक लगाने तथा नियमित कार्रवाई की मांग की गई थी। नगरपालिका का कहना है कि आवारा मवेशियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार किया जा सकता है। लोगो का मानना है कि अब पशु मालिको को भी नगर में होने वाली अप्रिय स्थिति के प्रति अपनी जबाबदेही समझनी चाहिए। ताकि नगर की व्यवस्था को बनाया जा सके।

## उपेक्षा और अव्यवस्था का शिकार हुआ रेलवे का आजाद पार्क

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** अपनी रौनक से कभी रोशन रहने वाला रेलवे आजाद पार्क अब उपेक्षा और अव्यवस्था का शिकार हो गया है। नगर का एकमात्र रेल्वे आज़ाद पार्क इन दिनों बुरी तरह अव्यवस्था की मार झेल रहा है। कभी अपनी हरियाली, साज-सज्जा और स्वच्छ वातावरण के लिए प्रसिद्ध यह पार्क अब खस्ताहाल स्थिति में पहुंच गया है। चारों ओर पत्तों का अंबार, बढ़ी हुई घास और टूटी-फूटी संरचनाएँ इसकी दुर्दशा की कहानी बयां कर रही हैं। एक समय था जब पार्क में रंग-बिरंगे गुलाब, रातरानी, चमेली और चंपा की महक वातावरण को सुवासित करती थी। लोग शाम के समय यहां तफरी करने जाते थे। रात्रि काल मे इसके पास से गुजरने पर खुशबूदार फूलो की महक सहसा ही लोगो को लुभाती थी। पक्षियों का कलरव उनकी चहचहाहट और बच्चों की खिलखिलाहट इस पार्क की कभी पहचान हुआ करती थी। रेल अधिकारी भी अपने परिजनों के साथ यहाँ विश्रांति के पल बिताने आते थे। किंतु आज वही पार्क वीरान, उजड़ा और उपेक्षित दिखाई दे रहा है। पार्क के रखरखाव के लिए रेल प्रशासन द्वारा अब न तो कोई ध्यान दिया जा रहा है न ही रेलवे की इस अनोखी खूबसूरत विरासत को सहेजने की कोई योजना बनाई जा रही है। लिहाजा, अब पार्क की दशा धीरे धीरे दुर्दशा में बदलती जा रही है। बच्चों के लिए लगाए गए झूले, फिसलपट्टी और व्यायाम उपकरण वर्षों से एक-एक कर टूट चुके हैं दोपहर के समय जहाँ कभी बच्चे खेलते थे, अब वहाँ मनचलों की आवाजाही देखी जा सकती है, जबकि रात्रि में शराबियों का जमावड़ा होने से माहौल असुरक्षित व भयपूर्ण हो जाता है। हालात यह हैं कि अब पार्क में उल्लू और चमगादड़ों का डेरा अधिक नजर आता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि साफ-सफाई के अभाव में पार्क गंदगी का अड्डा बन चुका है।



संपादकीय

# फिर एक बाबरी मस्जिद!

तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने कुछ मुस्लिम चेहरों के साथ बाबरी मस्जिद की नींव रखी, तो दूसरी तरफ बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस, बाबा बागेश्वर और कई साधु-संतों ने एक व्यापक जन-सैलाब के साथ 'गीता पाठ' किया। बाबरी मस्जिद से 11 किमी की दूरी पर 'बहरामपुर' में राम मंदिर बनाने का उद्घोष किया गया। इन दोनों फैसलों और कर्मकांडों का धार्मिक आस्था से कोई सरोकार नहीं है। ये हिंदू बनाम मुसलमान जमावड़े थे, जिनकी मानसिकता में अप्रैल-मई, 2026 के विधानसभा चुनाव उमड़-घुमड़ रहे थे।

बेशक प्रभु श्रीराम समूचे भारत के जनमानस के सबसे अधिक स्वीकार्य और पूजनीय आराध्य हैं। राम के जीवन-चरित पर सबसे अधिक, प्रमुख भाषाओं में, 'रामायण' का सृजन किया गया है। यदि हमारे आराध्य का एक और मंदिर बनाया जाता है, तो वह विवादास्पद नहीं हो सकता, क्योंकि बहुसंख्यक हिंदू 'मूर्ति पूजक' हैं। हालांकि, श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में आराध्य का भव्य मंदिर बन चुका है। मंदिर के शिखर पर सनातन की प्रतीक 'धर्म-ध्वजा' भी सुशोभित की जा चुकी है। देश भर से लाखों श्रद्धालु अपने आराध्य श्रीराम के दर्शन करने और मत्था टेकने अयोध्या जा रहे हैं। देश में आज भी प्रभु राम के असंख्य मंदिर हैं, जहां अनवरत पूजा-पाठ जारी है। बेशक राम के नाम पर ध्रुवीकरण और सामुदायिक लामबंदी जरूर की जा सकती है। चुनाव के मद्देनजर उनका महत्व भी निर्णायक है। यकीनन हिंदुओं अथवा ऐसे आस्थावानों के ध्रुवीकरण से भाजपा को चुनावी फायदा सर्वाधिक होता रहा है। स्वतंत्र भारत में बाबर जैसे विदेशी आक्रांताओं के स्मारक के तौर पर मस्जिद बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। भारत अब एक संप्रभु, लोकतांत्रिक और संवैधानिक राष्ट्र है, उसमें बाबर का स्मारक स्वीकार्य नहीं है। मुस्लिम मस्जिद बनाना चाहते हैं, तो सरकार से बाकायदा इजाजत लें और पैगंबर मुहम्मद के नाम पर मस्जिद बनाएं। किसे आपत्ति होगी? हालांकि राजधानी दिल्ली में 'बाबर रोड' आज भी मौजूद है। ऐसे और भी स्मारक बाबर के नाम पर देश में होंगे, लेकिन नए प्रयास, नए शिलान्यास, नए निर्माण को नहीं होने देना चाहिए।

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कथित बाबरी मस्जिद की नींव नहीं रखने देनी चाहिए थी। भाजपा के जो चेहरे चीखा-चिल्ली कर बाबरी का विरोध कर रहे थे, उन्हें भी नींव का पुरजोर विरोध करना चाहिए था। लेकिन बाबरी मस्जिद की प्रतीकात्मक नींव रख दी गई और वह तबका अपनी सांप्रदायिकता में कामयाब रहा। ममता को मुर्शिदाबाद की 24 विधानसभा सीटों पर 65 फीसदी से ज्यादा मुसलमानों के वोट की चिंता थी, तो ममता हिंदुओं के वोट भी छोड़ नहीं सकती थी। बंगाल में 35-40 फीसदी हिंदू वोट ममता की पार्टी के पक्ष में भी जाते हैं, लिहाजा मुख्यमंत्री ने विधायक को निलंबित ही किया। हुमायूं कबीर ने 6 दिसंबर की तारीख इसलिए तय की थी, क्योंकि 1992 में इसी तारीख को अयोध्या की कथित बाबरी मस्जिद का ढांचा गिराया गया था। अब तो मुर्शिदाबाद में जिस बाबरी मस्जिद की कथित नींव रखी गई है, उसके निर्माण हेतु पैसा भी आने लगा है।

# गोवा हादसाः झुलसती संवेदनाएं और नाकाम होती व्यवस्था



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

एक बार फिर एक भीषण आग ने 25 मासूम जिंदगियों को छीन लिया। गोवा के नाइट क्लब में हुई यह त्रासदी केवल आगजनी नहीं, बल्कि हमारे सिस्टम की जड़ता, गैर-जिम्मेदारी और नैतिक पतन की ज्वलंत मिसाल है। गोवा का जो नाइट क्लब आग की चपेट में आया, वह नियमों की अनदेखी करके तो चलाया ही जा रहा था, उसमें आग से बचाव के उपाय भी नहीं किए गए थे। रही-सही कसर इससे पूरी हो गई कि नाइट क्लब में आने और जाने का रास्ता बेहद संकरा था। आग की चपेट में आने वालों की संख्या इसलिए अधिक बढ़ गई, क्योंकि बचने के लिए उन्होंने जिस रास्ते को सुरक्षित समझा, वहां पहले से ही लोग फंसे हुए थे। इस तरह से आनंद और उत्सव का स्थल अचानक जीवन समाधि में बदल गया, वह अनेक सवाल हमारे सामने खड़े करता है, क्या हम सीखने की क्षमता खो चुके हैं? क्यों हर हादसे के बाद जांच समितियां बनती हैं, मुआवजा घोषित होता है, कुछ दिन हंगामा होता है और फिर सब कुछ पहले जैसा हो जाता है? पूर्व में मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, सूरत और अनेक शहरों में समान दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। होटल, मॉल, थिएटर, अस्पताल, फैक्ट्री, कोचिंग सेंटर-लापरवाही की आग में झूलसनों वालों की संख्या बढ़ी है, लेकिन हमारी संवेदनशीलता का स्तर छोटा होता जा रहा है। आगजनी की घटनाओं का सिलसिला तो लगातार है, परंतु सुरक्षा मानकों के प्रति हमारी उदासीनता और घोर लापरवाही भी उतनी ही स्थायी है। यह बात स्पष्ट है कि हादसे किसी तकनीकी गलती का परिणाम भर नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और राजनीतिक मिलीभगत की देन भी हैं।

गोवा अपनी पहचान पर्यटन से बनाता है। नाइट लाइफ, समुद्री तटों का आनंद, मनोरंजन गतिविधियां और विदेशी पर्यटक इसका स्वाभाविक आकर्षण हैं। ऐसे प्रदेश में इस प्रकार का हादसा केवल मानवीय त्रासदी नहीं, बल्कि छवि और अर्थव्यवस्था का गहरा नुकसान भी है। भारत की टूरिज्म इंडस्ट्री पहले ही प्रतिस्पर्धा और सुरक्षा को लेकर चुनौतियों से जूझ रही है। यह घटना विश्व के सामने एक सवाल बनकर खड़ी है-क्या भारत सुरक्षित पर्यटन देश है? क्या यहां गैर-जिम्मेदाराना ढांचे और भ्रष्ट तंत्र के बीच किसी का जीवन सुरक्षित रखा जा सकता है? इस प्रकार के हादसों में दो बड़े चरित्र सामने आते हैं-सरकार की सुस्ती और आयोजकों की लालचपूर्ण मानसिकता। अधिकांश नाइट क्लब, बार, पार्क या मनोरंजन स्थल ऐसे होते हैं जहां प्रवेश शुल्क, अवैध संचालन और आर्थिक लाभ का बड़ा खेल चलता है। इमारतों की मंजूरी, फायर सुरक्षा की अनुमति, बिजली के तारों का रखरखाव, निकास मार्ग-ये सभी चीजें फाइलों में तो दर्ज होती हैं, लेकिन जमीन पर गायब रहती हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की सजगता की जगह 'संबंध' और 'सुविधा शुल्क' काम करता है। निरीक्षण के नाम पर औपचारिकता ढहती है और बीते हुए हादसे केवल याद बनकर रह जाते हैं।



नाइट क्लब तक पहुंचने का रास्ता इतना संकरा है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को 400 मीटर दूर खड़ा होना पड़ा। सजावट के लिए ताड़ के सूखे पत्तों का इस्तेमाल किया गया था, जिसने आग और भड़का दी। भीड़भाड़ वाली जगहों पर एंट्री से ज्यादा महत्वपूर्ण इमरजेंसी एग्जिट पॉइंट्स होते हैं, लेकिन इस क्लब में लगता है कि इसकी भी कोई व्यवस्था नहीं थी, जिससे कई लोग भटक कर किचन में पहुंच गए, जहां से बाहर निकलने का रास्ता नहीं था। यह नाइटक्लब बिना मंजूरी के चल रहा था। लोकल अथॉरिटी के मुताबिक, निर्माण अवैध था।

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर हम हादसों को नियति क्यों मान लेते हैं? हर घटना के बाद नेताओं के बयान आते हैं-दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, उच्च स्तरीय जांच की जाएगी, मुआवजा दिया जाएगा, लेकिन क्या कभी हमने दोषियों को सजा होते देखा है? कभी किसी अधिकारी को बर्खास्त होते देखा है? क्या किसी क्लब या होटल की अनुमति स्थायी रूप से रद्द की गई? जवाब अधिकतर 'नहीं' है। यही वह सत्य है जो बताता है कि हमारा समाज हादसे को दुख तो मानता है पर समस्या नहीं मानता। अजीब विडंबना यह है कि हादसे के शिकार गरीब या आम नागरिक होते हैं, लेकिन इस त्रासदी से गुजरी व्यवस्थाओं को कोई चोट नहीं लगती। वे फिर उठते हैं, नए सजावटी बोर्ड लगा लेते हैं और जनता को फिर से आकर्षित कर लेते हैं। व्यवस्था में भ्रष्टाचार और मानव-मूल्यों का ह्रास दोनों मिलकर ऐसी घटनाओं को जन्म देते हैं। यह केवल प्रशासनिक नाकामी नहीं, बल्कि सामूहिक नैतिक ह्रास भी है। आयोजक केवल लाभ देखते हैं; प्रशासन केवल कागजों पर निशान देखता है; समाज घटना को क्षणिक दुख समझकर भूल जाता है।

वैश्विक स्तर पर देखें तो किसी भी विकसित या उत्तरदायी समाज में जन-स्थलों पर सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। नियमित निरीक्षण, कठोर दंड, मानकों का अनिवार्य पालन और पारदर्शिता बुनियादी तत्व हैं। भारत में ये मानक केवल कानूनी पुस्तकों में रहते हैं। सवाल यह नहीं कि हादसे क्यों होते हैं, सवाल यह है कि सीख क्यों नहीं ली जाती। गोवा का यह हादसा एक चेतावनी है, अकेले गोवा के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए। हम विकास, पर्यटन और आधुनिक जीवनशैली की बात करते हैं, लेकिन सुरक्षा, नियंत्रण और मानवीय संवेदनशीलता को हाशिए पर छोड़ देते हैं। यह घटना बताती है कि यदि व्यवस्था की लापरवाही और लालच के बीच नागरिक की सुरक्षा कुचलती रही तो हम आधुनिक ढांचे बनाकर भी असुरक्षित रहेंगे। किसी भी राष्ट्र की उन्नति उसके नागरिकों की सुरक्षा पर टिकी होती है, न कि केवल चमक-दमक पर।

गोवा घटना ने सरकार की छवि को ध्वस्त किया है। पर्यटन उद्योग की नींव हिलाई है और नागरिक विश्वास को चोट पहुंचाई है। गोवा के जीडीपी में पर्यटन का हिस्सा 16 प्रतिशत से ज्यादा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में इस साल जनवरी से सितंबर के बीच 6.23 प्रतिशत ज्यादा टूरिस्ट गोवा पहुंचे। ऐसे में यह घटना राज्य की अच्छी छवि पेश नहीं करती, जहां पहले ही टैक्सी चालकों की मनमानी और पर्यटकों के साथ अभद्रता की कुछ समस्या रही है।यदि घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकनी है तो कुछ कठोर कदम उठाने होंगे, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई, वास्तविक निरीक्षण प्रणाली, भ्रष्टाचार पर अंकुश और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर दंड। परंतु दुख यह है कि हमारा इतिहास बताता है, हम कठोर कदम उठाने से बचते हैं। आज इस त्रासदी के बाद शोक जताना पर्याप्त नहीं है। इस पर गंभीर चिंतन जरूरी है। हम केवल जिम्मेदारी टाल देने की प्रवृत्ति में नहीं जी सकते। हर हादसा हमें यही याद दिलाता है कि सुरक्षा संस्कृति, जिम्मेदार शासन और नैतिक व्यवसायिक आचरण के बिना कोई भी समाज सुरक्षित नहीं हो सकता। यह घटना केवल 25 लोगों की मौत नहीं, बल्कि चेतावनी है कि यदि हमने नहीं सीखा, तो अगली त्रासदी निकट ही खड़ी है।

हमारे नीति-नियंताओं को यह समझना होगा कि इस तरह की घटनाएं केवल जान-माल को ही क्षति नहीं पहुंचातीं, बल्कि देश की बदनामी भी कराती हैं। इस तरह की घटनाएं यही रेखांकित करती हैं कि नया और विकसित बनने के आकांक्षी भारत में नियम-कानूनों की हर स्तर पर उपेक्षा होती है और इस देश में जिम्मेदारी के साथ कोई काम मुश्किल से ही किया जाता है। मानकों और सुरक्षा उपायों की रेगुलर चेकिंग अथॉरिटीज की जिम्मेदारी है। बिना लाइसेंस चल रहे क्लब, होटल या रेस्तरां को बंद कराने के साथ यह जानना भी जरूरी है कि आखिर ये खुल कैसे जाते हैं और फिर कैसे धड़ल्ले से चलते रहते हैं। हमें यह मानना होगा कि जीवन की कीमत केवल शब्दों में नहीं, व्यवस्था में भी झलकनी चाहिए। जब तक हमारी नीतियों में कठोरता नहीं आएगी, जब तक भ्रष्टाचार की जड़ें नहीं काटी जाएंगी और जब तक नागरिक-केंद्रित शासन स्थापित नहीं होगा, तब तक मनोरंजन के नाम पर मौतें होती रहेंगी। गोवा का नाइट क्लब हादसा केवल आग नहीं-हमारे विवेक, शासन और मानवता की विफलता है। अब यह हमारे हाथ में है कि हम इसे भूलें या इसे परिवर्तन की शुरुआत बनाएं।

# श्रीमती रत्नकुमारीः सेवा, साहित्य और सृजन की त्रिवेणी

राजेन्द्र मिश्रा

यशस्वी साहित्यकार, राजनेता, स्वाधीनता संग्राम के माहौल में पली-पुसी श्रीमती रत्नकुमारी जी का जन्म 12 दिसंबर 1912 को हुआ था। वह पद्मश्री सेठ गोविंददास जी की पुत्री थीं। राजा गोकुलदास महल में जन्मी रत्नकुमारी जी ने जिस प्रकार राजनीति, साहित्य और समाज सेवा को अपना जीवन अर्पित किया, वह हर बिन्दु पर सार्थक और महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। उन्हें संस्कृत समेत अन्य भाषाओं में प्रवीणता हासिल थी। एक राष्ट्रवादी सुसंस्कृत पिता की पुत्री होने के नाते राष्ट्रीयता का समावेश उनके जीवन में सहज हो उठा था। जिस तरह पं. जवाहरलाल नेहरू ने अपनी बेटी इंदिरा गांधी को देश सेवा के लिए तैयार किया था, उसी प्रकार सेठ गोविंददास जी ने पुत्री रत्नकुमारी जी को तैयार किया था। रत्नकुमारी जी शिक्षा के क्षेत्र में प्रारंभ से ही रचनात्मक दायित्व का निर्वाह करती रहीं। वह मध्यप्रदेश की प्राचीनतम शिक्षण संस्था हितकारिणी सभा में भी सक्रिय रहीं। धार्मिक अनुष्ठान एवं चिंतन के प्रति भी उनका अनुराग वैसा ही रहा, जैसा कि सेवा, साहित्य और सृजन में था। एक सृजक व्यक्तित्व के उनके अनेक आयाम थे। भारतीय धनिक इतिहास तथा संसदीय विधान की वे तब एकमात्र राज्यसभा सदस्य रहीं, जिन्हें तीन बार प्रतिनिधित्व किए जाने का अवसर मिला। उनका व्यक्तित्व बहुत ही उज्जवल, संवेदनात्मक विचार की ऊंचाई को स्पर्श कर गौरवशाली इतिहास दर्ज कर गया। रत्नकुमारी देवी के कैनवास के विभिन्न स्वरूपों में उनकी काव्य यात्रा का उल्लेख भी आवश्यक है। साहित्य सृजन की प्रेरणा उन्हें अपने पिता सेठ गोविंददास जी से मिली थी। नारी जीवन के काव्य जगत के प्रतीक उनके दो काव्य संग्रह हैं, 'अंकुर' और 'ऋतुपर्व'। उन्होंने काव्य रचना जिस काल में की वह समय हिन्दी साहित्य के छायावाद तथा रहस्यवाद का कालखण्ड था। खड़ी बोली का प्रभाव बढ़ रहा था। इस काल में जीवन के यथार्थ को भी भावपरक रूप से ग्रहण किया जाता था। उनका सृजन क्रम सन् 1930 में उस समय प्रारंभ हुआ जब सविनय अवज्ञा आंदोलन पूर्ण उत्सर्ग पर था और उनका परिवार इस राष्ट्रीय धारा में पूर्णरूपेण संलग्न था। 'अंकुर' में इसका प्रभाव पड़ा। रत्नकुमारी जी का दूसरा संकलन रितुपर्व 1978 में प्रकाशित हुआ। उन्होंने कथा सृजन में भी अपनी रुचि दिखाई थी। वस्तुतः रत्नकुमारी जी अपने समय के साहित्य और राष्ट्र की मुख्य भाव धारा की संवाहिका, सफल सृजिका रहीं जो उनके व्यक्तित्व और वैशिष्ट्य में सदैव समाहित होता रहा।



जीवन में ज्ञान और कर्म की साधना और व्यवहारिक जीवन में सामाजिक मूल्यों के संरक्षण का कार्य एक समर्पित समाजसेवी और रचनाधर्मी के लिए महत्वपूर्ण साधन कर्म होता है। सामाजिक सत्यबोध, जिस प्रकार उनकी कृतियों में और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शित हुआ, वह तत्कालीन समाज में कमतर ही होता था। महिलाओं की शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने जो योगदान दिया, उससे तत्कालीन समाज को शैक्षणिक क्षेत्र में आने की प्रेरणा मिली थी। राजनीति के हर मर्म को समझने की अवधारणा उन दिनों कम ही प्रचलित होती थी, तरह-तरह के अवरोध और व्यवधान इस क्षेत्र में भी प्रदर्शित होते रहे हैं। ऐसी स्थिति में रत्नकुमारी जी का अपना कार्यकाल अनूठा और प्रेरणात्मक साबित हुआ, जिसकी आवश्यकता आज भी महसूस की जाती है। जीवन संघर्ष का तत्वभेदी भाव, संक्रमणकालीन समाज, चिंतन तथा राजनय में उनका स्मरण प्रासांगिक, प्रेरक है। आज जयंती तिथि पर रत्नकुमारी जी को विनम्र श्रद्धांजलि।

## समर्पित जीवन यात्रा

समग्र सरोकार, संस्कार, संस्कृति, साहित्य सहित समर्पित सदाशयता सी सुगंधित जीवन यात्रा की धनी श्रद्धेय रत्नकुमारी जी की पहचान सिर्फ सेठ गोविन्ददास जी की पुत्री होने से नहीं, बल्कि ऐसे व्यक्तित्व से भी है जो बिरल ही होता है। विदुषी रत्नकुमारी जी पर अपने पिताश्री सहित गांधी जी की विचारधारा का प्रभाव इतना मजबूत बना कि उन्होंने अपने कर्तव्य की राह पर रफ्ता-रफ्ता शुरुआत भर नहीं की बल्कि उसे समय के साथ सामयिक बुलंदी दी और उस मार्ग पर अग्रसर रहीं, जो सर्व हितैषी, कल्याणकारी भावना का धनी बना। शिक्षा का सकारात्मक मंथन, विशेषकर महिलाओं के लिए भी, उनके कृतित्व में रचा-बसा रहा, जिस उद्देश्य को लेकर हितकारिणी सभा अपने डेढ़ सौ से ज्यादा साल का सुनहरा सफर पूरा कर चुकी है। महिलाओं के अधिकारों और स्वावलंबन के क्षेत्र में उन्होंने जागृति फैलाने का प्रयास किया। इसके लिए उन्होंने जबलपुर में बड़े स्तर पर महिलाओं को सुसंस्कृत किए जाने में भरपूर सफलता पाई। इससे रत्नकुमारी जी की ऐसी छवि बनी जो उस कालखण्ड की पृष्ठभूमि में कम से कमतर थी, जिसे उन्होंने ऊंचाई के स्तर पर ले जाने में श्रेष्ठ कार्य किया। पद्मभूषण सेठ गोविन्ददास जी के सानिध्य में उन्होंने अल्पायु से ही वह सब कुछ सीखा-समझा जो आवश्यक था, जिसने आपको सेठ जी का राजनीतिक उत्तराधिकारी बना दिया। राज्यसभा सांसद के रूप में उन्होंने संस्कारधानी जबलपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए महाकौशल तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। सरल, सादे लेकिन प्रभावशाली व्यक्तित्व उन्हें विरासत भर में नहीं मिला, बल्कि उनकी कार्यक्षमता-कर्मठता की नींव ने उन्हें उस ऊंचाई तक पहुंचाया, जहां उस जमाने में महिलाएं पर्दे के पीछे रहती थीं। वस्तुतः सेठजी की छाया और सानिध्य भी उनके व्यक्तित्व निर्माण में समराही रहा। उन्हें बुआजी के नाम से उसी रूप में देखा गया, जिसकी वे अधिकारिणी थीं। बुआजी से जो कोई मिला, उनका हो गया। हर भेदभाव से परे उनके द्वार सदैव सभी के लिए खुले रहते थे। बखरी की पहचान को 'बुआजी' ने द्विगुणित करते हुए अपनी जीवन यात्रा का वैसा निर्वाह किया, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी उल्लेखनीय साबित हुआ। महिला शिक्षा की, तत्कालीन भूमिका के नेतृत्व में उनका योगदान सारगर्भित संदेश के तौर पर रेखांकित किया जाता रहेगा। समग्ररूपेण उनका जीवन दर्शन युवा पीढ़ी समेत समाज के लिए मूल्यवान धरोहर के रूप में स्वीकार किया जाता है।

# खुश रहना जीवन जीने की महान कला है

ओरिसन स्वेट मार्डेन

हर बात में शिकायत ढूंढना, आलोचना करना और छोटी-सी बात में भी बुराई खोज लेना, आत्मा का धीरे-धीरे क्षय करने वाली सबसे घातक आदत है। यदि यह आदत जीवन की शुरुआत में ही पड़ जाए, तो व्यक्ति अनजाने में इसका कैदी बन जाता है। उसका आत्मबल क्षीण हो जाता है, उसका मन नकारात्मकता की धुंध से घिर जाता है, और फिर उसका पूरा जीवन निराशा और निंदकता की दलदल में फंस जाता है। जीवन में किसी भी क्षेत्र में कामयाबी हासिल करने का सबसे पहला नियम है-हर परिस्थिति में उजियारा देखने की आदत डालना। चाहे विपरीत हवा कितनी भी प्रचंड क्यों न हो, अपने मन को यह वचन दीजिए कि मैं हर दिन को एक नई भोर की तरह देखूंगा।

सफलता केवल मेहनत या कौशल का परिणाम नहीं होती, बल्कि यह आपके दृष्टिकोण का प्रतिबिंब भी होती है। चाहे जीवन में कितनी भी चुनौतियां आएं, यदि आप यह संकल्प ले लें कि हर दिन का भरपूर आनंद लेंगे और हर अनुभव में कुछ न कुछ सीखने योग्य ढूंढेंगे, तो आपके भीतर अद्भुत शक्ति जागृत होने लगती है। सकारात्मकता कोई साधारण आदत नहीं, बल्कि आत्मा को ऊंचा उठाने वाला अमृत है। कठिन से कठिन माहौल में भी यदि आप ध्यान से देखें, तो आपको कोई न कोई ऐसा पहलू अवश्य दिखेगा, जो मन को संतोष दे और आगे बढ़ने का रास्ता दिखाए।

युवाओं के लिए यह क्षमता कि वे प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मुस्कान बनाए रखें, किसी भी धन-दौलत से अधिक कीमती है। यह वही शक्ति है, जो साधारण मनुष्य को असाधारण बनाने का सामर्थ्य रखती है। इसलिए संकल्प लें कि जीवन में आशावाद आपका स्थायी साथी होगा, निराशा को आपके भीतर घर करने की अनुमति कभी नहीं मिलेगी, और जहां भी जाएंगे, अपने साथ प्रकाश, ऊर्जा और प्रसन्नता लेकर जाएंगे। खुशी का प्रभाव किसी चमत्कारिक औषधि की तरह होता है। यह केवल मन को ही नहीं, शरीर को भी स्वस्थ बनाती है। एक खुशमिजाज व्यक्ति की उपस्थिति से पूरा माहौल बदल जाता है, वहां मौजूद लोगों के मन में उत्साह और वातावरण में नई ऊर्जा का संचार हो जाता है। जैसे एक संगीतकार बनने के लिए केवल इच्छा नहीं, बल्कि निरंतर अभ्यास आवश्यक है, वैसे ही खुश रहना भी एक कला है, एक अनुशासन है। मन में यह विश्वास जगाएं कि हमारे भीतर बाधाओं को पार करने की अपार क्षमता है। दृष्टिकोण बदलने भर से जीवन का हर दृश्य बदल जाता है। हर बुरी से बुरी घटना में भी कोई न कोई संदेश होता है, कोई सीख छिपी होती है, जो आगे बढ़ना सिखाती है। सच्चाई यही है कि प्रसन्न मनुष्य सबसे अधिक ताकतवर होता है। मैसिलन के शब्दों में 'स्वास्थ्य व अच्छा मूड इन्सान के लिए वही हैं, जो पेड़-पौधों के लिए धूप। खुश रहना कमजोरी नहीं, बल्कि जीवन जीने की सबसे महान कला है।

# हिंदू आस्था का मान रखने वाले जज के खिलाफ पूरे विपक्ष का एकजुट होना चिंताजनक मिसाल है



नीरज कुमार दुबे

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

हिंदू-बहुल भारत में आखिर यह स्थिति क्यों पैदा हो गई है कि किसी हिंदू को अपने ही प्राचीन धर्मस्थल पर दीपक जलाने या पूजा करने के लिए अदालत से अनुमति लेनी पड़े? यह स्थिति आखिर क्यों पैदा हो गयी है कि न्यायालय पूजा की अनुमति दे दे तो सरकार उस अनुमति के क्रियान्वयन को ही रोक दे? यह स्थिति क्यों बन गयी है कि अदालत अनुमति दे दे तो कुछ राजनीतिक दल उस न्यायाधीश को ही पद से हटाने की मांग करने लगें जिसने हिंदुओं को अपने धर्म स्थल पर पूजा करने की अनुमति दी? क्या यह लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्वाभाविक दृश्य है? सवाल उठता है कि तुष्टिकरण की राजनीति की आड़ में हिंदू आस्था को बार-बार क्यों चोट पहुँचायी जाती है? क्या बहुसंख्यक धर्म की परंपराएँ केवल इसलिए संदेह के घेरे में हैं क्योंकि कुछ राजनीतिक दल अपने वोट बैंक की राजनीति को धर्म और इतिहास से ऊपर रख चुके हैं? और क्या अब न्यायपालिका तक को इस आधार पर निशाना बनाया जाएगा कि उसका निर्णय किसी समुदाय को राजनीतिक रूप से असुविधाजनक लगा?

इन मूलभूत प्रश्नों के बीच तिरुप्परनकुंद्रम का दीपथूण विवाद केवल एक धार्मिक अनुष्ठान का मामला नहीं रह गया है; यह प्रशासनिक निष्पक्षता, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हो रही राजनीति की वास्तविकता का आईना बन चुका है। हम आपको बता दें कि मदुरै के तिरुप्परनकुंद्रम में अरुलमिघु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर और उससे सटे 'दीपथूण' (पत्थर के दीप-स्तंभ) पर दीप प्रज्वलन को लेकर उठा विवाद लगातार कानूनी और राजनीतिक टकराव का रूप लेता जा रहा है। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ द्वारा 'दीपथूण' पर दीप जलाने की अनुमति देने के बाद राज्य सरकार ने न केवल इस आदेश को चुनौती दी बल्कि जिला प्रशासन ने भी पर्वत की तलहटी पर ही श्रद्धालुओं को रोक दिया। इस घटना ने न्यायपालिका और राज्य सरकार के बीच तनाव को सार्वजनिक रूप से उद्घाटित कर दिया।

हम आपको बता दें कि 1 दिसंबर को न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन ने हिंदू तमिलर कच्ची के संस्थापक राम रविकुमार की याचिका पर आदेश देते हुए भक्तों को तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित दीपथूण पर दीप जलाने की अनुमति दी थी। लेकिन 3 दिसंबर के कार्तिगई दीपम उत्सव के दिन प्रशासन ने उन्हें रोक दिया जिसके बाद रविकुमार ने अवमानना याचिका दायर की। उसी दिन न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने दस भक्तों को दीपथूण तक जाने और वहाँ दीप प्रज्वलित करने की अनुमति दी तथा उनकी सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ कवर प्रदान करने का निर्देश दिया। इसके बावजूद पुलिस ने समूह को रोक दिया और राज्य सरकार ने अवमानना कार्यवाही से बचने के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

हम आपको बता दें कि इस मामले की जड़ें लगभग सौ वर्ष पुरानी हैं। तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी, जो भगवान मुरुगन के छह प्रमुख पवित्र स्थलों (अरुपडई वीड़कु) में से एक है, वहां पर स्थित मंदिर और एक दरगाह के बीच 1920 से ही स्वामित्व और धार्मिक अधिकारों को लेकर विवाद रहा है। उस समय सिविल कोर्ट और बाद में प्रिवी काउंसिल ने पहाड़ी को मंदिर सम्पत्ति घोषित किया था। किंतु दीप प्रज्वलन की परंपरा को लेकर न्यायालय ने 1996 में यह कहा था कि पारंपरिक स्थान मंदिर परिसर का उचिपिल्लैयार कोविल मंडपम है; हालांकि भविष्य में किसी वैकल्पिक स्थान पर दीप प्रज्वलन की अनुमति एचआरएंडसीई विभाग द्वारा दी जा सकती है, बशर्ते वह दरगाह से दूर हो।



इसके बाद भी दीपथूण को पारंपरिक स्थल बताकर कई याचिकाएँ दायर हुईं, जिन पर 2014 और 2017 में उच्च न्यायालय ने यह दोहराया था कि मंदिर प्रबंधन ही धार्मिक परंपराओं और स्थलों का निर्धारण करेगा। लेकिन इस वर्ष पुनः इस विवाद ने जोर पकड़ा और राजनीतिक रंग ले लिया। राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय की खंडपीठ में अपील दायर कर दी है। वहीं 5 दिसंबर को खंडपीठ ने मंदिर प्रबंधन का पक्ष रखते हुए यह चेतावनी दी कि न्यायपालिका का अपमान करने वाली टिप्पणियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद 9 दिसंबर को अदालत ने तमिलनाडु के मुख्य सचिव और एडीजीपी (कानून-व्यवस्था) को 17 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होने का आदेश दिया, क्योंकि प्रशासन ने न्यायालय के पूर्व आदेशों का पालन नहीं किया। दूसरी ओर, यह विवाद इसी बीच संसद तक पहुँच गया है। कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी, एनसीपी (एसपी) और एआईएसआईएम से संबद्ध 107 विपक्षी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति स्वामीनाथन को हटाने का प्रस्ताव सौंपा। आरोप लगाया गया कि न्यायाधीश ने एक विशेष राजनीतिक विचारधारा से प्रभावित होकर निर्णय दिए और निष्पक्षता व धर्मनिरपेक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा है। देखा जाये तो विपक्ष का यह कदम अपने आप में एक बड़ा राजनीतिक टकराव बन चुका है, क्योंकि इसे न्यायपालिका पर सीधे प्रहार के रूप में देखा जा रहा है। जिस प्रकार से विपक्षी दलों ने न्यायाधीश के निर्णय से असहमति को आधार बनाकर उन्हें हटाने का प्रस्ताव दिया, वह भारतीय लोकतंत्र में अभूतपूर्व और चिंताजनक मिसाल है।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी का इतिहास केवल मंदिर-प्रशासन से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि यह हिंदू आस्था का एक महत्त्वपूर्ण केंद्र है जहाँ सदियों से भक्तों की उपस्थिति रही है। 1920 के सिविल डिक्री और प्रिवी काउंसिल के निर्णय ने स्पष्ट कहा था कि पहाड़ी मंदिर की संपत्ति है तथा दरगाह उससे केवल कुछ सीमित हिस्सों में सम्बद्ध है। यह तथ्य अपने आप में बताता है कि दीपथूण पर दीप जलाना मंदिर-परिसर के भीतर ही धार्मिक अनुष्ठान का एक स्वाभाविक हिस्सा है। फिर भी, पिछले तीन दशकों में दीपथूण को लेकर विवाद गहराता गया और प्रशासन ने अक्सर सुरक्षा या साम्प्रदायिक संवेदनशीलता का हवाला देकर हिंदू परंपराओं को सीमित किया। यह वही मानसिकता है जो डीएमके और उसके सहयोगियों की राजनीति में बार-बार दिखाई देती है, जहाँ बहुसंख्यक आस्था को दबाकर तुष्टिकरण को राजनीतिक लाभ का साधन बना दिया जाता है। यह संयोग नहीं है कि वही दल, जिसके नेताओं ने अनेक बार सनातन धर्म को नष्ट करने योग्य कहा, वही आज दीपथूण में दीप जलाने का विरोध कर रहा है।

यहाँ प्रश्न केवल परंपरा का नहीं, बल्कि अधिकारों का है। जब उच्च न्यायालय का स्पष्ट आदेश मौजूद था कि भक्त दीपथूण पर दीप जला सकते हैं, तब राज्य सरकार द्वारा उसे लागू न करना न केवल न्यायालय की अवमानना है बल्कि धार्मिक स्वतंत्रता का खुला हनन भी है। जिस प्रकार अदालत ने पुलिस और प्रशासन को फटकारते हुए कहा कि न्यायपालिका का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा, वह बताता है कि सरकार किस हद तक अपनी सीमाएँ भूल चुकी है।

लेकिन इससे भी खतरनाक कदम था 107 विपक्षी सांसदों द्वारा न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव। यह केवल असहमति का मुद्दा नहीं, बल्कि न्यायपालिका को धमकाने का सीधा प्रयास है। अगर किसी निर्णय से असहमति हो तो अपील का मार्ग उपलब्ध है; परन्तु न्यायाधीश की नीयत पर प्रश्नचिह्न लगाना और उन्हें राजनीतिक विचारधारा से जोड़कर हटाने का प्रयास करना लोकतांत्रिक संस्थाओं को अस्थिर करने जैसा है। यह न्यायपालिका को संदेश देता है कि धार्मिक मामलों पर निर्णय देते समय राजनीतिक दबाव को ध्यान में रखना पड़ेगा, जो कि किसी भी स्वतंत्र न्यायिक व्यवस्था के लिए विषाक्त है।

वैसे तो सनातन धर्म के विरुद्ध डीएमके के कई नेताओं के वक्तव्य पहले ही सामाजिक समरसता को कमजोर करते रहे हैं। अब दीपथूण पर दीप जलाने के खिलाफ प्रशासनिक दमन और फिर न्यायाधीश पर निशाना साधना इस बात का प्रमाण है कि यह विवाद मूलतः विधिक नहीं, बल्कि वैचारिक और राजनीतिक है। इसमें आस्था को बार-बार चोट पहुँचाई गई है और उन भक्तों को अपराधी जैसा व्यवहार झेलना पड़ा है जिन्होंने केवल अपनी परंपरा निभानी चाही। बहरहाल, यह विवाद एक व्यापक प्रश्न खड़ा करता है कि क्या भारत में बहुसंख्यक आस्था को केवल इसलिए सीमित किया जा सकता है कि कुछ राजनीतिक दल अपने वोट-बैंक को नाराज़ नहीं करना चाहते?

# 2520 किमी एरिया में नॉटैम जारी, अब कौन सा डेडली मिसाइल लॉन्च करने वाला है भारत?

नई दिल्ली

भारत के पूर्वी हिस्से में 2,520 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर नॉटैम (वायुसैनिकों के लिए सूचना) जारी की गई है, जिसमें ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लेकर बंगाल की खाड़ी के विशाल क्षेत्र तक का इलाका शामिल है। यह सूचना 17 से 20 दिसंबर तक प्रभावी रहेगी। सूत्रों के अनुसार, यह अलर्ट किसी मिसाइल परीक्षण से संबंधित हो सकता है, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

यह चेतावनी भारत द्वारा 6 से 8 दिसंबर तक बंगाल की खाड़ी के ऊपर 14,000 किलोमीटर के क्षेत्र में नो-फ्लाई ज़ोन नोटिस जारी करने के कुछ दिनों बाद आई है, क्योंकि संभावित मिसाइल परीक्षण की आशंका थी। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय सशस्त्र बल इस क्षेत्र में एक शक्तिशाली सुपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण कर सकते थे। इससे पहले, भारतीय वायु सेना के प्रमुख सैन्य अभ्यास के लिए राजस्थान में 23 से 25 जुलाई के बीच बाड़मेर से जोधपुर तक के क्षेत्रों को कवर करते हुए नोटम जारी किया गया था। इस अभ्यास का उद्देश्य रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रेगिस्तानी क्षेत्र में युद्ध की तैयारियों को बढ़ाना था। यह वही क्षेत्र है जहां ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों द्वारा सबसे अधिक घुसपैठ देखी गई थी। हालांकि, सभी खतरों को रोककर सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया गया था।



नोटिस टू एयरमेन, विमानन उद्योग में पायलटों, एयर ट्रैफिक कंट्रोलरों और अन्य विमानन कर्मियों के साथ महत्वपूर्ण, समय-संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक आधिकारिक अलर्ट है। जैसा कि नाम से पता चलता है, यह सीधे उड़ान संचालन और हवाई सुरक्षा से जुड़ा है। नॉटैम का प्राथमिक उद्देश्य सुरक्षित और सुचारू हवाई यात्रा सुनिश्चित करना है। जब भी किसी हवाई अड्डे, हवाई क्षेत्र या विमानन सुविधा से संबंधित कोई अस्थायी परिवर्तन, खतरा या विशेष स्थिति होती है, तो नॉटैम जारी किया जाता है। यह जानकारी दूरसंचार प्रणालियों के माध्यम से शीघ्रता से प्रसारित की जाती है ताकि उड़ान योजना में शामिल लोग मार्गों या समय-सारणी को तुरंत समायोजित कर सकें।

उड़ान संचालन में नॉटैम की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह हवाई अड्डे के संचालन और एयर ट्रैफिक कंट्रोल को वास्तविक समय का डेटा प्रदान करता है, जो फिर इस जानकारी को पायलटों तक पहुंचाते हैं। चाहे वह रनवे बंद होना हो, खराब मौसम हो, हवाई क्षेत्र में अवरोध हो, या कोई नई परिचालन प्रक्रिया हो, नॉटैम यह सुनिश्चित करता है कि पायलटों और ग्राउंड स्टाफ को इसकी जानकारी पहले से हो।

## ट्रंप से जितनी जल्दी हो सके मिलने को तैयार हूँ: ताकाइची

**टोक्यो, (वार्ता)।** जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने संसद में कहा है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जल्द से जल्द मिलने के लिए तैयार हैं।सुश्री ताकाइची ने बुधवार को कहा, मैं वाशिंगटन जा सकती हूं और जब राष्ट्रपति ट्रंप विदेश जाएंगे और यदि उनसे मिलना संभव है तो मैं जल्दी उनसे मिलना चाहूंगी। यह बात उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी फॉर द पीपल के नेता युइचिरो तमाकी के चीन दौरे से पहले श्री ट्रंप से मिलने के प्रस्ताव के बाद कही।श्री तमाकी ने खास तौर पर सुझाव दिया कि प्रधानमंत्री अगले वर्ष जनवरी में दावोस फोरम में हिस्सा लें और वहां ट्रंप से मिलें। जापानी प्रधानमंत्री आमतौर पर इस फोरम में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं होते हैं । जापान और चीन के बीच तनाव उस समय तब बढ़ गया जब जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने कहा कि ताइवान पर चीनी हमला अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करने वाली स्थिति पैदा करेगा, जिससे जापान को जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उनकी इस टिप्पणी पर चीन के साथ-साथ जापान में विपक्षी पार्टियों ने भी आपत्ति जताई। इसके जवाब में चीनी विदेश मंत्रालय ने जापानी राजदूत केंजी कानासुगी को तलब किया। चीन ने अपने नागरिकों से जापान की यात्रा न करने की भी अपील की है।

# वेनेजुएला के जहाज पर उतरी ट्रंप की सेना, पल भर में किया कब्जा

नई दिल्ली



अमेरिका ने वेनेजुएला के तट से दूर एक तेल टैंकर (जहाज) को कब्जे में लिया है। अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पामेला बॉन्डी ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें अमेरिकी सैनिक अपने विमान से जहाज के डेक पर उतरते हैं और शिप के कंट्रोल एरिया में जाकर उसे जब्त कर लेते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इस कार्रवाई को लेकर अमेरिकी सैनिकों की तारीफ की है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमने अभी-अभी वेनेजुएला के तट से एक टैंकर जब्त किया है। यह टैंकर अब तक का जब्त किया गया सबसे बड़ा टैंकर है।

हालांकि, ट्रंप ने इस बात से साफ इनकार कर दिया कि टैंकर का मालिक कौन है। लेकिन जब उनसे जहाज के तेल के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि ठीक है, मुझे लगता है कि यह हमारे पास ही है। ट्रंप के बयान के कुछ घंटों के बाद अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने ङ्क पर एक पोस्ट में एक वीडियो साझा किया और कहा कि सरकार ने वेनेजुएला और ईरान से आ रहे एक टैंकर पर जब्ती वारंट को लागू किया।

उन्होंने कहा कि आज फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन, होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशन और यूनाइटेड स्टेट्स कोस्ट गार्ड ने, रक्षा विभाग के सहयोग से, वेनेजुएला और ईरान से बैन तेल ले जाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एक कच्चे तेल के टैंकर को जब्त करने का वारंट जारी किया।

कई सालों से, यह तेल टैंकर एक अवैध तेल शिपिंग नेटवर्क में शामिल होने के कारण अमेरिका द्वारा बैन था, क्योंकि, यह विदेशी आतंकवादी संगठनों को सपोर्ट करता था। अमेरिकी सैनिकों द्वारा इस जहाज की जब्ती वेनेजुएला के तट के पास की गई। बैन तेल के ट्रांसपोर्ट को रोकने के लिए होमलैंड सिक्योरिटी विभाग द्वारा जांच जारी है।

# फारूक अब्दुल्ला ने भारत के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने की रक्षा करने का आह्वान किया

श्रीनगर, (वार्ता)

जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मानवाधिकार दिवस के अवसर पर देश भर के सभी राजनीतिक दलों, सार्वजनिक संस्थानों तथा नागरिक समाज समूहों से भारतीय गणराज्य की नींव बनाने वाले धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराने का आह्वान किया। श्री अब्दुल्ला ने एक बयान में कहा, मानवाधिकार दिवस सिर्फ एक प्रतीकात्मक पालन नहीं है, बल्कि यह धर्म, क्षेत्र, भाषा या जातीयता की परवाह किए बिना सभी नागरिकों की गरिमा, समानता और स्वतंत्रता को बनाए रखने की हमारी



सामूहिक जिम्मेदारी की एक शक्तिशाली याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विविध देश में मानवाधिकारों की सुरक्षा धर्मनिरपेक्षता की सुरक्षा से अविभाज्य है। हमारे देश का धर्मनिरपेक्ष चेहरा कोई अमूर्त आदर्श नहीं है। यह वही ताना-बाना है जो हमें एक राष्ट्र के रूप में एक साथ बांधता है। ऐसे समय में जब विभाजनकारी ताकतें हमारे साझा मूल्यों को खत्म करने की धमकी दे रही हैं, यह अनिवार्य है कि हर राजनीतिक दल पक्षपातपूर्ण हितों से ऊपर उठे और न्याय, सद्भाव और आपसी सम्मान के सिद्धांतों की रक्षा करे। पूर्व मुख्यमंत्री ने राजनीतिक नेताओं से ऐसे बयानबाजी या कार्यों से बचने का आग्रह किया जो ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे सकते हैं और इसके बजाय ऐसी नीतियों का समर्थन करें जो समावेशिता को मजबूत करें और हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त बनाएं। मानवाधिकार डर और संदेह के माहौल में फल-फूल नहीं सकते। वे तभी पनपते हैं जब हर व्यक्ति सुरक्षित, सम्मानित और कानून के सामने समान महसूस करता है।

## थाईलैंड-कंबोडिया सीमा संघर्ष जारी, हताहतों की संख्या बढ़ी

**बैंकॉक/नोम पेन्ह,(वार्ता)।** थाईलैंड और कंबोडिया की सीमा पर चल रहे संघर्ष में दोनों देशों को भारी नुक़सान हुआ है। थाईलैंड ने नौ सैनिकों की मौत और लगभग दो लाख नागरिकों के विस्थापित होने की सूचना दी है, जबकि कंबोडिया ने दस नागरिकों के मारे जाने की पुष्टि की है। थाईलैंड के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सुरसंत कोंगसिरी ने गुरुवार को कहा कि जारी सीमा झड़पों में नौ थाई सैनिक मारे गए हैं और एक सौ बीस से अधिक लोग घायल हुए हैं। उन्होंने प्रेस ब्रीफ़िंग में बताया कि संघर्ष के कारण तक़रीबन दो लाख थाई नागरिक विस्थापित हुए हैं, जिन्होंने शरणार्थी शिविरों में पनाह ली है। अब तक तीन शरणार्थियों की मौत की सूचना है और कुल 849 शरणार्थी शिविर स्थापित किए गए हैं।

# मेलोनी ने जेलेंस्की से की युक्रेन युद्ध को समाप्त करने की अपील

रोम, (वार्ता)

इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने यहां यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोडिमिर ज़ेलेंस्की से मुलाकात के दौरान यूक्रेन में जारी संघर्ष को सुलझाने का आग्रह किया है।

इटली के अखबार कोरिएरे डेला सेरा ने अपनी रिपोर्ट रिपोर्ट में ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी के सूत्रों के हवाले से कहा है कि सुश्री मेलोनी ने श्री ज़ेलेंस्की पर अमेरिकी शांति योजना के संबंध में आग्रह किया। इस दौरान श्री ज़ेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नरम रुख अपनाने के लिए उनसे (सुश्री मेलोनी) से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।

वहीं इटली के एक अन्य अखबार ला रिपब्लिका ने अपनी



रिपोर्ट में बताया कि सुश्री मेलोनी ने श्री ज़ेलेंस्की को चेतावनी दी कि अमेरिका की सहायता के बिना यूरोपीय संघ की सहायता प्रदान करने की क्षमता सीमित है। उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति से अमेरिकी सुरक्षा गारंटी हासिल करने के लिए श्री ट्रम्प की शांति योजना में शामिल होने का आग्रह किया।

इसी बीच, इटली के उप प्रधानमंत्री एवं लीग पार्टी के नेता माटेओ साल्विनी ने यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को एक हारा हुआ मामला बताया और कहा कि यूरोपीय अधिकारियों को शांति वार्ता में शामिल होने में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा, इस युद्ध में पहले ही 300 अरब डॉलर खर्च हो चुके हैं, और श्री ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि वह अगले साल एक भी लीरा खर्च नहीं करेंगे। इसमें यूरोप का 140 अरब यूरो खर्च होगा और मैं एक ऐसे युद्ध को जारी रखने के लिए इटली के स्वास्थ्य विभाग से पैसे नहीं लूंगा जो पहले ही हारा जा चुका है।

उन्होंने कहा कि रूसी सैनिक आगे बढ़ रहे हैं, जबकि यूक्रेन संघर्ष कर रहा है और अपने नागरिकों को सेना में शामिल करने के लिए मजबूर है, जो बाद में भगोड़े बन जाते हैं।

## गाज़ा में युद्ध जारी रख क्षेत्र में वर्चस्व बढ़ाना चाहता है इजरायल : तुर्की

अनकारा, (वार्ता)

तुर्की के विदेश मंत्री हकान फ़िदान ने बुधवार को कहा कि इजरायल सीरिया को अपने विस्तार के क्षेत्र के तौर पर देखता है जबकि इजरायली प्रधानमंत्री बेन्जमिन नेतन्याहू का मंत्रिमंडल गाज़ा में अलग-अलग तरीकों से युद्ध जारी रख पश्चिमी एशिया में अपना वर्चस्व मज़बूत रखने की कोशिश कर रहा है। अनादोलू एजेंसी ने श्री फिदान के हवाले से कहा, तेल अवीव की हरकतों का सीरिया पर असर पड़ रहा है। यह क्षेत्र की स्थिरता के लिये गंभीर खतरा है। इजरायल अपने पड़ोसियों की असुरक्षा की कीमत पर अपनी सुरक्षा मजबूत करने की कोशिश कर रहा है, जबकि स्थिरता सिर्फ़ सहयोग से ही मिल सकती है। बयान में कहा गया, इजरायल को फिलिस्तीनियों के राष्ट्र के अधिकार का विरोध छोड़ देना चाहिये, गाजा में सैन्य कार्रवाई बंद करनी चाहिए, तय शांति समझौते को लागू करना सुनिश्चित करना चाहिए और क्षेत्रीय देशों के साथ ठोस बातचीत की ओर बढ़ना चाहिए। यह तरीका स्थिरता, सुरक्षा और समृद्धि के लिए हालात बना सकता है।

# जरूरतमंद के आवास, बीमार के उपचार की करेंगे व्यवस्थाः योगी

गोरखपुर, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। योगी गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मुलाकात की और कहा कि कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए।

जनता दर्शन में एक महिला ने आवास की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया और कहा कि सरकार की मंशा है कि हर जरूरतमंद के पास पक्का आवास हो। जनता दर्शन में एक महिला ने अपने पति की बीमारी में इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई। इस पर योगी नें महिला को



आश्वस्त किया कि वह अपने पति का अच्छे से इलाज कराएं, पैसे की व्यवस्था विवेकाधीन कोष से करा दी जाएगी। इलाज में आर्थिक मदद मांगने कई अन्य लोग भी आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री पुलिस को निर्देश दिया कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। एक महिला ने अपनी ही जमीन पर काबिज होने के संबंध में कुछ लोगों द्वारा व्यवधान उत्पन्न करने की समस्या पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि महिला को उनकी जमीन पर कब्जा दिलाया जाए। जनता दर्शन में योगी ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि किसी पात्र को योजनाओं का लाभ मिलने में अड़चन आ रही हो तो इसकी जांच जरूर करें कि किसी स्तर पर लापरवाही तो नहीं बरती गई। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

# गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित हुयी आलिया भट्ट

बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट को रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। आलिया भट्ट को हाल ही में सऊदी अरब के जेद्दा में हुये रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।



आलिया को ट्यूनीशियाई अभिनेत्री हेंड सबरी के साथ एक समारोह में सम्मानित किया गया, जिन्हें उमर शरीफ अवॉर्ड से नवाजा गया। आलिया भट्ट ने गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड जीतने पर खुशी जताते हुए कहा कि गोल्डन ग्लोब्स द्वारा सम्मानित होना मेरे लिए गर्व की बात है। उन्होने कहा कि वह दुनिया भर में फिल्म और टेलीविजन में बदलाव ला रही महत्वाकांक्षी कलाकारों और महिलाओं की नई पीढ़ी की ओर से बोलने का मौका मिलने के लिए आभारी हूं। ऐसे समय में जब वैश्विक स्तर प्रभावशाली कहानियों को बताने के लिए लोग एकजुट हो रहे हैं, यह सम्मान वाकई काफी महत्वपूर्ण बन जाता है। आलिया भट्ट जल्द ही यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स की आगामी फिल्म 'अल्फा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ शरवरी वाघ ,बॉबी देओल और अनिल कपूर भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा, आलिया संजय लीला भंसाली की महत्वाकांक्षी फिल्म लव एंड वॉर में भी नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल जैसे कलाकार हैं।



# ऋतिक रोशन और अक्षय कुमार ने फिल्म धुरंधर की तारीफ की

ऋतिक रोशन और अक्षय कुमार ने फिल्म धुरंधर की तारीफ की है। फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह ,अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन और अर्जुन रामपाल की अहम भूमिका हैं। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। ऋतिक रोशन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखकर धुरंधर देखने के बाद अपने विचार शेयर किए।उन्होंने लिखा, मुझे सिनेमा पसंद है, मुझे वे लोग पसंद हैं जो कहानी में पूरी तरह डूब जाते हैं और उसे खुद पर हावी होने देते हैं। धुरंधर इसका एक शानदार उदाहरण है। मुझे इसकी कहानी कहने का तरीका बहुत पसंद आया। यही तो सिनेमा है। ऋतिक ने लिखा, मैं इसके राजनीति वाले हिस्से से सहमत नहीं हूं और इस बात पर बहस कर सकता हूं कि एक फिल्ममेकर के तौर पर हमारी क्या जिम्मेदारियां हैं, लेकिन फिर भी, एक सिनेमा के छात्र के रूप में मैंने इससे बहुत कुछ सीखा और इसे पसंद किया। कमाल की फिल्म है। अक्षय कुमार ने भी फिल्म धुरंधर को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, धुरंधर देखी और मैं हैरान रह गया। क्या जबरदस्त कहानी है और आदित्य धर, आपने गजब काम किया है। हमें ऐसी कहानियां चाहिए जो असर छोड़ें, और अच्छा लगा कि दर्शक इस फिल्म को इतना प्यार दे रहे हैं।

# सोनी सब के शो गणेश कार्तिकेय का आने वाला एपिसोड मेरे लिये बेहद खास : श्रेनु पारिख



श्रेनु पारिख का कहना है कि सोनी सब के शो' गाथा शिव परिवार की गणेश कार्तिकेय का आने वाला एपिसोड उनके लिये बेहद खास है। सोनी सब की पौराणिक गाथा, 'गाथा शिव परिवार की ङ्क गणेश कार्तिकेय' , शिव परिवार देवताओं के पहले परिवार की कम-ज्ञात कहानियों को जीवंत करती है। यह शो आध्यात्मिक भव्यता को कोमल पारिवारिक भावनाओं के साथ खूबसूरती से मिश्रित करता है, यह दिखाता है कि भगवान शिव, देवी पार्वती, भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय का दिव्य परिवार प्रेम, कर्तव्य और संघर्ष को कैसे संभालता है। आने वाले एपिसोड में दिव्य कहानी भगवान गणेश के भाग्य के एक महत्वपूर्ण मोड़, उनके विवाह की ओर बढ़ रही है। जब तुलसी (गीत जैन) भगवान गणेश से विवाह करने की इच्छा व्यक्त करती हैं, तो वह विनम्रतापूर्वक उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर देते हैं। उनके मना करने से आहत होकर, तुलसी उन्हें शाप देती हैं, यह घोषणा करते हुए कि भगवान गणेश दो बार विवाह करेंगे और दो पत्नियों से बंधे रहेंगे। यह शाप ही वह चिंगारी बन जाता है जो एक गहरे ब्रह्मांडीय सत्य को प्रकट करता है- यह वह समय है जब भगवान गणेश का भगवान ब्रह्मा (आरके दत्ता) की पुत्रियों, रिद्धि (नारायणी वर्णे) और सिद्धि (श्रेया पटेल) के साथ पवित्र मिलन होगा। जैसे ही पार्वती इस दिव्य बदलाव को महसूस करती हैं, वह भगवान गणेश से दो उज्ज्वल प्रकाश निकलते हुए देखती हैं, जो इस बात का संकेत है कि उनकी नियत दुल्हनें उनके जीवन में प्रवेश कर रही हैं। यह शक्तिशाली मोड़ भगवान गणेश की यात्रा के सबसे महत्वपूर्ण अध्यायों में से एक के लिए मंच तैयार करता है- रिद्धि और सिद्धि के साथ उनका शुभ विवाह, जो उनके दिव्य मार्ग में समृद्धि और ज्ञान लाएंगे।



# प्रथाओं की ओढ़े चुनरी: बींदणी में होगी रानी चटर्जी की एंट्री

सन नियो के लोकप्रिय शो प्रथाओं की ओढ़े चुनरी- बींदणी में भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री रानी चटर्जी की एंट्री होने जा रही है। शो %प्रथाओं की ओढ़े चुनरी- बींदणी में आग, साहस और तीखे जज़्बातों से भरा एक नया तूफान आने वाला है। इस तूफान का नाम है ज्वाला और इस दमदार किरदार को निभा रही हैं मशहूर अभिनेत्री रानी चटर्जी। उनकी एंट्री शो की पूरी दिशा बदल कर रख देगी, जब एक निडर और मजबूत महिला कहानी के केंद्र में नज़र आएगी।

रानी चटर्जी ने कहा, शो पिछले कई महीनों से ऑन-एयर है और लोगों द्वारा इसे बहुत पसंद भी किया जा रहा है, लेकिन मैं यकीन से कह सकती हूँ कि मेरी एंट्री के बाद यह कहानी एक मजबूत और रोमांचक मोड़ लेगी। ज्वाला की एंट्री इस शो में बड़ा बदलाव लाएगी। %ज्वाला% का नाम ही इस किरदार की ताकत को दर्शाता है, जिसमें एक ऐसी आग और शक्ति है, जो मुझे भी काफी प्रेरित करती है। रानी चटर्जी ने कहा, असल ज़िंदगी में भी मैं हमेशा स्वतंत्र और मजबूत रही हूँ। मैं ऐसे किरदार नहीं करना चाहती, जहाँ महिलाएँ सिर्फ रोती रहें या फिर सब कुछ चुपचाप सहती रहें। मैं चाहती हूँ कि महिलाएँ पर्दे पर भी साहसी और सशक्त दिखें। ज्वाला उसी का प्रतीक है। वह एक ऐसी माँ है और ऐसी स्त्री है, जो अपने बच्चे के लिए ईश्वर से भी लड़ सकती है। शो %प्रथाओं की ओढ़े चुनरी- बींदणी% हर रोज़ रात 9-00 बजे, सिर्फ सन नियो पर प्रसारित होता है।

# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस द्वारा कॉलेज चलो अभियान का शानदार शुभारंभ, दी गई जानकारी

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने उच्च शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए और छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से कॉलेज चलो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। महाविद्यालय की यह पहल नई शिक्षा नीति और सरकारी योजनाओं के तहत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अभियान की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर. बी. सिंह के मार्गदर्शन व कॉलेज चलो अभियान टीम के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश दुबे के नेतृत्व में की गई। इस टीम में समिति की सह-संयोजक डॉ. नमिता साहू, सदस्य सुश्री इंदु सिंह, और सहायक क्षीरसागर शामिल थे। ?टीम ने।



सबसे पहले पीएमश्री एमएलबी शासकीय हायर सेकेंडरी व एक्सीलेंस स्कूल का दौरा किया। विद्यालय में उपस्थित कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने हेतु एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिसमें कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में महाविद्यालय ने शिक्षा और शोध के क्षेत्र में जो कीर्तिमान स्थापित किए हैं, उनसे विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (हृश्वक्क) 2020ऱ नई शिक्षा नीति के तहत बहु-विषयक दृष्टिकोण, क्रेडिट ट्रांसफर, और कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, समृद्ध पुस्तकालय, खेल सुविधाओं, और तकनीकी रूप से उन्नत कक्षाओं के बारे में बताया गया। छात्रों के लिए उपलब्ध विभिन्न छात्रवृत्तियों और सरकारी सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे वे बिना किसी वित्तीय बाधा के उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। प्रवेश प्रक्रिया सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया, महत्वपूर्ण तिथियों और आवश्यक दस्तावेजों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

डॉ. दिनेश दुबे ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे केवल प्रमाण पत्र के लिए नहीं, बल्कि अपने करियर और व्यक्तित्व विकास के लिए महाविद्यालय आएं। डॉ. नमिता साहू ने विद्यार्थियों को कॉलेज परिसर में आकर भ्रमण करने और वहाँ के शैक्षणिक माहौल को करीब से देखने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया। सूश्री इंदु सिंह ने विद्यार्थियों को एआई और कंप्यूटर कोर्सेस की जानकारी प्रदान की व महाविद्यालय की विशेषताओं का वर्णन किया।



# जनसुनवाई में आम जनों की समस्याओं से रूबरू होकर करते हैं निदान

### 187 आवेदनों पर सुनवाई कर सुलझाई अपनों की समस्या

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा हर गुरुवार को विधायक निवास पर आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई में इस सप्ताह कुल 187 आवेदन प्राप्त हुए। अपने-अपने प्रकरण लेकर पहुंचे आमजन की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए श्री पटेल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया जनता और जनप्रतिनिधि के बीच संवाद का यह सशक्त मंच ग्रामीण अंचलों के लोगों के लिए बड़ी उम्मीद बन चुका है। लोग अपनी समस्याओं को लेकर बिना किसी हिचक के पहुंचते हैं और उनके त्वरित निराकरण से संतुष्ट होकर वापस लौटते हैं। यही विश्वास और भरोसा जालम सिंह पटेल को जनता की पहली पसंद बनाता है राजनीति में प्रवेश से पहले सामाजिक सेवा को प्राथमिकता देने वाले जालम सिंह पटेल आज भी स्वयं को नेता नहीं, बल्कि जनता का बेटा मानते हुए हर वर्ग के हितों की लड़ाई में आगे रहते हैं। जनसुनवाई के माध्यम से लगातार हो रहे समाधान ने क्षेत्रवासियों में यह संदेश स्पष्ट कर दिया है कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु उनका जनसेवक सदैव तत्पर खड़ा है उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि जनसुनवाई में 187 आवेदनों की प्राप्ति हुई इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी गणमान्य नागरिक सहित अनेक समाजसेवी जन मौजूद रहे।





# दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों को उपकरण वितरण हेतु चिन्हांकन शिविर आयोजित

करेली (स्वतंत्र मत)।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरसिंहपुर के तत्वाधान में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर द्वारा दिनांक 10 दिसंबर 2025 को पंडित महादेव प्रसाद तिवारी सामुदायिक भवन, सोमवारा बाजार, राम वार्ड, करेली में दिव्यांगजन एवं वृद्धजन हेतु एडीप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत एक दिवसीय चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 161 दिव्यांगजन एवं वृद्धजन विभिन्न सहायक उपकरणों हेतु चिन्हांकित किए गए। शिविर में आए लाभार्थियों के लिए वाकिंग स्टिक, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, हियरिंग ऐड, कमर एवं घुटने के बेल्ट सहित अनेक सहायक उपकरणों हेतु परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार, उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता नेमा, पार्षदगण, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र स्वामी, अन्य जनप्रतिनिधि, तथा उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग श्रीमती अंजना त्रिपाठी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 30 डम्पर वाहनों की हुई जांच, 10 वाहनों पर लगाया जुर्माना

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** लगातार मिल रही शिकायतों के उपरांत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में और जिला परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा गाडरवारा एनटीपीसी में फ्लाईऐश परिवहन में लगे डम्परों पर कार्रवाई की गई। टीम ने लगभग 30 डम्पर वाहनों की जांच की गई ।जांच के दौरान 10 वाहनों पर असुरक्षित परिवहन बिना फिटनेस, बिना परमिट एवं अन्य उल्लंघनों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। जांच के दौरान वाहन क्रमांक यूपी 93 सीटी 1590 बिना परमिट पाए जाने पर 70 हजार रुपये का शमन शुल्क और यूपी 83 सीटी 7326 पर 75 हजार रुपये का जुर्माना बसूला गया। इसी प्रकार कुल 10 वाहनों, जिनमें आरजे 19 जेई 2989, आरजे 19 जेई 5383, एमपी 07 एचबी 8957, आरजे 21 सीएफ 4333, यूपी 93 सीटी 1590, यूपी 83 सीटी 7326, आरजे 32 जेए 9416, आरजे 11 जीडी 3752, आरजे 21 जेडी 5253 और एमपी 07 एचबी 5468 से कुल 2 लाख 77 हजार रुपये का जुर्माना बसूला गया।

# समाजसेवी आशीष राय के जन्मदिन पर हुए विभिन्न आयोजन

## 448 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण, 101 मरीज मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चयनित

### रक्त दान, पौधारोपण के साथ साथ शहर की समाजसेवी संस्था हुई सम्मानित

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

समाजसेवा में सदैव समर्पित रहने वाला संगठन श्री साईं श्रद्धा सेवा समिति के संस्थापक आशीष राय के जन्मदिवस पर पीड़ित मानवता की सेवा मे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजनों किया गया। जिसमें सर्वप्रथम नई गल्ला मंडी श्री हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के साथ पौधे का रोपण किया जाएगा। तदपश्चात् सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के उपक्रम में शासकीय सिविल अस्पताल के विशेष सहयोग से नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद आपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 448 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया जिनसे से 101 मरीजों का मोतियाबिंद आपरेशन हेतु चयनित होने के उपरांत जबलपुर भेजा गया। जिसमें नेत्र सहायक उत्तम सिंह पटेल,एच एस अहिरवार, डॉ दुर्गेश पटेल के साथ साथ सुख सागर मेडिकल कॉलेज




एंड हॉस्पिटल की टीम का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही इसके उपरांत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं ने बढ़ा चढ़कर भाग लेते हुए करीब 51 जागरूक नागरिकों ने रक्तदान का संकल्प लिया साथ ही 15 रक्तवीरो ने रक्त का दान भी किया। जिसमें डॉ.बबीता सिंह,निखिल कुमार साहू,अजय घारू,ताहिर अली,श्रीमति प्रियंका नामदेव का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इसके उपरांत नगर समाज सेवा में समर्पित संस्थाओं का सम्मान किया गया। जिसमें मुख्यातिथि श्रीमति साधना स्थापक पूर्व विधायक,कमलेश राय प्रदेशाध्यक्ष मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग,डॉ अरूण सक्सेना प्रदेशाध्यक्ष जर्नलिस्टस यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश,पंकज चौकसे जिलाध्यक्ष कलचुरी समाज,अनूप जैन वरिष्ठ समाजसेवी,नागेंद्र त्रिपाठी जिला संयोजक ब्राह्मण महासभा एवं अध्यक्षता कुशलेन्द्र श्रीवास्तव समिति संरक्षक इत्यादि की उपस्थिति में सम्मान समारोह का आगाज मां नर्मदा एवं साईं बाबा के तेलचित्र की पूजा अर्चना से हुआ। स्वागत उद्बोधन संस्थापक आशीष राय ने किया। साथ ही अतिथियों ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए पीड़ित मानवता की सेवा में समर्पित रहते वाली संस्थाओं का सम्मान करना बहुत ही अनुकरणीय कार्य बताया। साथ ही जन्मदिन पर किसी के आंखों का सहारा बनना यह भी अतुलनीय एवं प्रेरणादाई कार्य होता है। इसके उपरांत समितियों का सम्मान किया गया जिसमें श्री सत्य सांई सेवा समिति,रोटरी क्लब, कदम संस्था,विशाल राम रोटी संस्था, मानव सेवा संघ,दयोदय गोशाला,गायत्री परिवार,प्रजापिता ब्रह्मकुमारी विश्व विद्यालय,मां बीजासेन सामाजिक कल्याण सेवा समिति,विजयासन इंस्टीट्यूट,सेवालय परिवार,चेतना संस्था,रामनाम संग्रहालय समिति, लायनेस क्लब,इनर व्हील क्लब,पिरामिड ध्यान केन्द्र संस्था इत्यादि संस्थाएं प्रमुख रही। कार्यक्रम का संचालन रूपेश राय आभार व्यक्त अध्यक्ष प्रदीप ब्रिजपुरिया किया।

इस अवसर पर आध्यात्मिक इकाई अध्यक्ष महेंद्र साहू,युवा अध्यक्ष रंजन स्थापक,सचिव बबलू कहार,सर्वेश राय,जय श्री जायसवाल, वर्षा चौकसे,डॉ कमलेश सोनी,संजय विश्वकर्मा,अमित श्रीवास,ललित कुर्मी,देवेंद्र चौहान, सोहित जैन,नितेश कुर्मी,आशीष कुशवाहा,लकी रजक,ओम राजपूत,कोमल वर्मा,आदर्श विश्वकर्मा,सकिर खान,मोहित पवार,चंदन राजपूत इत्यादि सहित बिजासन इंस्टीट्यूट एवं अम्बा जी एकेडमी के छात्र छात्राओं का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।



# पुलिस उप महानिरीक्षक ने किया जिले का दौरा

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज छिन्दवाडा श्री राकेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक, कार्यालय में जिले की कानून व्यवस्था एवं अपराध समीक्षा की गयी। बैठक में जिले के पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना सहित अति. पुलिस अधीक्षक, सभी अनुभागों के एसडीओपी, उप पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक एवं सभी शाखा प्रभारी उपस्थित हुये। उक्त बैठक के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा थानावार अपराधों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के उपरान्त सुरक्षा इंतजामों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# अर्धवार्षिक मूल्यांकन एवं विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की जाँच

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जनपद शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर अंतर्गत प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा जारी संशोधित समय सारणी अनुसार पाठ्यक्रम अनुसार शैक्षणिक वर्ष के मध्य में आयोजित अर्धवार्षिक मूल्यांकन एवं विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की जाँच करने के उद्देश्य से विकासखंड नरसिंहपुर विकासखंड स्रोत समन्वयक ओ पी राय, बी ए सी ब्रजेश नेमा , विनोद झारिया द्वारा शालाओं का अवलोकन किया



गया ।बी आर सी एवं बी ए सी द्वारा किए गए अवलोकन के दौरान छात्र छात्राओं से मूल्यांकन में सहजता से प्रश्नों के उत्तर लिखने हेतु प्रोत्साहित किया गया। शालाओं के अवलोकन के दौरान कक्षा पहली दूसरी के बच्चों की भाषा, गणित, अंग्रेजी विषय की अभ्यास पुस्तिका के सप्ताह के अनुसार अभ्यास पुस्तिका में बच्चों द्वारा किए जा रहे शिक्षण कार्य का देखा एवं छात्र छात्राओं द्वारा दिए गए अर्धवार्षिक मूल्यांकन की उत्तरपुस्तिकाओं का विधिवत जांच कर परिणाम निर्धारित समय पर तैयार करने , कक्षा शिक्षण के दौरान सहायक सामग्री के साथ समझ के साथ रुचिकर अध्यापन कराने शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए।

# युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 15 दिसम्बर को तेंदूखेड़ा में

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिला रोजगार अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि रोजगार, स्वरोजगार व अप्रेंटिसशिप मेला के अवसर पर बेरोजगार शिक्षित युवक- युवतियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सोमवार 15 दिसम्बर प्रात: 10.30 से शासकीय आईटीआई तेंदूखेड़ा में किया जायेगा। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के ऋण वितरण पत्र जारी किये जायेंगे तथा स्वरोजगार मूलक योजनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी। इसके साथ- साथ विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन कर निजी प्रतिष्ठीत कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक आवेदक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ ले। इसके अलावा क्षेत्र के नियोक्ता जिन्हें अपनी कम्पनी शोरूम/ होटल एवं अन्य प्रतिष्ठित निजी संस्थानों के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता है, तो वह भी मेला स्थल पर अपना स्टाल लगाकर बेरोजगार युवक/ युवतियों का चयन कर उनको रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं।

# मेले में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी

### बरमान मेला- 2026 की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** कलेक्टर एवं अध?यक्ष मेला समिति बरमान श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता और तेंदूखेड़ा विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल की विशेष मौजूदगी में बरमान मेला- 2026 की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में बुधवार को विश्राम गृह बरमानकलां में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेंद्र ठाकुर, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, जनपद पंचायत चांवरपाठा अध्यक्ष श्री सोबरन सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्री धनंजय सिंह, अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम नरसिंहपुर मणिन्द्र कुमार सिंह व एसडीएम गाडरवारा श्रीमती कलावती ब्यारे, अधिकारी, व्यापारी व अन्य संगठनों के पदाधिकारीगण और नागरिक मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मेला स्थल पर रास्ता निर्माण व मरम्मत कार्य, घाटों पर सफाई व मंदिरों की पुताई, वाहनों के लिए स्टेण्ड एवं पार्किंग व्यवस्था, मेला स्थल पर दुकान आवंटन ले-आउट, मेला दुकान के लिए जमीन की दरें, विद्युत व्यवस्था, शौचालय एवं सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, टेंकर व्यवस्था, मेला स्थल के लिए बांस-बल्ली आदि की व्यवस्था, कंट्रोल रूम, दूरसंचार एवं सार्वजनिक ध्वनि विस्तार व्यवस्था, घाट सुरक्षा, तैराक दल, मोटर वोट, अस्थाई थाना, पुलिस कंट्रोल रूम, अग्नि शमन, कानून व्यवस्था, अवैध बसों का संचालन तथा अवैध वसूली पर रोक, नर्मदा जल स्तर नियंत्रण, चिकित्सा व्यवस्था, प्रदर्शनी, टेलीफोन डायरी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, पूजन सामग्री विसर्जन आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने निर्देश दिए कि गोताखारों के लिए लाइफ जैकेट एवं ट्यूब की पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराई जाए। डेन्जर जोन के लिए सेफ्टी बॉल का निर्माण किया जावे। व्यापारियों को सुरक्षा संबंधी रिकॉर्डिंग मैसेज तैयार कर प्रसारित की जावे। ब्रिज एवं नाव पर रोप व्यवस्था। विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल ने कहा कि मेला स्थल पर शौचालय की व्यवस्था की जावे और पुराने शौचालयों की मरम्मत की कराई जावे। बैठक में नर्मदा किनारे बरमानखुर्द एवं बरमानकलां के घाटों की मिट्टी निकालने एवं साफ-सफाई व पुताई का कार्य एस्टीमेट बनाकर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराया जावे। घाटों एवं दीवारों पर स्वच्छता संबंधी नारे लिखने का कार्य करने के निर्देश दिए। वाहनों के लिए स्टेण्ड एवं पार्किंग व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। मेला में सड़कें, दुकानों, मनोरंजन स्थल, प्रदर्शनी आदि के लिए ले-आऊट पूर्व वर्षों की भांति किया जावे। सर्कस एवं झूले मेला के दोनों तरफ किनारे पर रहें जिससे भीड़ नियंत्रण रह सके। बरमानकलां में मुख्य रोड़ पर दुकानों एवं ठेलों के लिए सीमा निर्धारित की जावे। कोई भी दुकान



रोड पर ना लगाई जावे और पैदल चलने वालों के लिए पर्याप्त रोड़ खुली रहे। विद्युत शुल्क 12 जनवरी से 2 फरवरी तक दुकानदारों द्वारा निर्धारित दर से मेला समिति के पास जमा कर रसीद प्राप्त करनी होगी। विद्युत की दरों के फ्लेक्स मेला स्थल पर प्रदर्षित रहेंगे। मेला अवधि में विद्युत का दुरुपयोग रोकने के लिए एक दल का गठन कर प्रति दिवस निरीक्षण किया जावे। मेला स्थल पर करीब 50 शौचालय का अस्थाई निर्माण कार्य किया जाएगा। आवश्यकतानुसार शौचालयों की संख्या बढ़ाई जाएगी। महिला शौचालय की संख्या विगत वर्ष से इस वर्ष अधिक रखी जावे। महिलाओं को कपड़े बदलने के लिए अस्थाई चैंजिंगरूम की व्यवस्था की जावे। बैठक में साफ- सफाई के लिए आवश्यक? निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं को रात्रि में ठंड से बचाव के लिए अलाव हेतु दो ट्रक जलाऊ लकड़ी की व्यवस्था वन विभाग द्वारा की जावेगी। मेला समिति कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया जावे, बरमानखुर्द में कंट्रोल रूम बनाया जाये, मुख्य कंट्रोल रूम मेला स्थल पर रहेगा। बैठक में निर्देशित किया गया कि घाट किनारे नर्मदा नदी जल की गहराई प्रदर्शित करने के लिये लाल रंग की झण्डी पर्याप्त मात्रा में लगाई जाये। दोनों किनारे पर गहराई की एक निश्चित सीमा पर पूर्व वर्ष की भांति स्नानार्थियों की सुरक्षा के लिए लोहे की जालियां अनिवार्य रूप से लगाई जावे। मेले में वॉलेंटियर्स तैराको की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इनकी दिन एवं रात्रि के समय में पृथक- पृथक ड्यूटी लगाई जावे। स्थानीय तैराकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जावे। तैराकों का चयन अभी से कर लिया जावें जिन्हें प्रशिक्षण लेना है, उनसे सहमति पत्र लिये जावे। जिला कार्यालय से 2 मोटर-वोट की व्यवस्था की जावे। तैराकों की पहचान के लिए गणवेश प्रदान की जावे उनका ड्यूटी स्थान चयन किया जावें तथा सूची मेला कार्यालय में रखी जावें। मेला अवधि में दोनों तटों से संचालित होने वाली नाव को विधिवत पूर्व अनुमति दी जावे, जिसमें आवश्यक सुरक्षात्मक उपायों व निर्धारित यात्रियों की संख्या की शर्तें लागू की जावे। नाव संचालको के पास लाईफ जैकेट, नाव संचालन का प्रमाण पत्र एवं सीमा निर्धारण की अनुमति लेना अनिवार्य है। मेला स्थल के साथ- साथ सतधारा, सूरजकुण्ड आदि स्थलों पर होमगार्ड की ड्यूटी लगाई जावे। मेला स्थल के अलावा अन्य घाटो पर कोटवारो की ड्यूटी लगाई जाकर सूचना मेला कंट्रोलरूम/थाना में दी जावे। बैठक में निर्देश दिए गए कि 14, 15 व 16 जनवरी और नर्मदा जयंती पर गुणवत्तापूर्ण क्लोज सर्किट कैमरा लगाए जावें। तैराक दल एवं एसडीआरएफ दल का पर्यवेक्षण कार्य किया जावे। जहां आवश्यक हो वहां मजबूत बैरीकेट का व्यवस्था की जावे। मेला प्रांगण तथा जहां वाहन प्रतिबंधित क्षेत्र बनाया जावें, उसमें वाहनों का प्रवेश पूर्णरूप से प्रतिबंधित किया जावे। मेला स्थल में आवश्यकतानुसार सीसीटीव्ही कैमरा लगाये जाएं। सम्पूर्ण मेला अवधि तक फायर- बिग्रेड की व्यवस्था की जावे। कानून व्यवस्था के संबंध में संपूर्ण मेला अवधि के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाये। बरमान घाट के अतिरिक्त अन्य घाटों पर मकर संक्रांति, नर्मदा जयंती आदि पर्व पर कानून व्यवस्था के लिए कार्यपालिक दण्डाकारी की ड्यूटी लगाई जावे। इसके अलावा अवैध बसों का संचालन तथा अवैध वसूली पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए। बरगी बांध से जल छोड़े जाने के पूर्व सूचना देने के लिए पत्र लिखा जावे। जल स्तर की जानकारी प्रतिदिन बरमान मेला समिति को उपलब्ध कराई जावे। मेला स्थल पर श्रद्धालुओं के लिये पर्याप्त चिकित्सकों की ड्यूटी आवश्यक औषधि के साथ लगाई जाये।

बैठक में निर्देश दिए गए कि विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं तथा उत्कृष्ट कार्यों की प्रदर्शनी मेला स्थल पर 12 जनवरी से 20 जनवरी तक लगाई जावे। मेला अवधि के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जावे। बैठक के पश्चात विधायक, कलेक्टर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष व सीईओ जिला पंचायत ने स्वच्छता साथी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# 3 जिलों के शातिर एटीएम मशीन चोर गिरफ्तार

## थाना माधवनगर पुलिस की बड़ी सफलता

कटनी (स्वतंत्रमत)।

धान्यू माधवनगर क्षेत्र में हुई बैंक ऑफ महाराष्ट्र एटीएम उखाड़कर चोरी कर ले जाने की घटना मे विवचेन्द्र करते हुए पुलिस को मेरठ उत्तर प्रदेश से चोर आरिफ उर्फ बाटू पिता मोमीन खान उम्र 35 साल निवासी काली नदी के किनारे रसूलपुर औरंगाबाद थाना भावनपुर जिला मेरठ उ.प्र. को पकड़ने में सफलता मिली है। पकड़ा गए चोर मूलतः उत्तर प्रदेश राज्य के रहने वाला है जिसके व्दारा अपने 05 अन्य साथी जो आपस मे रिश्तेदार व दोस्त है। इंतजार उर्फ काला मलाहा निवासी शाहपुर थाना गंगोह जिला सहारनपुर, मोहम्मद यामीन निवासी हर्रा खेवई थाना सरूरपुर जिला मेरठ, ईनाम निवासी शाहपुर थाना गंगोह जिला सहारनपुर, एहसान, मुकिम के साथ मिलकर जिला गुना, जिला जबलपुर में एटीएम मशीन उखाडने का प्रयास किया लेकिन मशीन नहीं ले जा पाये तथा माधवनगर में एटीएम मशीन उखाड़कर चोरी कर ले गये। पकड़े गए चोर के पास से एटीएम मशीन व एक मारूति इरू-६ बरामद की गई है। उक्त सभी आरोपीगो के उत्तर प्रदेश तथा हरियाण जिलो मो चोरी, लूट, हत्या तथा हत्या का प्रयास जैसे गंभीर प्रकरण कर्ज है। यह सफलता प्रमोद वर्मा पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन, अभिनय विश्वकर्मा पुलिस अधीक्षक कटनी के कुशल निर्देशन, डॉ. संतोष डेहरिया अति. पुलिस अधीक्षक कटनी एवं नेहा पच्चिसिया नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे के नेतृत्व में गठित टीम को प्राप्त हुई है। प्रार्थी राहुल मिश्रा व्दारा 05 दिसम्बर को थाना उपस्थित आकर जुवानी रिपोर्ट लेख करायी कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र बरगवां ब्रांच में शाखा प्रबंधक हूं। ०५ दिसम्बर को



करीब शाम ०७ बजे में व मेरा स्टाफ बैंक को बंद करके अपने घर निकल गये थे हमारे बैंक से लगा हुआ इसी ब्रांच का ए.टी.एम. भी है जो 24 घंटे खुला रहता है। रात 06 दिसम्बर के रात करीब 02:26 बजे मेरे पास सीसीटीव्ही सर्विलांस कंट्रोल टीम हैदराबाद से फोन आया कि आपके शाखा में लगे ए.टी.एम. मशीन वाले कमरे में कुछ लोगो द्वारा घुसकर चोरी की घटना की गई है। इसके बाद मैं अपने घर वैदिक हाईट्स से तत्काल एटीएम के पास पहुंचा तो देखा कि मेरे ब्रांच की एटीएम मशीन को कमरे से बाहर निकालकर कांच की फ्रेम हटाकर अज्ञात चोरो के व्दारा चोरी करके ले जाया गया है तथा वहां पर लगे ज्यादातर कैमरों में काले रंग का स्प्रे लगा दिया गया है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र की एटीएम मशीन जिसे अज्ञात चोरो व्दारा चोरी करके ते जाया गया है उसमें करीब 11,35,000 रु डले हुये थे। कि रिपोर्ट पर थाना माधवनगर में अप.क्र 1016/25 धारा 331(4),305 (1), 324 (5) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। आरोपीगण सडक किनारे या हाईवे किनारे जी ए.टी.एम. मशीन होती थी। उनको निशाना चनाते थे वहीं घटना स्थल के आसपास क्षेत्र से ही पिकअप वाहन चोरी करते थे तथा उसे पिकअप वाहन से रस्से की मदद से ए.टी.एम. मशीन को बंध कर खीच देते थे जिससे ए.टी.एम. उखड जाता था। जिसे पिकअप वाहन में लोड करते थे बाद पिकअप वाहन को घटना स्थल के आसपास छोड कर भाग जाते थे।

थाना माधवनगर के अपराध में आरोपियों व्दारा थाना कुठला क्षेत्र से पिकअप वाहन चोरी किया गया था बाद उसी वाहन से बैंक आफ महाराष्ट्र का एटीएम रस्से से बाँधकर खीचकर उखाड़ दिया तथा पिकअप में लोड कर हाईवे तरफ जंगल में छुपा दिया जिससे बाद में तोड कर मशीन से रुपये निकाल लिये। थाना माधवनगर पुलिस की इस कार्यवाही में वरिष्ट अधिकारीगण के निर्देशन मार्गदर्शन में निरीक्षक संजय दुबे के कुशल नेतृत्व में उनि. सिध्दार्थ राय, उनि. योगेश मिश्रा, उनि नवीन नामदेव, उनि महेंद्र जायसवाल, उनि दीपू कुशवाह, उनि रुपेंद्र सिह राजपूत, सायबर सैल आर. अमित, चंदन, सत्येंद्र, शुभम, अजय, सीसीटीव्ही कंट्रोल रुम आर. देवराज, पुष्पेंद्र यादव, थाना माधवनगर सउनि अंजनी मिश्रा, प्र आर 434 अविनाश मिश्रा, आरक्षक अनूप सिंह, आर. संजय सिह, आर. सुभाष, आर लोकेन्द्र सिंह, उमाकांत तिवारी एवं धाना कुठला प्रआर. रामेश्वर सिह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बरही-बरमानी-बिरहुली मार्ग पर पहली बार बन रही दो करोड़ की सीसी रोड पर्यटन विकास और स्थानीय आवागमन के लिए महत्वपूर्ण सड़क बनेगी

### विघ्नसंतोषी लोगों के भ्रामक प्रचार की निंदा, कहा-विकास हजम नहीं हो रहा

कटनी (स्वतंत्रमत)।

बरही तहसील के ग्राम पंचायत बरमानी से आश्रित ग्राम बिरहुली तक आज़ादी के बाद पहली बार बन रही लगभग दो करोड़ की लागत वाली सीसी सड़क को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की वास्तविक गुणवत्ता, पुरानी समस्याओं और निर्माण प्रक्रिया की पूरी तरह से पारदर्शी है। मूल मुद्दा यह है कि यह सड़क निर्माण होना ग्रामीणों के नजरिए से बेहद जरूरी था जिसपर सार्थक पहल विधायक संजय पाठक के द्वारा की गई। सड़क निर्माण से लोगों की आवागमन की बरसों पुरानी समस्याओं समाधान हो रहा है जिससे कतिपय विपक्षी लोग इसे बेतुके विवाद में घसीट रहे हैं। ऐसे विघ्नसंतोषी लोगों को दरअसल विकास हजम नहीं हो रहा है लिहाजा इस मामले में बिना ग्रमीणों का पक्ष जाने वह उल जुलूल भ्रामक खबरों को फैला रहे हैं। एक विज्ञप्ति जारी कर यहां के ग्रामीणों रामचरण गौड, देवराज सिंह गौड, रामपाल गौड, उदयभान सिंह गौड, अतुल गौड, प्रेमलाल यादव, किशोरी यादव, रामू सिंह ने उक्ताशय के तथ्यों को पेश किया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा एकल टेंडर के बजाय छोटे-छोटे वर्क ऑर्डर से कराया जा रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि विभाग द्वारा तीन बार टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई, लेकिन दो बार कोई भी ठेकेदार बोली लगाने नहीं आया। तीसरी बार जो टेंडर प्राप्त हुआ, उसमें बिलों रेट के मुताबिक लगभग 1.50 करोड़ की बोली जीएसटी सहित जमा हुई थी। इस स्थिति में दो करोड़ की स्वीकृत राशि वाले कार्य को करीब एक करोड़ रुपये में पूरा करना पड़ता- जिस पर ग्रामीणों तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने गंभीर आपत्ति जताई थी ग्रामीणों की इसी आपत्ति के बाद विधायक संजय पाठक ने भी इस पर कहा था कि दो करोड़ का काम आधे पैसे में कैसे गुणवत्ता बनेगा लोगों का कहना है कि विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने निर्माण से सम्बंधित बैठक में प्रश्न उठाया था कि जब शासन ने मूल लागत दो करोड़ रुपये तय की है, तो लगभग आधी राशि में गुणवत्तापूर्ण सड़क कैसे बनेगी।

### विधायक की पहल के बाद शुरू हुआ अधर में लटका काम

विधायक ने कहा था कि सड़क आज़ादी के बाद पहली बार बन रही है, और वह भी आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग तथा कृषक बहुल क्षेत्र में यह सड़क पचास साल चलने लायक होनी चाहिए लिहाजा आधे बजट में गुणवत्ता कैसे सुनिश्चित होगी। इसी कारण ठेका लेने वाली कंपनी ने विभाग से अनुबंध नहीं किया और निर्माण कार्य ठप हो गया। जिसे पूरा कराया जाना जरूरी था।

### स्थानीय लोगों के दबाव के बाद वर्क ऑर्डर से शुरू हुआ काम

टेंडर प्रक्रिया बार-बार विफल होने और ग्रामीणों के लगातार आग्रह के बाद विभाग ने छोट-छोटे वर्क ऑर्डर के जरिए निर्माण कार्य शुरू कराया। विभागीय सूत्रों के अनुसार यह विधि नियम विरुद्ध नहीं है। ऐसा तरीका पूर्व में भी कई ग्रामीण सड़क प्रोजेक्ट्स में अपनाया गया है, और उसी तर्ज पर यह सड़क भी बनाई जा रही है।

### पर्यटन विकास और स्थानीय आवागमन के लिए महत्वपूर्ण सड़क

यह मार्ग बांधवगढ़ क्षेत्र से जुड़े इलाकों से भी जुड़ता है। इसलिए विभाग का मानना है कि कच्चे रास्ते के स्थान पर पक्की और मजबूत सीसी रोड बनना न सिर्फ स्थानीय लोगों बल्कि आसपास आने वाले पर्यटकों के लिए भी लाभदायक होगा।

### निर्माण अंतिम चरण में, स्थानीय लोग खुश

करीब दो किलोमीटर लंबी यह सड़क अब पूर्णता के करीब बताई जा रही है। ग्रामीणों ने निर्माण की गुणवत्ता पर संतोष जताते हुए कहा कि बरसों बाद पहली बार हमारे गांव तक मजबूत सड़क पहुंच रही है। इससे आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच आसान होगी। अतः निर्माण में रोड़ा बनाने की कोशिश करने वालों से सभी को सचेत रहना चाहिए। एक सुव्यवस्थित निर्माण पर खुशी जाहिर करने की बजाए भ्रामक बातें करना यहां रहने वाले हजारों ग्रामवासियों विशेष तौर पर आदिवासियों पिछड़े वर्ग और अन्नदाता का अपमान है जिसकी निंदा की जानी चाहिए। सभी ने निर्माण के लिए विधायक संजय पाठक को साधुवाद दिया है।

# ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के संचालन एवं आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए आज कलेक्टर कार्यालय में बैठक आयोजित

### ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों से बैठक में उपस्थित रहने राजस्व अधिकारी ने की अपील

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के संचालन एवं समस्याओं के निराकरण हेतु शुक्रवार 12 दिसंबर को सायं 4 बजे से कलेक्टर कार्यालय के नवीन सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम के राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने इस संबंध में एक सूचना जारी करते हुए अध्यक्ष एवं सचिव ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं नगर के समस्त ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों से 12 दिसंबर को कार्यालय कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाली बैठक में निर्धारित समय शाम 4 बजे उपस्थित होने का आग्रह किया है।




# तिलक महाविद्यालय के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन





**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर में आयोजित दो दिवसीय संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 6 छात्रों और 3 छात्राओं ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र करन सिंह यादव ने 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्र अमन पटेल ने 110 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम एवं 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्रों का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता और अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए किया गया है। छात्रों की इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने बधाई देते हुये आगे की प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

# माधवनगर में महापौर ने किया व्यापक निरीक्षण

## सड़क, सफाई व्यवस्था और उप-कार्यालय की व्यवस्थाओं हेतु दिए आवश्यक निर्देश

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नगर निगम महापौर प्रीति संजीव सूरी ने गुरुवार को माधवनगर के विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हेमू कालाणी वार्ड, आचार्य कृपलानी वार्ड तथा माधव नगर उप-कार्यालय का स्थल निरीक्षण कर क्षेत्र की व्यवस्थाओं एवं नागरिक सुविधाओं का विस्तृत आकलन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### नवनिर्मित सी.सी. सड़क का किया निरीक्षण

महापौर ने क्षेत्रीय पार्षद सुमन राजू माखीजा के साथ हेमू कालाणी वार्ड में लगभग 17 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित 300 मीटर सी.सी. सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता, स्तर और समतलीकरण की बारीकी से जाँच की। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिकों ने वार्ड में किए गए विकास कार्यों के लिए महापौर सहित क्षेत्रीय पार्षद का आभार व्यक्त किया। महापौर ने नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### सफाई व्यवस्था करें दुरुस्त- महापौर

भ्रमण के दौरान आचार्य कृपलानी वार्ड के निवासियों ने महापौर को वार्ड में सफाई का कार्य अपेक्षित स्तर पर नहीं होने



की समस्या से अवगत कराया। जिस पर महापौर ने स्वास्थ्य विभाग को त्वरित कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए और वार्ड में नियमित रूप से सफाई सुनिश्चित करने की बात कही। महापौर ने क्षेत्रीय नागरिकों से भी अपील की कि वे स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि कचरे को निर्धारित डस्टबिन में ही डालें, खुले में कचरा न फैलाएँ। आपने स्वच्छता को सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए इसे जनभागीदारी से ही सफल होने की बात कही।

### माधव नगर उप-कार्यालय का औचक निरीक्षण

महापौर ने माधवनगर स्थित नगर निगम उप-कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने उन्हें कई आवश्यकताओं और तात्कालिक समस्याओं से अवगत कराया जिस पर महापौर द्वारा संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यालयीन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें और नागरिकों को बेहतर सेवाएँ प्रदान कर सकें।

# फारेस्टर वार्ड में सफाई व्यवस्था पर महापौर का सख्त रुख

### अव्यवस्थित सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी

### नियमित साफ-सफाई और कचरा उठाने के दिए स्पष्ट निर्देश

### बंद पड़े सुलभ कॉम्प्लेक्स को जल्द शुरू करने के दिए निर्देश

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से महापौर प्रीति संजीव सूरी ने सोमवार 1 दिसंबर को फारेस्टर वार्ड का औचक निरीक्षण किया। वार्ड की गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए महापौर ने सफाई व्यवस्था अव्यवस्थित पाए जाने पर गहरी नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक को वार्ड की प्रतिदिन सफाई कराने, नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा



कचरे को समय पर उठवाने के स्पष्ट निर्देश दिए।

**महापौर ने वार्डवासियों से लिया वास्तविक फीडबैक** – निरीक्षण के दौरान महापौर ने वार्ड के नागरिकों से सीधे संवाद कर यह जानकारी ली कि वार्ड में कब-कब सफाई होती है और किन समस्याओं का उन्हें सामना करना पड़ता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कचरा सड़कों पर न फेंकें, बल्कि स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग दें, ताकि वार्ड को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके।

**खुले नाले को कवर करने और अव्यवस्था को सुधारने के निर्देश** – वार्ड भ्रमण के दौरान महापौर ने खुले पड़े नाले को देखकर असंतोष जताया और क्षेत्रीय उपयंत्री को नाले की कवरिंग शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खुले नाले न केवल संक्रमण फैलाते हैं बल्कि दुर्घटना की संभावनाएँ भी बढ़ाते है, इसलिए इन्हें तुरंत कवर किया जाना आवश्यक है।

**बंद पड़े सुलभ कॉम्प्लेक्स को जल्द शुरू करने के निर्देश** – निरीक्षण के दौरान महापौर ने वार्ड में स्थित बंद पड़े सुलभ कॉम्प्लेक्स का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहाँ पानी और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराते हुए कॉम्प्लेक्स को शीघ्र शुरू करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद सुनीता कमलेश चौधरी, एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, पार्षद वंदना राजकिशोर यादव, उपयंत्री संजय मिश्रा, क्षेत्रीय प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक दीपक अग्निहोत्री सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सिहोरा, स्लीमनाबाद के साथ ही बहोरीबंद को जिला बनाने की उठी माँग

### सर्वदलीय समिति ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** इन दिनों तहसीलों को जिला बनाने की माँग जोर, शोर से चल रही है। पड़ोसी जिले की तहसील सिहोरा को जहां जिला बनाने की माँग जोरो पर है। वहीं स्लीमनाबाद को जिला बनाने की माँग उठने के बाद अब बहोरीबंद को जिला बनाने की माँग उठने लगी है। इसी तारतम्य मैं सर्वदलीय समिति द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम राकेश चौरसिया को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जनपद सदस्य प्रकाश गुप्ता, डॉक्टर केएल जैन, नरेन्द्र पौराणिक, सादिक खान, नरेन्द्र सैनी, अजय गर्ग, सुनील रत्नम, रवि पांडेय, संतोष पटेल, नन्दकिशोर गुप्ता, एसएस सेंगर, चंदन पटेल, माधव पटेल, अजीत महोबिया, कल्पना पटेल, पप्पू सैनी, आशू गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या मैं लोग उपस्थित रहे।



### बहोरीबंद सबसे पुराना विकासखण्ड

ज्ञापन मैं उल्लेख किया है की बहोरीबंद सबसे पुराना जनपद है। विकासखण्ड मुख्यालय से स्लीमनाबाद, मझौली, कुम्हारी, रैपुरा, की कनेक्टिविटी 50 किलोमीटर के अंदर की है। इन तहसीलों को मिलाकर जिला बनाया जा सकता है। इसके साथ ही ऐतिहासिक व पुरातत्व की धरोहर, रुपनाथ तिगवा मन्दिर भी यंही पर हैं। ज्ञापन देने गए लोगों ने कहा की क्षेत्र के लोगों की माँग के अनुरूप सरकार को बहोरीबंद को जिला बना देना चाहिए।

# महिला पर बाघ ने किया जानलेवा हमला, इलाज जारी

## विधायक संजय पाठक द्वारा समुचित उपचार के निर्देश, की तात्कालिक आर्थिक सहायता

### वन विभाग के आला अधिकारियों से की बात

कटनी (स्वतंत्रमत)।

बरही के यहां ताली रोहनिया गांव में ग्रामीण अशोक वर्मन की पत्नी पर बाघ ने हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया उसकी स्थिति गंभीर है। घटना की जानकारी लगने पर विधायक संजय पाठक ने बरही अस्पताल सहित जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों से बात करते समुचित इलाज करने के निर्देश दिए, साथ ही इन घटना को लेकर वन अधिकारियों से भी बात की है। बताया गया कि घायल का बरही अस्पताल में इलाज जारी है। जहां से उसे कटनी रेफर किया जा रहा है। बरही क्षेत्र के ताली रोहनिया गांव से एक बेहद चिंताजनक घटना सामने आई। गांव के निवासी अशोक वर्मन की पत्नी पर अचानक बाघ ने हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बाघ द्वारा हमले की सूचना मिलते ही विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने तुरंत संज्ञान लेते हुए बरही अस्पताल में तैनात डॉक्टरों से सीधे बात कर समुचित और त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से तात्कालिक आर्थिक सहायता भी प्रदान की इसी के साथ ही विधायक ने इस घटना को लेकर वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से भी संवाद कर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और टाइगर मूवमेंट पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

घायल महिला को प्रारंभिक उपचार बरही अस्पताल में दिया गया, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे कटनी रेफर किया गया जहां तीन डॉक्टरों की टीम ने घायल महिला को उपचार उपलब्ध कराया। घटना के बाद से ही स्थानीय प्रशासन और वन विभाग की टीमें घटना स्थल के आसपास मॉनिटरिंग में जुट गई हैं। गांव के लोग घटनास्थल के आसपास भयभीत हैं और क्षेत्र में वन्यजीवों की बढ़ती गतिविधियों को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे हैं।

इस घटना के बाद विधायक ने ग्रामीणों की चिंता से वन विभाग के आला अधिकारियों को अवगत कराते हुए ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा साथ ही ग्रामीण जनों से सतर्क रहने का आव्हान भी किया है। उन्होंने कहा कि बाघ की किसी भी मूवमेंट की जानकारी तुरंत ग्रामीण वन अमले को दें।

**सूचना**

मैं हरीश कुमार मोर आयु लगभग 47 साल, आत्मज श्री राजेन्द्र प्रसाद मोर निवासी प्रबुद्ध पुरी गली नं. 04, आदर्श कालोनी कटनी, तहसील कटनी, जिला कटनी म.प्र. का स्थाई निवासी हूं मेरा आधार कार्ड संख्याः- 3516 8369 3608 है। मुझ शपथकर्ता की पुत्री अवनी मोर के शाला में कक्षा पहली में प्रवेश के समय मेरे द्वारा भूलवश नाम Avni Mor पिता Harish Mor माता का नाम Sangani Mor दर्ज हो गया। मेरी पुत्री अवनी मोर Avni Mor का कक्षा पहली में प्रवेश आप की शाला में कराते समय जो प्रवेश आवेदन पत्र मेरे द्वारा भरा गया था उसमे मेरी पुत्री के पिता का नाम Harish Mor लिखा गया था जो कि अपूर्ण एवं गलत है। मैं अपनी गलती को स्वीकार करते हुये अपनी पुत्री अवनी मोर के पिता का सही नाम Harish kumar Mor सुधरवाना चाहता हूं। शाला के सभी रिकार्डो में मेरी पुत्री अवनी मोर Avni Mor पिता Harish kumar Mor माता का नाम Sangani Mor सुधरवाने हेतु शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

# रोहित-कोहली का ए+ ग्रेड खतरे में

## बीसीसीआई की बैठक में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस सहित अन्य मुद्दों पर होगी चर्चा

मुम्बई (वार्ता)।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) 22 दिसंबर को एपेक्स काउंसिल की वर्चुअल बैठक में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस सहित अन्य पांच एजेंडों पर चर्चा करेगा। ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई घरेलू टूर्नामेंट में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस में बदलाव करने की योजना बना रहा है। महिला टीम की शानदार एकदिवसीय विश्व कप जीत के बाद मैच फीस में बदलाव की उम्मीद थी और बीसीसीआई ने इस मुद्दे पर बैठक में चर्चा करने का फैसला किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरुष और महिलाओं के बीच सैलरी में समानता है, घरेलू प्रतियोगिताओं में असमानताएं बनी हुई हैं।



### रोहित और विराट को किस ग्रेड में रखा जाएगा

एजेंडा का एक और अहम मुद्दा पुरुष टीम के लिए केन्द्रीय अनुबंध है। रोहित शर्मा और विराट कोहली को किस ग्रेड में रखा जाएगा, यह खास दिलचस्पी का विषय है, क्योंकि दोनों स्टार खिलाड़ी तीन में से दो अंतरराष्ट्रीय प्रारुपों से संन्यास ले चुके हैं।

### अंपायरों की मैच फीस में भी बदलाव

बीसीसीआई अंपायरों की मैच फीस में भी बदलाव करना चाहता है। बैठक में 30वीं एपेक्स काउंसिल मीटिंग के मिनट्स की पुष्टि। घरेलू क्रिकेट में महिला क्रिकेटरों के पेमेंट में बदलाव। बीसीसीआई डिजिटल प्रॉपर्टीज पर अपडेट। अंपायर और मैच रेफरी के पेमेंट में बदलाव। सालाना प्लेयर रिटेनरशिप कॉन्ट्रैक्ट।

### मीटिंग का एजेंडा

विमेंस क्रिकेटर्स की डोमेस्टिक मैच फीस में बढ़ोतरी, मेंस प्लेयर्स के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में बदलाव, अंपायर व मैच रेफरी के भुगतान में सुधार, बीसीसीआई की डिजिटल प्रॉपर्टीज और स्ट्रीमिंग राइट्स अपडेट ।

### धोनी को 2019 में बाहर किया गया था

एमएस धोनी ने 2014 में टेस्ट क्रिकेट छोड़ा था और उसके बाद वे सिर्फ वनडे और टी-20 खेलते रहे। 2018-19 के बीसीसीआई कॉन्ट्रैक्ट साइकिल (अक्टूबर 2018 से सितंबर 2019) में धोनी ए+ ग्रेड में थे। इसके बाद उन्हें टॉप ब्रैकेट से हटा दिया गया। 2019-20 के कॉन्ट्रैक्ट में धोनी को ग्रेड ए में शामिल किया गया, लेकिन अगस्त 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वे कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर हो गए।

### विमेंस टीम ने हाल ही में वनडे वर्ल्ड कप जीता था

इंटरनेशनल लेवल पर विमेंस और मेंस को बराबर मैच फीस (पे-पैरिटी) मिलती है, लेकिन घरेलू क्रिकेट में अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। महिला खिलाड़ी पूरे सीजन काफी मैच खेलती हैं, लेकिन उनकी फीस कम है। भारत की हाल की वनडे वर्ल्ड कप जीत के बाद इस फैसले की मांग और तेज हुई है। इसलिए फीस बढ़ाने का प्रस्ताव बैठक के सबसे अहम मुद्दों में शामिल है।

## मूनी और किंग ने पर्थ स्कॉचर्स को डब्ल्यूबीबीएल के फाइनल में पहुंचाया

नॉर्थ सिडनी (वार्ता)।

बेथ मूनी (76) और अलाना किंग ( 11 रन और तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पर्थ स्कॉर्चर्स ने सिडनी सिक्सर को 11 रनों से हराकर डब्ल्यूबीबीएल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली हैं। पर्थ स्कॉर्चर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 183 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। बेथ मूनी ने (76), केटी मैक (40), पेज स्कोफील्ड ने (14) रनों का योगदान दिया।

शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सिडनी सिक्सर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और घरेलू टीम ने एलिसे पेरी, एलिसा हीली और सोफिया डंकले को जल्दी-जल्दी खो दिया, हालांकि एश गार्डनर और अमेलिया केर के बीच 53 रन की साझेदारी से उन्हें कुछ उम्मीद मिली।अमेलिया केर (42), सोफिया डंकले (41), एलिसे पेरी (29) और एश गार्डनर (26) रन बना करन आउट हुयी।



## भारतीय एथलीट अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स में जीते दो पदक

**दुबई (वार्ता)।** भारतीय एथलीट अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स की 50 मीटर (एस1-5) बैकस्ट्रोक में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण तथा 50 मीटर (एस 2-7) बटरफ्लाई स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और पैरा कमेटी ऑफ इंडिया सोशल मीडिया पर मंच एक्स पर अब्दुल कादिर इंदौरी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। साई ने लिखा, दुबई में डबल मेडल की लहर। अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50मी बैकस्ट्रोक (एस1-5) में गोल्ड और 50मी बटरफ्लाई (एस2-7) में कांस्य पदक जीता। यह दृढ़ संकल्प, गति और सच्ची खेल भावना का एक शानदार प्रदर्शन है। पैरा कमेटी ऑफ इंडिया ने लिखा, भारत के लिए सुनहरा अवसर। एक शानदार उपलब्धि जो उनके धैर्य, अनुशासन और भारत के युवा पैरा एथलीट की बढ़ती ताकत को दर्शाती है। बधाई हो , अब्दुल। भारत ने एशियन यूथ पैरा गेम्स के लिए 122 सदस्यी दल भेजा है। यह टूर्नामेंट सात दिसंबर को शुरु हुआ था तथा इसका समापन 17 दिसंबर को होगा।

## ‘बस्तर ओलंपिक’ में मैरी कॉम और बाइचुंग भूटिया करेंगे शिरकत



रायपुर ( वार्ता )।

छत्तीसगढ़ सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से आयोजित राज्य की सबसे प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिताओं में शुमार ‘बस्तर ओलंपिक 2025’ का संभाग स्तरीय दौर आज से शुरू होने जा रहा है। 11 से 13 दिसंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में देश की नामी हस्तियों की उपस्थिति इसे खास बनाने वाली है। कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। बस्तर की पारंपरिक खेल संस्कृति, जनजातीय कला-विरासत और युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित यह आयोजन अब राज्य के खेल कैलेंडर में एक खास पहचान बना चुका है। छह बार की विश्व विजेता और लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरी कॉम आज उद्घाटन समारोह में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएंगी। पद्म भूषण, पद्मश्री और खेल रत्न से सम्मानित यह अंतरराष्ट्रीय स्टार बस्तर ओलंपिक में पहली बार भाग ले रही हैं। इसके अलावा भारतीय फुटबॉल के दिग्गज, पूर्व टीम इंडिया कप्तान और पद्मश्री-अर्जुन पुरस्कार विजेता बाइचुंग भूटिया 13 दिसंबर को होने वाले समापन समारोह में विशेष अतिथि होंगे। उनकी मौजूदगी युवा फुटबॉलरों के लिए बड़ी प्रेरणा मानी जा रही है। पिछले वर्ष बस्तर ओलंपिक की सफलता ने इसे राष्ट्रीय पहचान दिलाई थी। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ‘मन की बात’ कार्यक्रम में इसकी सराहना की थी। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेलों से जोड़कर सकारात्मक दिशा प्रदान करना और नक्सल प्रभावित इलाकों में विश्वास एवं शांति का वातावरण मजबूत करना है। राज्यभर के चयनित खिलाड़ी पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह की खेल विधाओं में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। खेल विभाग ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कार भी घोषित किए हैं। जिसके तहत जूनियर वर्गमें प्रति खिलाड़ी 2400 रूपये, सीनियर वर्ग में प्रति खिलाड़ी 3000 रूपये दिये जायेंगे इसके अलावा, जूनियर वर्ग के विजेताओं को सीधे शासकीय खेल अकादमी में प्रवेश मिलेगा, जहां उन्नत प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।




## टी-20 विश्व कप 2026 के लिए आज से शुरु होगी टिकटों की बिक्री

**दुबई (वार्ता)।** अगले साल सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए गुरुवार शाम को टिकटों की बिक्री शुरु होगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आज बताया कि भारतीय समयनुसार शाम 6:45 बजे बिक्री शुरू होगी। टिकट बिक्री के पहले चरण में कुछ भारतीय स्टेडियम में टिकट प्रशंसक खरीद सकेंगे। टिकट बिक्री के दूसरे चरण की तारीखों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। यह टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका के आठ स्टेडियमों में खेला जायेगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी संजोग गुप्ता ने कहा, टिकट बिक्री का पहला चरण अब तक के सबसे सुलभ और ग्लोबल आईसीसी इवेंट को आयोजित करने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए हमारा विजन स्पष्ट है- हर फ़ैन, चाहे उसका बैकग्राउंड, जगह या आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, उसे वर्ल्ड-क्लास क्रिकेट का स्टेडियम में अनुभव करने का मौका मिलना चाहिए। टूर्नामेंट के पहले चरण में ग्रुए ए में भारत, पाकिस्तान, अमेरिका, नीदरलैंड्स, नामीबिया। ग्रुप बी में श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, जिम्बाब्वे, ओमान। ग्रुप सी में इंग्लैंड, वेस्ट इंडीज, बंगलादेश, नेपाल, इटली। ग्रुप डी में न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, कनाडा, यूएई है। टूर्नामेंट की 20 टीमों को चार-चार के पांच ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप से टॉप दो टीमें सुपर आठ फेज में जाएंगी, जहां उन्हें आगे चार-चार के दो ग्रुप में बांटा जाएगा।

## डेवन कॉन्वे और मिचेल हे ने दिलाई न्यूजीलैंड को बढ़त

**वेलिंग्टन (वार्ता)।** डेवन कॉन्वे (60) और मिचेल हे (61) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को स्टंप्स के समय तक पहली पारी में 278 रन का स्कोर करने के साथ 73 रनों की बढ़त के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के 32 के स्कोर पर दो विकेट झटक कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। न्यूजीलैंड ने कल के 24 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। न्यूजीलैंड का पहला विकेट सुबह के सत्र में टॉम लेथम (11) के रूप में गिरा। उन्हें केमार रोच ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केन विलियमसन ने डेवन कॉन्वे के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 रन जोड़े। 31वें ओवर में एंडरसन फिलीप ने केन विलियमसन (37) को बोल्ड आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। रचिन रविंद्र (पांच) रन बनाकर आउट हुये। 36वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने डेवन कॉन्वे को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया। डेवन कॉन्वे ने 108 गेंदों में आठ



चौकों की मदद से 60 रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज अंतराल पर अपने विकेट गंवाते रहे। मिचेल हे ने 93 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (61) रन बनाये। डैरिल मिचेल (25), ग्लेन फिलिप्स (18), जेकब डफी (11), माइकल रे (13) रन बनाकर आउट हुये। न्यूजीलैंड ने 74.4 ओवरों में 278 का स्कोर बनाया। ब्लेयर टिकनर चोट के कारण बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। वहीं जैकरी फॉक्स 23 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से एंडरसन फिलीप ने तीन और केमार रोच ने दो विकेट लिये। जेडेन सील्स, ओजे शील्ड्स, जस्टिन ग्रीव्स और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने दिन का खेल समाप्त होने के समय दो विकेट पर 32 रन बना लिये और वह अभी भी न्यूजीलैंड के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 41 रन पीछे है।

ब्रैंडन किंग (नाबाद 15) और केवम हॉज (नाबाद तीन) क्रीज पर मौजूद है। न्यूजीलैंड की ओर से जेकब डफी और माइकल रे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## रुपया ऐतिहासिक निचले स्तर पर



**मुंबई (वार्ता)।** वाणिज्यिक बैंकों के डॉलर की खरीद बढ़ाने से गुरुवार को रुपये पर दबाव रहा और यह 37.50 पैसे टूटकर 90.32 रुपये प्रति डॉलर के नये निचले स्तर पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर सात पैसे नीचे 89.94 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। यह आज 89.95 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर खुली और लगातार टूटते हुए 90.48 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गयी जो बीच कारोबार का इसका निचला स्तर है। कारोबारियों ने बताया कि बैंकों की तरफ डॉलर की खरीद बढ़ने से रुपये पर दबाव रहा। हालांकि अन्य सभी कारकों ने इसे समर्थन दिया। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में गिरावट रही। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भी नरमी से रुपये को कुछ समर्थन मिला। इससे पहले बीच कारोबार का रुपये की निचला स्तर 04 दिसंबर 2025 को 90.43 रुपये प्रति डॉलर रहा था जबकि बंद भाव के मामले में ऐतिहासिक निचला स्तर 03 दिसंबर 2025 को 90.15 रुपये प्रति डॉलर दर्ज किया गया था।

## शेयर बाजारों में तीन दिन बाद लौटी रौनक

मुंबई, (वार्ता)।

रिजर्व बैंक द्वारा 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से गुरुवार घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन बाद तेजी लौट आयी। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 426.86 अंक (0.51 प्रतिशत) उछलकर 84,818.13 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 140.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की बढ़त में 25,898.55 अंक पर बंद हुआ। रिजर्व बैंक ने बैंकिंग तंत्र में नकदी बढ़ाने के उपायों के तहत आज 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की। दूसरे चरण में 18 दिसंबर को इतने ही मूल्य की और सरकारी प्रतिभूतियां खरीदने की उसकी योजना है। इससे बाजार में निवेश धारणा मजबूत हुई है। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50



सूचकांक 1.01 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.81 फीसदी चढ़ा। ऑटो, धातु, आईटी, फार्मा, बैंकिंग, रियलिटी, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में ज्यादा तेजी रही। तेल एवं गैस और मीडिया सेक्टरों के सूचकांक मामूली गिरावट में रहे। एनएसई में कुल 3,206 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,919 के शेयरों में तेजी और 1,183 में गिरावट रही। अन्य 104 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर 2.74 प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील में 2.56 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक में 2.45, मारुति सुजुकी में 1.62, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.31 और टेक महिंद्रा तथा सनफार्मा दोनों में 1.16 प्रतिशत की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक का शेयर 0.99 प्रतिशत, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 0.98, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 0.97, इंफोसिस का 0.83, ट्रेंट का 0.68 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 0.63 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी, एनटीपीसी और अदानी पोर्ट्स के शेयर भी हरे निशान में रहे। वहीं, एशियन पेंट्स का शेयर 0.91 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 0.65 प्रतिशत और एक्सिस बैंक का 0.50 प्रतिशत लुढ़क गया। बजाज फाइनेंस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी गिरावट में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 0.90 फीसदी, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.70 फीसदी और हांगकांग का हैंगसेंग 0.04 फीसदी लुढ़क गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.17 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 0.05 फीसदी ऊपर था।

## रिजर्व बैंक ने 50,000 करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदी



**मुंबई (वार्ता)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग तंत्र में नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के प्रयास के तहत गुरुवार को खुले बाजार से 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 05 दिसंबर को मौद्रिक नीति संबंधी बयान जारी करने के अवसर पर बताया था कि केंद्रीय बैंक इस महीने एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा। इससे बैंकों के पास ज्यादा नकदी उपलब्ध होगी और वे ज्यादा ऋण दे सकेंगे। पहले चरण के तहत आज 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूति खरीदी गयी है जबकि 18 दिसंबर को इतने ही मूल्य की प्रतिभूतियां खरीदी जायेंगी। ये प्रतिभूतियां चार से लेकर 25 साल तक की मियाद वाली हैं। रिजर्व बैंक की गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि उसने 6.75 प्रतिशत पर 2029 की 6,638 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां खरीदी हैं। इसके अलावा 7.02 प्रतिशत की दर पर 2031 की 15,316 करोड़ रुपये की और 7.26 प्रतिशत पर 2032 की 21,189 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां खरीदी हैं।

## चावल, गेहूं मजबूत-चीनी, दालों, तेलों में नरमी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गये। चावल के साथ गेहूं भी मजबूत हुआ। वहीं, चीनी, दालों और खाद्य तेलों में नरमी देखी गयी। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये बढ़कर 3,854.01 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं दो रुपये महंगा हुआ और 2,852.57 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत सात रुपये टूट गयी। दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल औसतन 24 रुपये और तुअर दाल 18 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल और मूंग दाल 17-17 रुपये टूट गयी। मसूर दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल कमजोर हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा एक रिंगिट चढ़कर 4,064 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.63 प्रतिशत गिरकर में 50.77 डॉलर के भाव बोला गया।

स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 80 रुपये और वनस्पति 86 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 73 रुपये और सोया तेल की 67 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। पाम ऑयल 10 रुपये और सूरजमुखी तेल चार रुपये प्रति क्विंटल फिसल



गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 25 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।दाल चना 7837.01 रुपये, मसूर काली 8170.48 रुपये, मूंग दाल 10097.72 रुपये, उड़द दाल 10348.83 रुपये, तुअर दाल 10581.17 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2852.57 रुपये और चावल 3854.01 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3292.45 प्रति क्विंटल। चीनी एस 4325.01 रुपये और गुड़ 4979.78 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17655.51 रुपये, मूंगफली तेल 17749.67 रुपये, सूरजमुखी तेल 15723.31 रुपये, सोया तेल 13769.42 रुपये, पाम ऑयल 12423.06 रुपये और वनस्पति 14422.01 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## यूरोपीय संघ के साथ एफटीए को लेकर भारत प्रतिबद्ध: गोयल

**मुंबई (वार्ता)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) को लेकर प्रतिबद्ध है और यह दोनों देशों से लिए फायदेमंद होगा। श्री गोयल ने यहां इटली-भारत व्यापार मंच को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और इटली के बीच पिछले आठ महीने में यह तीसरा व्यापारिक संवाद है। दोनों देश अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने, ईयू-भारत एफटीए को आगे बढ़ाने तथा संयुक्त व्यापार और निवेश के अवसरों को विकसित करने पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम मिलकर सुनिश्चित करेंगे कि भारत-इटली संबंध 21वीं सदी का सबसे निर्णायक संबंध बने। भारत एफटीए को लेकर प्रतिबद्ध है, जो एक न्यायसंगत, संतुलित और समान अवसर प्रदान करने वाला मुक्त व्यापार समझौता होगा। यह ईयू और भारत दोनों के लिए लाभदायक होगा, और हमें इसे अंतिम स्वरूप देना चाहिये। उन्होंने कहा कि भारत



और इटली व्यापार, निवेश, अनुसंधान, नवाचार और अपने लोगों के बीच संबंधों सहित प्रमुख क्षेत्रों में संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना के कार्यान्वयन की दिशा में सक्रिय कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाहनों के कलपुर्जों, कपड़ा, चमड़े के सामान कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां भारतीय और इटली के उद्योग एक साथ काम कर सकते हैं। भारतीय कंपनियां अनुसंधान एवं विकास, प्रौद्योगिकी, नवाचार, खेल सामान, रक्षा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों जैसे क्षेत्रों में काम करने के लिए तैयार हैं। इटली के उप प्रधानमंत्री तथा विदेश एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री एंटोनियो तायानी ने नवाचार, अनुसंधान और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में और अधिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, च्मुझे देश में अपार संभावनाएं दिखती हैं। इटली 2027 तक 700 अरब यूरो के निर्यात का लक्ष्य रखता है, और भारत एक प्रमुख साझेदार है। इटली की कई कंपनियां भारत में सक्रिय हैं और खेल, वाहन उद्योग जैसे क्षेत्रों में और अवसर मौजूद हैं। हम देश में अधिक निवेश करना चाहते हैं, अपने निर्यात को बढ़ाना चाहते हैं और इटली में भारतीय निवेश का स्वागत करते हैं। श्री तायानी ने कहा कि भारतीय बाजार में अपार अवसर हैं और खेल, वाहन, रक्षा, फार्मा, अंतरिक्ष और संस्कृति जैसे प्रमुख क्षेत्र इटली की कंपनियों के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत-पश्चिम एशिया आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) कॉरिडोर के बारे में श्री गोयल ने कहा कि इससे माल के अधिक सुगम और तेज प्रवाह का मार्ग प्रशस्त होगा। आपूर्ति श्रृंखला को अधिक मजबूत बनाने के लिए कच्चे माल की लागत कम करना आवश्यक है। उन्होंने कहा, आज के समय में, जब व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल हो रहा है, हम आपूर्ति श्रृंखला के लिए सीमित भौगोलिक क्षेत्रों पर निर्भर रहने का जोखिम नहीं उठा सकते। झ

खुले व्यापार में विश्वास रखने वाले देशों के लिए यह आवश्यक है कि वे एक-दूसरे पर भरोसा करें और मिलकर वैश्विक बाजार को प्रतिस्पर्धी मूल्य पर उत्पाद उपलब्ध करायें। कार्यक्रम में फिक्की के अध्यक्ष और आरपीजी समूह के उपाध्यक्ष आनंद गोयंका, महिंद्रा समूह के उपाध्यक्ष अमित कुमार, कोलकाता में इटली के महावाणिज्य दूत रिक्कार्डो डल्ला कोस्टा, फिक्की स्पोर्ट्स कमेटी के सह-अध्यक्ष और मानव रचना एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के उपाध्यक्ष अमित भल्ला और बेंगलुरु में इटली के महावाणिज्य दूत जियान्दोमेनिको मिलानो ने अपने विचार रखे।

# अटलजी भाषा, भाषण और व्यक्तित्व से गंगा-यमुना की तरह पवित्र थे : सीएम डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आंध्रप्रदेश के धर्मावरम में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्र सेवा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वे हिमालय के समान विराट व्यक्तित्व के धनी थे। पूरी दुनिया में उनका एक अलग ही सम्मान है।

वे भाषा से, भाषण से और व्यक्तित्व से गंगा-यमुना की तरह पवित्र थे। आज आंध्र प्रदेश में उनके जन्मशताब्दी वर्ष में 15 दिवसीय अटल ज्योति संदेश यात्रा की शुरुआत हुई है। यह यात्रा आंध्र प्रदेश के 20 जिलों तक पहुंचेगी और 25 दिसंबर को स्व. वाजपेयी की जयंती के अवसर पर यात्रा का समापन होगा।





### स्व. वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आंध्र प्रदेश के सत्य साईं जिले के धर्मावरम में स्व. वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण भी हुआ है। स्व. वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1923 को ग्वालियर के एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। उन्होंने देश-दुनिया में अपनी प्रतिभा के बल पर नाम कमाया।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री एन. चंद्रबाबू नायडू के साथ श्री वाजपेयी के घनिष्ठ संबंध रहे। उनके कार्यकाल में ही श्री नायडू एनडीए के प्रेसिडेंट बने थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को धर्मावरम में अटल ज्योति संदेश यात्रा में सहभागिता की एवं स्व. वाजपेयी की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

### कारगिल में पाकिस्तान को सबक सिखाया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटलजी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनकर देश की जनता की सेवा की। पोखरण में परमाणु परीक्षण किया। कारगिल में पाकिस्तान को सबक सिखाया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सौगात दी। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के बताए मार्ग पर देश की सरकार चल रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री श्री नायडू की दोस्ती पक्की है। श्री चंद्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश में एनडीए सरकार में मुख्यमंत्री हैं। वे आंध्र प्रदेश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश भी विकास के पथ पर अग्रसर है। एनडीए ने भगवान श्रीकृष्ण के वंशज को मध्यप्रदेश की कमान सौंपी है। आंध्र प्रदेश में श्री नायडू ने सत्या जी को आगे बढ़ाया है। यही सबका साथ-सबका विकास का संकल्प है। भाव देखकर ऐसा लग रहा है कि आंध्र प्रदेश और मध्यप्रदेश दो बिछड़े भाइयों के समान हैं।

### प्रधानमंत्री ने देशवासियों को कई योजनाएं दी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों को आयुष्मान योजना से मुफ्त इलाज, सागर माला, भारत माला, स्टैंड-अप इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया जैसी योजनाएं दी हैं। आज हम प्रधाममंत्री श्री मोदी और श्री नायडू के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश और देश को आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आंध्र प्रदेश के पार्टी अध्यक्ष टीवीएन माधव को अटल ज्योति संदेश यात्रा के लिए बधाई दी। अटल ज्योति संदेश यात्रा से आंध्र प्रदेश की जनता को स्व. वाजपेयी के जीवन के विविध पहलुओं से परिचित होने का अवसर मिलेगा। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी कहते थे कि अपना हृदय विशाल बनाओ। स्व. वाजपेयी की पंक्तियां याद आती हैं- छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता और टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता। कार्यक्रम में विधायक मधुसूदन रेड्डी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित थे।

# एम.पी. ट्रांसको चलाएगी 'रोको-टोको' अभियान

## इंदौर की ट्रांसमिशन लाइनों में चायनीज मांझा फँसने से दो वर्षों में 13 बार बिजली बाधित

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने इंदौर शहर में ट्रांसमिशन लाइनों के नजदीक चायनीज मांझे से पतंग उड़ाने के कारण उत्पन्न होने वाली संभावित दुर्घटनाओं और विद्युत व्यवधानों पर अंकुश लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें सतर्क व सुरक्षित रखने के उद्देश्य से कंपनी इंदौर में विशेष ''रोको-टोको '' अभियान चलाएगी। एम.पी. ट्रांसको की कार्यपालन अभियंता श्रीमती नमृता जैन ने जानकारी दी कि पिछले दो वर्षों में इंदौर क्षेत्र में 13 बार ऐसी घटनाएं हुई हैं, जब पतंग के साथ चायनीज मांझा ट्रांसमिशन लाइन के संपर्क में आया, जिससे न केवल बिजली आपूर्ति बाधित हुई, बल्कि ट्रांसमिशन लाइनें क्षतिग्रस्त भी हुईं।



### चलाया जायेगा जागरूकता अभियान

रोको-टोको अभियान के तहत, एम.पी. ट्रांसको ने इंदौर के उन क्षेत्रों को चिन्हित किया है जहाँ बहुतायत में पतंग उड़ाई जाती हैं। इन संवेदनशील क्षेत्रों में नागरिकों से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर, बैनर और पी.ए. सिस्टम के माध्यम से भी लोगों को सचेत और सतर्क किया जाएगा, ताकि जान-माल की हानि रोकी जा सके और उपभोक्ताओं को व्यापक क्षेत्र में बिजली के अनावश्यक लंबे व्यवधान का सामना न करना पड़े।

### क्यों घातक है चायनीज मांझा

दरअसल, चायनीज मांझा, जो कि सामान्य सूती धागे से अलग होता है, विद्युत का सुचालक होने के कारण बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। ट्रांसमिशन लाइनों के संपर्क में आने पर यह न केवल बिजली आपूर्ति में व्यवधान डालता है, बल्कि जान-माल की हानि का कारण भी बन सकता है। इसमें मौजूद सामग्री के कारण करंट प्रवाहित हो सकता है, जिससे पतंग उड़ाने वाले और आसपास के लोगों को गंभीर खतरा होता है।

### इंदौर में ये क्षेत्र है संवेदनशील

इंदौर में जिन क्षेत्रों को चायनीज मांझा के साथ पतंग उड़ाने के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील माना गया है, उनमें मुख्य रूप से लिम्बोदी, मूसाखेड़ी, खजराना, महालक्ष्मी नगर, सुखलिया, गौरीनगर, बाणगंगा, तेजाजी नगर और नेमावर रोड शामिल हैं।



# तम्बाकू की लत छोड़ने टेबलेट का वितरण

**हटा (स्वतंत्र मत)।** सिविल अस्पताल हटा में तम्बाखू की लत छोड़ने टेबलेट का वितरण हुआ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। सीबीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल द्वारा अस्पताल पहुंचने वाले रोगियों और उनके सहायकों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया जा रहा है उनके निर्देशन में नशा से मुक्ति पाने निकोटिन टेबलेट का भी वितरण किया जा रहा है। गुरुवार को भी सिविल अस्पताल में डॉ मनीष बहेरिया द्वारा तम्बाखू के आदि हो चुके युवकों बुजुर्गों को निकोटीन टेबलेट का वितरण किया गया।

# शिविर में 337 विद्युत उपभोक्ता उपस्थित हुए

## 268 उपभोक्त ाओं की शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** दमोह वृत अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया गया कि मप्रपूक्षेविविकलि वृत कार्यालय परिसर दमोह में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जनसुनवाई शिविर में जिले के कुल 337 विद्युत उपभोक्ता उपस्थित हुए। जिनमें से 268 उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। दमोह वृत कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान ग्राम केरबना सरपंच एवं ग्रामवासियों द्वारा उनके ग्राम में वितरण ट्रांसफार्मर खराब होने संबंधी शिकायत अधीक्षण अभियंता के समक्ष उपस्थित होकर दर्ज की गई। जिसमें अधीक्षण अभियंता द्वारा आश्वासन दिया गया कि आपका वितरण ट्रांसफार्मर 9 दिसम्बर को बदल दिया जायेगा। इसके लिए ग्राम केरबना सरपंच द्वारा अधीक्षण अभियंता को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। वृत स्तरीय जनसुनवाई शिविर में ऐसे विद्युत उपभोक्ता जो वितरण केन्द्र/संभागीय कार्यालय द्वारा की गयी कार्यवाही से संतुष्ट नहीं होते हैं, उनकी शिकायतों का निराकरण वृत्त स्तर पर किया जाता है। जिसमें विद्युत उपभोक्ता सामान्य आवेदन में विद्युत देयकए विद्युत मीटर एवं विद्युत संयोजन संबंधी समस्याओं की शिकायत को जनसुनवाई में प्रस्तुत करते हैं।

# अवैध उत्खनन कर सड़क में किया जा रहा मिट्टी मुरम का उपयोग, खनिज अधिकारी मौन



पथरिया (स्वतंत्र मत)। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत नंदरई चौपरा पहाड़ से होते हुए वार्ड क्रमांक 13 पथरिया तक सड़क निर्माण किया जा रहा है लेकिन कंपनी/विभाग द्वारा निर्माण से संबंधित बोर्ड नहीं लगाया गया है और कुछ पुलियों निर्माण में डस्ट का भी उपयोग किया गया है। नंदरई में हुए अवैध उत्खनन और परिवहन की संपूर्ण जानकारी लोगों द्वारा खनिज अधिकारी को पिछले सप्ताह से दी गई लेकिन अर्थवर्क का कार्य लगभग पूर्ण होने की कगार पर है और अब तक जिम्मेदार अधिकारी मौके पर निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचे। वर्तमान में उत्खनन गायत्री शक्ति पीठ पहाड़ी के पीछे एक पुराने तालाब में किया जा रहा है और खनन व परिवहन की ठेकेदार के पास कोई अनुज्ञा नहीं है और ठेकेदार द्वारा किए गए अवैध उत्खनन की ताजा और मौजूदा खदाने सबूत हैं। लोगों द्वारा वाहन जप्त कर वसूली सहित कार्यवाही की मांग की जा रहीं है।

## पूर्व जिपं अध्यक्ष की पत्नी के नाम अवैध निर्माण पर लगी रोक

**हटा (स्वतंत्र मत)।** गांधी वार्ड बूढ़ा हटा में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल की पत्नी श्रीमती मायारानी पटेल के नाम राजस्व न्यायालय से स्थगन आदेश जारी किया गया है। श्री पटेल द्वारा प्राथमिक शाला बूढ़ा हटा सीएम राइज स्कूल से सटी भूमि पटवारी हल्का नंबर 60 खसरा नम्बर 31/11 रकवा 0.02 हेक्टेयर पर निर्माण की रिपोर्ट पटवारी द्वारा राजस्व न्यायालय में दी गई थी जिसमें उल्लेख किया गया था कि पहले निर्धारित भूमि से ज्यादा भूमि पर टीन शेड बनाया गया अब कॉलम खड़े कर पक्का किया जा रहा है जिस पर तहसीलदार ने स्थगन जारी कर 15 दिसम्बर को राजस्व न्यायालय में स्वामित्व और निर्माण अनुमति के दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। इस संबंध में पटवारी अनिल शुक्ला का कहना है कि अवैध निर्माण की रिपोर्ट दी गई थी जिस पर स्थगन हुआ है जो तामील करा दिया है स्कूल की भूमि के सीमांकन से वस्तु स्थिति पता लगेगी।

# दीक्षारम्भ, भारत की समृद्ध प्राचीन ज्ञान परम्परा है : परमार

## भाभा विश्वविद्यालय का दीक्षारंभ कार्यक्रम

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

भारत की ज्ञान परम्परा प्राचीन काल से ही सर्वश्रेष्ठ रही है। भारत की अपनी समृद्ध शिक्षा पद्धति थी। नालन्दा विश्वविद्यालय में संपूर्ण विश्व के लोग अध्ययन करने आते थे। भारत शिक्षा एवं स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में विश्वमंच पर सिरमौर था, विश्वगुरु की संज्ञा से सुशोभित था। संपूर्ण विश्व के लोग हमारे यहां शिक्षा एवं स्वास्थ्य लाभ अर्जित करने आते थे। अतीत के विभिन्न कालखंडों में योजनाबद्ध तरीके से, भारत की समृद्ध ज्ञान परम्परा को दूषित कर, हीन भावना भरने का कुत्सित प्रयास किया गया। भारत की अपनी समृद्ध ज्ञान परम्परा पर गर्व का भाव जागृत कर, इस भ्रांति और हीन भावना से मुक्त होने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने अपने पुरुषार्थ, गौरवशाली इतिहास और पूर्वजों के ज्ञान से प्रेरणा लेकर, पुनः भारत केंद्रित शिक्षा के माध्यम से, राष्ट्र के पुनर्निर्माण का सौभाग्यशाली अवसर दिया है। हमें गर्व के भाव के साथ भारतीय दृष्टि से हर क्षेत्र-हर विषय में विद्यमान परम्परागत भारतीय ज्ञान को पुनः विश्वमंच पर स्थापित करना होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के संकल्प को साकार करने का सशक्त माध्यम है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में, भारतीय ज्ञान परम्परा का पाठ्यक्रमों में समावेश किया जा रहा है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने गुरुवार को भाभा विश्वविद्यालय में, नवप्रवेशित विद्यार्थियों के दीक्षारम्भ के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर कही। मंत्री श्री परमार ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों के सार्थक एवं सफल दीक्षारंभ के लिए विश्वविद्यालय परिवार को भी शुभकामनाएं दी। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि दीक्षारम्भ भारत की समृद्ध प्राचीन ज्ञान परम्परा है, जो विद्यार्थी के जीवन



के सभी आयामों को परिपूर्ण बनाकर समाज, राष्ट्र और विश्व के कल्याण के लिए तैयार करती है। दीक्षारम्भ, भारत की प्राचीनतम ज्ञान परम्परा है, जो विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास, चरित्र निर्माण एवं आत्मबोध के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने पेड़, नदी, जल, सूर्य सहित समस्त प्राकृतिक ऊर्जा स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन की दृष्टि से, कृतज्ञता के भाव के साथ समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित परंपरा स्थापित की थी। यह कृतज्ञता का भाव, भारत की सभ्यता एवं विरासत है। पूर्वजों के इसी स्थापित परंपरागत ज्ञान के आधार पर, स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत पुनः विश्वमंच पर सिरमौर बनेगा। भारत वर्ष 2047 तक, खाद्यान्न एवं ऊर्जा के क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भर बल्कि विश्व के अन्य देशों की पूर्ति करने में सामर्थ्यवान बनेगा। इसके लिए हम सभी की संकल्पित सहभागिता एवं पुरुषार्थ की आवश्यकता है। युवाओं को हीन भावना से मुक्त होकर, भारत के कृतित्व एवं ज्ञान पर गर्व का भाव जागृत करने की आवश्यकता है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि संपूर्ण विश्व एक परिवार है, यह भारत का मूल मंत्र हैं। वसुधैव कुटुंबकम् के इस भारतीय दृष्टिकोण के साथ भारत विश्वमंच पर सिरमौर बनने की ओर अग्रसर है।

मंत्री श्री परमार ने विश्वविद्यालय परिसर में नवसृजित नक्षत्र वाटिका, नवग्रह वाटिका एवं पंच-पल्लव वाटिका का शुभारम्भ कर वाटिका में तुलसी का पौधा रोपित किया। मंत्री श्री परमार ने विश्वविद्यालय परिसर में फार्मेसी विभाग द्वारा संचालित इंटरप्रेन्योर केंद्र का अवलोकन कर, वहां निर्मित उत्पादों के विद्यार्थियों द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा के शोध आधारित लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन कर, उनके नवाचारों की जानकारी प्राप्त की और उनका उत्साहवर्धन किया।

मंत्री श्री परमार ने विश्वविद्यालय में बच्चों को मनो-अवसाद से मुक्त करने के लिए परामर्श देने के लिए तैयार एप अनलोड पिटारा का शुभारम्भ भी किया। विद्यार्थियों के स्वाभाविक कौशल को निखारने के लिए तैयार अभिव्यक्ति क्लब एवं एड मेड क्लब का भी शुभारंभ किया।

मप्र निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के सदस्य (प्रशासनिक) श्री महेश चंद्र चौधरी ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर, उत्कृष्ट शोध संस्कृति की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। दंत चिकित्सा विभाग के विद्यार्थियों के अधिष्ठापन के लिए, व्हाइट कोट सेरेमनी में व्हाइट कोट पहनाकर स्वर्णिम भविष्य के लिए प्रेरित कर, उत्साहवर्धन भी किया। दीक्षारम्भ के दो सप्ताह के इस शैक्षणिक अभिमुखीकरण कार्यक्रम में विद्यार्थियों के विश्वविद्यालय की शैक्षणिक संरचना, शोध अवसरों, नैतिक मूल्यों, केरियर अभिविन्यास तथा व्यक्तित्व विकास से संबंधित विविध सत्र होंगे। विभागवार आयोजित कार्यशालाओं, विशेषज्ञ व्याख्यानों तथा संवाद सत्रों ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के नए आयामों से अवगत कराया।


**पश्चिम मध्य रेल**

शुद्धिपत्र संख्या 47/2025

निविदा सं. 6130251554 जिसके खुलने की तिथि 18.11.2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/100/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है:-

| Tender No. & Short Description | Tender Opening date | |
|---|---|---|
| | From | To |
| 30251554 Description: सेट ऑफ़ नॉनएस्बेस्टस-बेस्ड आर्गेनिक ब्रेक pad. | 18.11.2025 | 19.12.2025 |

अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखें।

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक/पमरे/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर


# बस स्टैंड पर 30 वर्ष पूर्व निर्मित यात्री प्रतीक्षालय क्षतिग्रस्त

**हटा (स्वतंत्र मत)।** बस स्टैंड हटा पर 1996-98 की अवधि में विधायक निधि से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय हटाने की मांग उठने लगी है। नगर पालिका द्वारा प्रतीक्षालय के चारो ओर का अतिक्रमण हटाया तो इसमें आई दरारें स्पष्ट हुई। प्रतीक्षालय के छत की देखरेख न होने से छत पर छतिग्रस्त हो गई। वर्षाकाल में छत से सीपेज होता है, छत पर गाजर घास ने डेरा जमा लिया है। इस क्षतिग्रस्त यात्री प्रतीक्षलय का निर्माण तत्कालीन विधायक डॉ विजयसिंह राजपूत ने विधायक निधि की राशि से नगर पालिका के माध्यम से कराया था। शुरूआत में यह उपयोगी रहा, कुछ सालों से इसके चारो ओर टपरे रखकर बेजा कब्जा कर दिया गया जिससे इसकी देखरेख नही हो पाई और यह क्षतिग्रस्त हो गया।




**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

// तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | PRO-654 Date 11/12/2025 2025_UAD_467613_1 | संभाग क्रमांक-07 अंतर्गत सुभाषचंद्र बोस वार्ड में संजय नगर शासकीय पी.एस.स्कूल का मरम्मत एवं शौचालय मरम्मत एवं अन्य कार्य। | 04 माह 4.20 | 2,000/- 4200/- | 25/12/2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | Tender ID-2025_UAD-467297-1 PRO 633 Date 9/12/2025 | नगर निगम जबलपुर के वार्ड सरदार वल्लभ भाई पटेल में शिवाजी नगर मांडवा बस्ती की जर्जर मेन रोड, गली की सड़कों का निर्माण एवं नाली निर्माण कार्य। | 27.997/- लाख 04 माह | 5,000/- 21000/- | 09/01/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर

**कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भूखण्ड लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिव नगर दमोहनाका कालोनी जबलपुर में भूखण्ड क्र. 448 श्रीमति शशि तिवारी पति स्व. श्री गंगा प्रसाद तिवारी एवं श्री अलोक कुमार तिवारी पिता स्व. श्री गंगा प्रसाद तिवारी के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 28/07/2004 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है।उक्त भूखण्ड श्रीमति शशि तिवारी पति स्व. श्री गंगा प्रसाद तिवारी एवं श्री अलोक कुमार तिवारी पिता स्व. श्री गंगा प्रसाद तिवारी ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 24/12/2019 के माध्यम से श्री सुरेन्द्र कुमार जैन पिता श्री लक्ष्मी प्रसाद जैन एवं श्रीमति समता जैन पति श्री सुरेन्द्र कुमार जैन को विक्रय किया है। अतः श्री सुरेन्द्र कुमार जैन एवं श्रीमति समता जैन द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखंड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैध आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

**कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भूखण्ड लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिव नगर दमोहनाका कालोनी जबलपुर में भूखण्ड क्र. 803 श्री अशोक सोनी पिता श्री अनंतराम सोनी के नाम आवंटित है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 8/10/2024 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्री अशोक सोनी पिता श्री अनंतराम सोनी ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 11/11/2025 के माध्यम से श्रीमति रीता जैन पति श्री संदेश जैन को विक्रय किया है। अतः श्रीमति रीता जैन पति श्री संदेश जैन द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखंड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैध आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

**कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुरवा कालोनी जबलपुर में भवन क्र. एलआईजी-991 श्रीमति हेमलता वर्मा पति श्री पवन कुमार वर्मा के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 24/11/2017 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमति हेमलता वर्मा पति श्री पवन कुमार वर्मा ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 21/11/2023 के माध्यम से श्रीमति पूजा सोनी पति श्री नीलेश सोनी को विक्रय किया है। अतः श्रीमति पूजा सोनी द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतू दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखंड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैध आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

# कनपटी से सटाकर मारी 3 गोलियां दिन-दहाड़े रेत कारोबारी की हत्या

## खितौला में वारदात से मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस



मृतक के जीवित अवस्था का चित्र

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** खितौला थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर को रेत कारोबारी धर्मेन्द्र उर्फ चिंटू ठाकुर की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाईक से पहुंचे बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। जिन्होंने जाकर देखा तो चिंटू ठाकुर खून से लथपथ सड़क पर पड़ा था। क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चिंटू को उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार 42 वर्षीय धर्मेन्द्र उर्फ चिंटू ठाकुर पिता रणजीत सिंह ठाकुर गुरुवार दोपहर एक बजे के लगभग बारीबहु स्टेडियम से खितौला बाजार जाने के लिए निकला, इस दौरान पीछा करते हुए मोटर साइकल से आए बदमाशों ने चिंटू पर फायरिंग कर दी।

### रेत कारोबार को लेकर विवाद की आशंका

गोली लगते ही चिंटू सड़क पर गिरकर छटपटाने लगा। वहीं गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो देखा कि चिंटू सड़क पर खून से लथपथ हालत में पड़ा था, देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्र हो गई, जिन्होंने पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चिंटू को सिहोरा अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने जांच के बाद चिंटू को मृत घोषित कर दिया। चिंटू पर हमले की खबर मिलते ही सैकड़ों लोग सिहोरा अस्पताल पहुंच गए थे। पुलिस को पूछताछ के दौरान यह जानकारी लगी है कि चिंटू का कुछ लोगों से रेत के कारोबार को लेकर विवाद चल रहा था। इसके बाद से बदमाशों द्वारा चिंटू ठाकुर का पीछा किया जा रहा था, गुरुवार दोपहर बदमाशों ने मौका मिलते ही चिंटू की गोली मारकर हत्या कर दी।

# वृद्धा को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्रातंर्गत तेवर बर्ल्ड पार्क के समीप मेट्रों बस से उरतरकर रोड पार कर रहीं एक 62 वर्षीय वृद्धा को एक तेज रफ्तार वाहन के चालक ने रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस को शिल्पीनगर निवासी शेख हुसैन ने बताया कि उसकी सास रज्जो बी फेरी लगाकर गद्दे भरने का काम करती थी। जो कि बीते दिवस दोपहर को शिल्पीनगर से मेट्रों सिटी बस में सवार होकर काम से तेवर गई थी। जो कि बर्ल्ड पार्क के सामने बस से उतरकर रोड पार कर रहीं थी, तभी किसी अज्ञात वाहन के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए रज्जो बी को टक्कर मार दी। जिन्हें 108 एम्बूलेंस से उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने 62 वर्षीय रज्जो बी को चैक कर मृत घोषित कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरा दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# रत्न कुमारी देवी जन्मोत्सव पर कार्यशाला का आयोजन

## हितकारिणी महाविद्यालय देवताल गढ़ा में आज होंगे विविध कार्यक्रम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



रत्न कुमारी देवी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महाकौशल के विकास में महिलाओं की भूमिका विषय पर एक दिवसीय कार्यशला एवं परिचर्चा का आयोजन आज 12 दिसंबर को हितकारिणी महाविद्यालय देवताल गढा में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख शिक्षामित्र सामाजिक कार्यकर्ता तथा महिला नेतृत्व से जुड़ी हस्तियां सम्मिलित होगी कार्यशाला का उद्देश्य महाकौशल क्षेत्र में महिलाओं की आर्थिक सामाजिक शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक योगदान को रेखांकित करना है तथा युवा छात्राओं में नेतृत्व क्षमता को उत्साहित करना है

### महिला सशक्तिकरण से जुड़ा विशेष संवाद होगा आयोजित

कार्यक्रम में विचार विमर्श सत्र मोटिवेशनल व्याख्यान और महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़े विशेष संवाद आयोजित किए जाएंगे । महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि यह आयोजन गढा क्षेत्र में महिला विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा नई पीढ़ी को प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं स्थानीय नागरिकों और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति अपेक्षित है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पं नित्य निरंजन खंपरिया पूर्व विधायक सिहोरा एवं मुख्य अतिथि डॉ अल्केश चतुर्वेदी प्राचार्य प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस, विशिष्ट अतिथि डॉ रंजना मिश्रा और नमन अग्रवाल संयुक्त मंत्री हितकारिणी सभा रहेंगे ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से जीजा-साली की मौत, पत्नी गंभीर

## पाटन के गुरु पिपरिया क्षेत्र में हुआ दर्दनाक हादसा

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** पाटन थाना अंतर्गत गुरु पिपरिया के पास किसी अज्ञात वाहन ने एक मोटर सायकिल में टक्कर मार दी। जिससे बाईक में सवार युवक व उसकी साली की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं युवक की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी अनुसार बेलखेड़ा झलोन गांव का रहने वाला चंदन सिंह ठाकुर 28 वर्षीय अपनी पत्नी प्रीति बाई 25 वर्षीय, साली सेवती बाई 20 वर्षीय को मोटर सायकिल में बैठाकर जबलपुर इलाज के लिए ले जा रहा था। जैसे ही वे ग्राम गुरु पिपरिया के पास पहुंचे तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में वे उछल कर गिर गए। जीजा साली को अज्ञात वाहन रौंदता हुआ आगे बढ़ गया और उनकी मौत हो गई। वहीं प्रीति को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# वेतन निकालने के एवज में मांगी रिश्वत, लोकायुक्त ने दबोचा

## सहकारिता कार्यालय नरसिंहपुर का मामला

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

जबलपुर लोकायुक्त ट्रैप दल ने नरसिंहपुर में सहकारिता निरीक्षक को तीन हजार की घूस के साथ दबोचा है। ट्रैप दल ने दोनों मामलों में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। लोकायुक्त एसपी अंजुलता पटले ने बताया कि नरसिंहपुर गोटेगांव सहायक प्रबंधक सिमरिया 61 वर्षीय देवी तिवारी पिता रामप्रसाद तिवारी ने उसके एवं उसके कर्मचारियों का माह अक्टूबर-नवंबर का वेतन निकालने के एवज में संजय दुबे पिता स्व. हरप्रसाद दुबे उम्र 55 वर्ष पद सहकारिता निरीक्षकय प्रशासक कार्यालय उपायुक्त सहकारिता नरसिंहपुर निवासी सेंट्रल बैंक के पीछे छिंदवाड़ा रोड नरसिंहपुर द्वारा तीन हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। जिस पर जबलपुर लोकायुक्त ट्रैप दल ने उपायुक्त सहकारिता कार्यालय नरसिंहपुर में योजनाबद्व तरीके से आरोपी संजय दुबे को रंगे हाथ धर दबोचा। उक्त कार्रवाई मदल प्रभारी निरीक्षक शशिकला मस्कुले एवं ट्रैप दल जबलपुर लोकायुक्त की टीम शामिल रही।



South Avenue Mall | moviemagic | ruby moviemagic

ruby moviemagic EXPERIENCE RUBY WHERE CINEMATIC LUXURY AWAITS

| | |
|---|---|
| DHURANDHAR (HINDI) | 9:20 AM, 10:15 AM, 12:30 PM, 1:20 PM, 2:15 PM, 4:30 PM, 5:20 PM, 6:15 PM, 8:30 PM, 9:20 PM & 10:15 PM |
| KIS KISKO PYAAR KAROON 2 (HINDI) | 9:45 AM<br>ruby 11:20 AM, 2:00 PM, 4:30 PM,<br>ruby 7:10 PM & 9:45 PM |
| TERE ISHK MEIN (HINDI) | ruby 11:40 AM & 9:35 PM |
| AKHANDA 2 (HINDI) | THAANDAVAM - ruby 6:30 PM |
| SHOLAY (HINDI) | THE FINAL CUT - ruby 2:40 PM |

@moviemagic_jbp MOVIE MAGIC now with 5 BIG SCREENS

Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE

Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**